

लोक सभा अध्यक्ष ने विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन बनाने का आह्वान किया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्षः 18 अंकः 348 पृष्ठः 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group




## आदर्श विचार



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

## मन की बात



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं। -स्वामी विवेकानंद"

# अम्बेडकर के मुद्दे पर विपक्ष हुआ लामबंद

● विपक्ष के नेता भी इस मुद्दे को हाथ से नहीं जाना देना चाहते और शाह को घेरने के लिए तैयार

**हंगामा**

▶▶ लोकसभा और राज्यसभा में बुधवार को गृहमंत्री अमित शाह के बयान को लेकर हंगामा हुआ

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के मंगलवार को संविधान पर चर्चा के दौरान राज्यसभा में दिये गए बयान को आज विपक्ष ने लपक लिया। विपक्षी दल इसे तोड़-मरोड़ कर पेश कर रहे हैं और लामबंद होकर देशभर से प्रतिक्रिया दे रहे हैं तथा मोर्चा निकाल रहे हैं। लोकसभा और राज्यसभा में बुधवार को गृहमंत्री अमित शाह के बयान को लेकर हंगामा हुआ और दोनों सदनों में कामकाज नहीं हो पाया। विपक्षी दलों ने सदन के बाहर इस मुद्दे पर प्रदर्शन किया। आज सुबह संसद के मकर द्वार के बाहर कांग्रेस और अन्य दलों के नेताओं ने डॉ आंबेडकर की तस्वीर को हाथ में लेकर प्रदर्शन किया। उल्लेखनीय है कि कल गृह मंत्री अमित शाह ने संविधान पर चर्चा के दौरान कांग्रेस पर आरोप लगाया कि पार्टी ने कभी भी डॉ बाबा साहेब अम्बेडकर का सम्मान नहीं किया। उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस वोट बैंक के कारण अम्बेडकर-अम्बेडकर कर रही है। इस दौरान उन्होंन कहा, आंबेडकर, आंबेडकर, आंबेडकर बोलना फैशन हो गया है। इतना नाम भगवान का लेते तो स्वर्ग मिल जाता। उनके कल दिए बयान पर आज कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का कहना है कि अमित शाह के दिमाग में मनुस्मृति भरी है और वह बाबा साहेब आंबेडकर का सम्मान नहीं कर सकते लेकिन देश बाबा साहब के अपमान को नहीं सहेगा और अमित शाह को इस्तीफा देना होगा। कांग्रेस पार्टी अब इस मुद्दे पर देशभर में प्रदर्शन भी कर रही है। दिल्ली, हैदराबाद और जयपुर में पार्टी ने इसके खिलाफ प्रदर्शन किया। नेता विपक्ष राहुल गांधी का कहना है कि भाजपा हमेशा से आंबेडकर और उसकी विचारधारा के खिलाफ रही है। वह संविधान को खत्म करना चाहती है।

विपक्ष के नेता भी इस मुद्दे को हाथ से नहीं जाना देना चाहते और इस पर गृहमंत्री अमित शाह को घेरने के लिए तैयार हैं।



## शाह को मंत्रिमंडल से बर्खास्त करें पीएमः खरगे

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को अपने मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने की मांग करते हुए आरोप लगाया कि शाह ने दलित आइकॉन बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर का अपमान किया है। हालांकि भाजपा ने विपक्ष पर अमित शाह की टिप्पणी को तोड़-मरोड़ कर पेश करने का आरोप लगाया है। पत्रकार वार्ता में कांग्रेस अध्यक्ष एवं नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री मोदी से यह मांग की। इससे पहले उन्होंने 11 सेकेंड की एक वीडियो क्लिप दिखाई, जिसमें अमित शाह को यह कहते हुए दिखाया गया है,"आंबेडकर, आंबेडकर, आंबेडकर..., इतना नाम अगर भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता।"

## कांग्रेस खुद संविधान, आंबेडकर विरोधीः शाह



**टीम एक्श इंडिया**

**नई दिल्लीः केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह के राज्यसभा में संविधान पर चर्चा के दौरान डॉ. बीआर आंबेडकर को लेकर दिए बयान पर सियासत गरमा गई है। विपक्ष लगातार शाह से इस्तीफा मांग रहा है। अब गृह मंत्री ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि दोनों सदनों में संविधान की गौरव गाथा पर चर्चा होनी थी। संसद में जब चर्चा होती है तो एक बात कॉमन होती है कि तथ्यों पर बात होनी चाहिए। मगर कांग्रेस कल से तथ्यों को तोड़-मरोड़कर पेश कर रही है। यह निंदनीय है। उन्होंने शुरूआत में कहा, 'विगत सप्ताह में संसद में लोकसभा और राज्यसभा में संविधान को स्वीकार किए हुए 75 साल के मौके पर संविधान की रचना, संविधान निमार्ताओं के योगदान और संविधान में प्रस्थापित किए गए आदर्शों पर एक गौरवमयी चर्चा का आयोजन हुआ। इस चर्चा में 75 साल की देश की गौरव यात्रा, विकास यात्रा और उपलब्धियों की भी चर्चा होनी थी।

## खोदाई के नाम पर भाईचारे को खत्म कर रही भाजपा सरकारः अखिलेश

**सहारनपुरः** उत्तर प्रदेश में मस्जिदों में खोदाई के सवाल पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि खोदने से भाईचारा खत्म हो रहा है। भाजपा सरकार जान बूझकर ऐसा कर रही है। अखिलेश यादव हवाई जहाज से लखनऊ से सरसवा एयरपोर्ट पहुंचे, जहां से बाय रोड अंबाला रोड स्थित एक बैंक्वेट हॉल में आयोजित शादी समरोह में शामिल हुए। यहां करीब 25 मिनट ठहरने के बाद उन्होंने मीडियाकर्मियों से बात की। इसके बाद वह पूर्व विधायक विरेंद्र ठाकुर के जैन कॉलेज रोड स्थित निवास पर पहुंचे, जहां करीब 20 मिनट तक रुके।

## जेपीसी में प्रियंका गांधी के नाम का प्रस्ताव देगी कांग्रेस

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** एक देश एक चुनाव विधेयक पर विस्तृत चर्चा के लिए जेपीसी का गठन किया जा रहा है। इस जेपीसी में कांग्रेस, प्रियंका गांधी के नाम का प्रस्ताव दे सकती है। प्रियंका गांधी के अलावा इस समिति में मनीष तिवारी, सुखदेव भगत रणदीप सुरजेवाला के नाम की भी चर्चा है। गौरतलब है कि केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने मंगलवार को लोकसभा में एक देश एक चुनाव विधेयक पेश किया था।

**जेपीसी में 31 सदस्य होंगे**

सहमति के बाद इस विधेयक को विस्तृत चर्चा के लिए संसद की संयुक्त समिति के पास भेजा गया है। अब जेपीसी गठन की तैयारी शुरू हो गई है। रिपोर्ट्स के अनुसार, जेपीसी में 31 सांसद शामिल हो सकते हैं, जो विधेयक की समीक्षा करेंगे। 31 सदस्यों में से 21 सदस्य लोकसभा से और 10 सांसद राज्यसभा से होंगे।



**समीक्षा करेंगे**

▶▶ रिपोर्ट्स के अनुसार, जेपीसी में 31 सांसद शामिल हो सकते हैं, जो विधेयक की समीक्षा करेंगे

गठन के बाद 90 दिनों के भीतर समिति को अपनी रिपोर्ट सौंपनी होगी। हालांकि समयसीमा को बढ़ाया भी जा सकता है। टीएमसी की तरफ से कल्याण बनर्जी, साकेत गोखले को जेपीसी में शामिल करने का प्रस्ताव दिया गया है।

## बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफीः बारिश ने ड्रा कराया टेस्ट

**ब्रिसबेनः** लगातार रूक रूक कर हो रही बारिश के कारण भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का तीसरा टेस्ट मैच ड्रॉ पर समाप्त हुआ। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने दूसरी पारी 89/7 पर पारी घोषित करने और भारत को 275 रनों के लक्ष्य का पीछा करने के लिए आमंत्रित किया। जवाब में भारतीय टीम बिना किसी नुकसान के 8 रन बना लिये थे तभी बारिश शुरू हो गई। काफी देर इंतजार करने के बाद जब बारिश नहीं रूकी तो मैच को समाप्त घोषित कर दिया गया, परिणाम स्वरूप मैच ड्रा हो गया।



शीतकालीन सत्र के दौरान नई दिल्ली के संसद भवन परिसर में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी मीडिया से मुखातिब होते हुए।

## रविचंद्रन अश्विन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

**ब्रिसबेनः** भारतीय अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने ब्रिस्बेन में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी श्रृंखला के तीसरे टेस्ट के समापन के बाद तत्काल प्रभाव से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। ब्रिसबेन टेस्ट के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में अश्विन ने कहा, "यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सभी प्रारूपों में भारतीय क्रिकेटर के रूप में मेरा आखिरी साल होगा। मुझे लगता है कि एक क्रिकेटर के रूप में मुझमें अभी भी कुछ दमखम बाकी है, लेकिन मैं इसे व्यक्त करना चाहता हूं।

## नौसेना को मिला 'निर्देशक' सर्वेक्षण पोत

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** भारतीय नौसेना को आज सर्वेक्षण पोत 'निर्देशक' मिल गया, जो हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की सामरिक उपस्थिति को सशक्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।



जीआरएसई कोलकाता में निर्मित इस पोत में 80 फीसदी से अधिक स्वदेशी सामग्री इस्तेमाल की गयी है, जिससे जहाज के डिजाइन और निर्माण में भारत के आत्मनिर्भर होने की पुष्टि होती है। लगभग 3800 टन भार वाला 110 मीटर लंबा यह जहाज दो डीजल इंजनों से संचालित है और अत्याधुनिक हाइड्रोग्राफिक तथा समुद्र विज्ञान सर्वेक्षण उपकरणों से लैस है। विशाखापत्तनम स्थित नौसेना डॉकयार्ड में बुधवार को रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की मौजूदगी में नौसेना में शामिल किये गए सर्वेक्षण पोत 'निर्देशक' का यह एक तरह पुनर्जन्म है, क्योंकि पूर्ववर्ती 'निर्देशक' की 32 वर्षों तक भारतीय नौसेना में विशिष्ट सेवाएं देने के बाद 19 दिसंबर, 2014 को विदाई दे दी गई थी।

## किसान सीधे अपनी मांग लेकर आएः सुप्रीम कोर्ट

**दरवाजे खुले**

▶▶ सुप्रीम कोर्ट को बताया गया कि किसानों ने समिति से बातचीत से इनकार कर दिया है

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ः** पंजाब और हरियाणा के बीच शंभू बॉर्डर खोलने के मुद्दे पर बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान सवाल किया कि पिछली सुनवाई में किसानों को उच्चाधिकार प्राप्त समिति से बातचीत के लिए कहा गया था। क्या बातचीत हुई है। सुप्रीम कोर्ट को बताया गया कि किसानों ने समिति से बातचीत से इनकार कर दिया है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा- किसी भी मांग के लिए अदालत के दरवाजे हैं खुले है। किसान उसके पास आए।सुप्रीम कोर्ट अब गुरुवार को इस मामले में सुनवाई करेगा। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्जल भुइयां की बेंच में सुनवाई हुई। पिछली तारीख में कोर्ट ने उच्चाधिकार समिति से किसानों के विरोध को अस्थायी रूप से स्थानांतरित या निलंबित करने के लिए मनाने को कहा था।. सुनवाई के दौरान जस्टिस सूर्यकांत ने पूछा कि हमारे आदेश के बाद क्या हुआ? किसानों ने अदालत द्वारा गठित समिति के साथ बातचीत करने से इनकार कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि किसानों द्वारा सीधे या उनके अधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से किसी भी सुझाव या मांग के लिए अदालत के दरवाजे हमेशा खुले हैं। पंजाब एजी गुरमिंदर सिंह ने कहा कि आपके आदेश के बाद, डल्लेवाल (आमरण अनशन पर बैठे किसान नेता) के साथ एक विस्तृत चर्चा हुई लेकिन वह चिकित्सा परीक्षण से इनकार कर रहे हैं. उनके शरीर के सभी अंग ठीक हैं.सुप्रीम कोर्ट की कमेटी की रिपोर्ट में बड़ा दावा, रद्द कृषि कानून से 86 फीसदी किसान संगठन थे खुश।



जस्टिस कांत ने कहा कि सरकार के साथ मतभेद हो सकते हैं, लेकिन उन्हें आंदोलन करने के लिए स्वस्थ होना होगा। सुप्रीम कोर्ट ने आदेश में कहा कि डल्लेवाल 20 दिनों से अधिक समय से अनशन पर हैं। यह कहा गया है कि उनके साथ चर्चा की गई है उन्हें अपेक्षित, तत्काल चिकित्सा सहायता सुनिश्चित करने के प्रयास चल रहे हैं।

## उत्तराखंड में जनवरी 2025 से लागू होगा यूनिफॉर्म सिविल कोड

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादूनः** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड में जनवरी 2025 से समान नागरिक संहिता लागू हो जाएगी। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बुधवार को सचिवालय में उत्तराखंड निवेश और आधारिक संरचना विकास बोर्ड (यूआईआईडीबी) की बैठक के दौरान सीएम धामी ने कहा कि प्रदेश सरकार अपने संकल्प के अनुसार, समान नागरिक संहिता लागू करने की दिशा में होमवर्क पूरा कर चुकी है। सीएम धामी ने कहा कि मार्च 2022 में प्रदेश में नई सरकार बनने के बाद मंत्रिमंडल की पहली बैठक में ही प्रदेश में समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए एक विशेषज्ञ समिति, गठित करने का निर्णय लिया गया था। इस क्रम में सेवानिवृत्त न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय विशेषज्ञ समिति का गठन किया गया। समिति की रिपोर्ट के आधार पर 07 फरवरी, 2024 को राज्य विधान सभा से समान नागरिक संहिता विधेयक 2024 पारित किया गया। इस विधेयक पर महामहिम राष्ट्रपति की सहमति मिलने के बाद 12 मार्च, 2024 को इसका नोटिफिकेशन जारी किया गया।



# मन्नत ने पहली हरियाणा किड्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जीता गोल्ड

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत:** राज्य किड्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2024 का आयोजन सोनीपत के सीआरए कॉलेज के एथलेटिक्स मैदान में किया गया। सत्यवीर धनखड़ के अनुसार एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ( एएफआई) के प्लानिंग कमेटी के चेयरमैन डॉक्टर ललित के भनोट के द्वारा प्रतियोगिता करवाई गई। जिसका उद्देश्य सम्पूर्ण भारतवर्ष के सभी राज्यों में प्रतिभावान खिलाड़ी खोजा था। सत्यवीर धनखड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि मन्नत गडतान ने शॉट पुट बैक थ्रो में



9 मीटर 70 सेंटीमीटर की बेहतरीन थ्रो कर स्वर्ण पदक विजेता बन अपने विद्यालय और जिले का नाम रौशन किया। स्वर्ण पदक विजेता मन्नत गडतान ने बताया कि उसके पिता संदीप गडतान विराट नगर में स्थित लाल पथ लैब पानीपत में डॉक्टर के पद पर कार्यरत हैं और उनकी माता गृहणी हैं एवं बड़ा भाई विवान गडतान 10वीं कक्षा का छात्र है। मन्नत गडतान के स्वर्ण पदक विजेता बनने पर स्कूल के प्रिंसिपल मधु पाराशर और पीटी आई बबीता ने पदक जीतने की बधाई देते हुए भविष्य में और भी अच्छा खेल प्रदर्शन का आशीर्वाद प्रदान किया। एम के मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में छठी की छात्रा है। मन्नत गडतान के स्वर्ण पदक विजेता बनने पर स्कूल के प्रिंसिपल मधु पाराशर और पीटी आई बबीता ने पदक जीतने की बधाई देते हुए भविष्य में और भी अच्छा खेल प्रदर्शन का आशीर्वाद प्रदान किया।

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **कृष्णा गर्ग पुत्र रवी गर्ग पताः मकान नं. आरजेडएच–70, गली नं.9, रघु नगर निकट डाबरी मोड, दिल्ली ने एफआईआर संख्या 455/2018 धारा 356/379/34 भा.द.स. के तहत** थानाः जनकपुरी दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **कृष्णा गर्ग** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **कृष्णा गर्ग** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर संख्या 455/2018 धारा 356/379/34 भा.द.स. के तहत थाना जनकपुरी, दिल्ली के उक्त कृष्णा गर्ग** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **20.01.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
हरजोत सिंह ओजला
न्यायिक मजिस्ट्रेट, प्रथम श्रेणी–11
साउथ–वेस्ट जिला, कोर्ट नं.05
द्वारका कोर्ट, नई दिल्ली

DP/16514/WD/2024

## उत्तर रेलवे

### निविदा सूचना

उप. मु. सिग. एवं दू. सं. अभि./नि./पी. स./नई दिल्ली, भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निर्धारित प्रपत्र पर सील्ड ई–निविदा (एकल प्रणाली) निम्नलिखित कार्य के लिए IREPS की वेबसाइट पर आमंत्रित कर रहे है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम एवं स्थान | चिपियाना बुजुर्ग (हॉल्ट) स्टेशन पर अंसाल्डो मेक ईआई में संशोधन/परिवर्तन के लिए एस और टी कार्य (इंडोर और आउटडोर) आईसीडब्ल्यू डीएलआई डिवीजन के जीजेडबी–टीडीएल पर एल–एक्सिंग नंबर 152–ए और 152–बी के बदले आरओबी का निर्माण और अंसलदो में संशोधन/परिवर्तन के लिए एस और टी कार्य (इनडोर और आउटडोर) उकलाना स्टेशन आईसीडब्ल्यू पर ईआई बनाते हैं। उत्तर रेलवे के यूएमबी डिवीजन के (ओएचई 33/20+34/1) के बीच मानवयुक्त एलसी संख्या बी–25/2 के स्थान पर आरओबी का निर्माण। |
| 2 | पूरा होने की अवधि | एलओए जारी होने की तारीख से 09 महीने |
| 3 | कार्य की अनुमानित लागत | रु. 1.26 करोड़ |
| 4 | धरोहर राशि | रु. 2,13,000/– (दो लाख तेरह हजार मात्र) (केवल ऑन लाइन जमा किया जाना है) |
| 5 | स्थान जहाँ से निविदा फार्म खरीदा जा सकता है | उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज IREPS की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर 20.12.2024 to 13.01.2025 के बीच 11:30 बजे तक उपलब्ध रहेंगे। |
| 6 | निविदा फार्म जमा करने की आखिरी तारीख एवं समय | उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज फार्म 13.01.2025 upto 11:30 AM तक IREPS वेबसाइट पर जमा कराये जा सकते हैं। |
| 7 | निविदा खुलने की तारीख एवं समय | ई–निविदा दिनांक 13.01.2025 at 11.:30 बजे खोला जाएगा। |

सं.: 570–सिग–पी.स.–निविदा–133 दिनांक: 18.12.2024 3876/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

सं.: MCF-RBL0PERS(Gaz.)/16/2024 दिनांक: 13.12.2024

### संकेतिक नोटिस

विषयः आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में 04 सेवानिवृत्त रेलवे अधिकारी के Re-engagement के संबंध में।

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, लालगंज, रायबरेली, के यांत्रिक विभाग में सेवानिवृत रेलवे अधिकारी के Re-engagement हेतु 04 (चार) रिक्त पदों के सापेक्ष आवेदन मांगे गए है। जिसकी अंतिम तिथि 12.01.2025 है। इच्छुक उम्मीदवार अपना आवेदन दिनांक 12.01.2025 से पूर्व वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी/राज. को भेजना सुनिश्चित करें।

नोटः इस सूचना से संबंधित विस्तृत जानकारी एवं निबंधन की शर्तों हेतु आरेडिका की वेबसाइट **www.mcf.indianrailways.gov.in** पर देखें।

कृते महाप्रबंधक/कार्मिक

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## प्रदेश स्तर पर दीक्षा ने 100 मीटर रेस में जीता स्वर्ण



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर ।** समाज कल्याण स्कूल बजाना कला की छात्रा दीक्षा ने हाल ही में हरियाणा आपन किड्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 100 मीटर रेस में स्वर्ण पदक जीता। दीक्षा पहले जिला स्तर पर प्रथम स्थान पर आई थी। अब प्रदेश स्तर पर अपने शानदार प्रदर्शन से स्वर्ण पदक जीता। स्कूल में दीक्षा का जोरदार स्वागत किया गया। स्कूल के संस्थापक बिजेंद्र कादियान और सभी स्टाफ सदस्यों ने दीक्षा को धनराशि देकर सम्मानित किया। बिजेंद्र कादियान ने कहा कि दीक्षा ने पदक जीत कर स्कूल के साथ-साथ अपने गांव पुगथला का भी नाम रोशन किया है।

## जन्म प्रमाण पत्र में नाम भरवाने का मौका 31 दिसंबर तक

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर ।** जन्म प्रमाण पत्र के लिए नगरपालिका रिकार्ड में यदि 15 साल से अधिक नाम का कालम खाली है, तो इसे भरवाने का अवसर 31 दिसंबर 2024 तक है। सरकार ने जन्म प्रमाण पत्र में नाम के कालम को भरवाने के लिए विशेष छूट दी है। अब वे लोग भी नाम जोड़वा सकेंगे जिनका जन्म का रिकार्ड 15 साल से अधिक पुराना है और नाम का कालम खाली पड़ा हुआ है। यह प्रक्रिया सरल केंद्र के माध्यम से आनलाइन की जा सकती है। नगरपालिका सचिव पवित्र गुलिया ने बताया कि इस प्रक्रिया के लिए माता-पिता की अंडरटेकिंग और उनके आधार कार्ड की फोटो कापी आवश्यक




होगी। इसके अलावा, जिस व्यक्ति का नाम भरवाना है, उसका स्कूल प्रमाण पत्र भी जरूरी होगा। स्कूल प्रमाण पत्र में दी गई जन्मतिथि को बर्थ सर्टिफिकेट से मेल खाना चाहिए। यदि दोनों दस्तावेजों में जानकारी मेल खाती है, तो ही नाम जोड़ने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। पहले केवल 15 साल तक के जन्म प्रमाण पत्र

**विशेष छूट**

सरकार ने जन्म प्रमाण पत्र में नाम के कालम को भरवाने के लिए विशेष छूट दी है।

में नाम जोड़ा जा सकता था, लेकिन अब यह सीमा हटा दी गई है। अब जिनके सर्टिफिकेट में नाम नहीं लिखा गया था, वे भी इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं। पहले भी दिया था मौका जन्म रिकार्ड में नाम दर्ज करवाने के लिए सरकार ने इससे पहले भी अधिसूचना जारी कर मौका दिया था, लेकिन लोग गंभीर नहीं हुए।

## उत्तर रेलवे

### निविदा सूचना

उप मुख्य इंजीनियर/निर्माण, उत्तर रेलवे, रोहतक रोड़, शकूरबस्ती, दिल्ली-56, भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिये निर्धारित प्रोफार्मा पर एक पैकेट प्रणाली में ई–खुली निविदाएँ आमंत्रित की जाती है।

**कार्य का नाम :** उप मुख्य अभियंता/निर्माण/शकूरबस्ती के अधीन नई दिल्ली–पलवल सेक्शन पर किमी 1504/12-14 पर रेलवे लेवल क्रॉसिंग संख्या 576 पर रोड अंडर ब्रिज (बॉक्स 8x6 मीटर) का निर्माण।

**अनुमानित लागत :** रु. 802.60 लाख

**धरोहर राशि :** रु. 5,51,300/-

**कार्य पूरा करने की अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी होने के 12 माह के अन्दर।

**रेलवे की वैबसाईट पर निविदा की बिक्री एवं उपलब्धता :** निविदा दस्तावेज दिनांक 27.12.2024 से 10.01.2025 तक समय 11.30 तक उपलब्ध रहेगें।

**निविदा अपलोड करने की दिनांक/समय :** निविदाकर्ता दिनांक 27.12.2024 से 10.01.2025 समय 11.30 वैबसाईट से अपलोड कर सकते हैं।

**निविदा के खुलने की तिथि एवं समय :** निविदा अपलोड करने के तुरन्त पश्चात दिनांक 10.01.2025 को 11.30 तक

सं.: 403-एकाउन्टस/निर्माण/शकूरबस्ती दिनांक: 16.12.2024 3874/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

### ई–निविदा सूचना

वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क.वि., डी.आर.एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदाये आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | जीजेडबी–एसआरई अनुभाग की स्काडा प्रणाली का चार वर्ष की अवधि के लिए वार्षिक रखरखाव अनुबंध (एएमसी)। |
| 2 | अनुमानित लागत | Rs. 62,40,699.36/- |
| 3 | बयाना राशि | Rs. 1,24,800/- |
| 4 | ई–निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि | 30.12.2024 (10.30 बजे) से 13.01.2025 (15.00 बजे तक) |
| 5 | ई–निविदा समापन की अंतिम तथा ई–निविदा खुलने की तारीख और समय | 13.01.2025 (15.00 बजे) |
| 6 | निविदा छपाई की लागत | 08061032 |
| 7 | वेबसाइट विवरण जहा निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in |

निविदा संख्या : 41-क.वि.-नई दिल्ली-2024-25 दिनांक : 18.12.2024 3878/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## पहले ईमेल में ग्रेटर नोएडा के इस स्कूल को मिली बम की धमकी

**ग्रेटर नोएडा :** ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित पैसिफिक वर्ल्ड स्कूल में मेल के माध्यम से बम होने की सूचना मिली। बम की सूचना मिलने पर स्कूल प्रबंधन में हड़कंप मच गया। प्रबंधन की ओर से इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची पर स्कूल की तलाश ली। पैसिफिक वर्ल्ड स्कूल की प्रधानाचार्य पूजा बोस ने बताया कि स्कूल को एक अज्ञात ईमेल आईडी से फर्जी बम की धमकी मिली थी। जिस एड्रेस से मेल आई थी। उसी ई-मेल ने कबूल किया कि यह एक नकली मेल था।

## खेड़ी गुज्जर में शामलात भूमि पर अवैध कब्जा

**गन्नौर ।** खेड़ी गुज्जर गांव में ग्राम पंचायत की शामलात भूमि पर अवैध कब्जा हटवाने और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी ने थाना गन्नौर में शिकायत दी है। शिकायत पर अब पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी अनुसार खेड़ी गुज्जर गांव के रामनिवास ने सीएम पोर्टल पर शिकायत दे कर गांव के राजू और सेठपाल पर पंचायत की भूमि पर अवैध कब्जा कर फसल उगाने का आरोप लगाया था। ग्राम पंचायत ने इसे सार्वजनिक नीलामी से छुड़वाया था।

## उत्तर रेलवे

### निविदा सूचना

उप0 मु0 सिग0 एवं दू0 सं0 अभि0/नि0/पी0 स0/नई दिल्ली, भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निर्धारित प्रपत्र पर सील्ड ई–निविदा (एकल प्रणाली) निम्नलिखित कार्य के लिए IREPS की वेबसाइट पर आमंत्रित कर रहे है।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम एवं स्थान | GZB-SRE अनुभाग किमीः 68/5–7 21 पर LC-27 में S&T कार्य (Indoor और Outdoor) संशोधन/परिवर्तन, GZB-SRE अनुभाग किमीः 69/19–21 पर LC-28 के स्थान पर RUB/LHS का निर्माण के लिए S&T कार्य (Indoor और Outdoor) के लिए मेरठ कैंट स्टेशन पर EI में संशोधन/परिवर्तन (Make मेधा), GZB-SRE अनुभाग किमी 70/17–19 पर LC-29 में संशोधन/परिवर्तन, DLI-MSQL-SRE अनुभाग में किमी 31/8–9 पर LC-28 3 Lane ROB का निर्माण के लिए S&T कार्य (Indoor और Outdoor) बागपत रोड स्टेशन पर EI में संशोधन/परिवर्तन (Make मेधा), ROK-RE अनुभाग किमी 47/860 पर LC-26 के बदले 2 Lane ROB में S&T कार्य (Indoor और Outdoor) संशोधन/परिवर्तन, DLI-BTI अनुभाग किमी 197/25–27 पर डबल स्टैक कंटेनर लोड की आवाजाही के लिए ROB 256-ए का ऊंचाई बढ़ाना। |
| पूरा होने की अवधि | एलओए जारी होने की तारीख से 09 महीने |
| कार्य की अनुमानित लागत | रु. 1.68 करोड़ |
| धरोहर राशि | रु. 2,34,100/– (दो लाख चौंतीस हजार एक सौ रूपये मात्र) (केवल ऑन लाइन जमा किया जाना है) |
| स्थान जहाँ से निविदा फार्म खरीदा जा सकता है | उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज IREPS की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर 20.12.2024 to 13.01.2025 के बीच 11.30 बजे तक उपलब्ध रहेंगे। |
| निविदा फार्म जमा करने की आखिरी तारीख एवं समय | उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज फार्म 13.01.2025 upto 11.30 AM तक IREPS वेबसाइट पर जमा कराये जा सकते है। |
| निविदा खुलने की तारीख एवं समय | ई–निविदा दिनांक 13.01.2025 at 11.30 बजे खोला जाएगा। |

संख्याः 570–सिग–पी0स0–निविदा–132
दिनांक : 18.12.2024 3875/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

### निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य कार्यशाला प्रबंधक कार्यालय, रेल कोच नवीनीकरण कारखाना, सोनीपत, उत्तर रेलवे, निम्लखित कार्य के लिए ई–निविदा करते हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| निविदा सं. | निविदा सं. 275635 | | |
| कार्य का नाम और कार्य स्थान | "आरसीएनके/एसएनपी में एमएलआर शेड्यूल के दौरान एलएचबी कोचों में जंग की मरम्मत और अगले हिस्से का प्रतिस्थापन।" | | |
| अनुमानित लागत | ₹3,50,64,508/- जीएसटी @18% सहित | | |
| बयाना राशि | ₹3,25,300/- | निविदा फॉर्म का मूल्य | शून्य |
| कार्य अवधि | | अवधि कार्य आरंभ होने से बारह महीने | |
| निविदा प्रपत्र जमा करने की तथा खुलने की तिथि व समय | | दिनांक 08.01.2025 खुलने का समय 15:00 बजे | |
| निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने के लिए इंटरनेट साइट | | उपरोक्त निविदा IREPS साईट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। | |

यदि हिन्दी व इंग्लिश के नोटिस में कोई विरोधाभास है, तो इंग्लिश का नोटिस ही मान्य होगा।

निविदा संख्याः 275635 दिनांक 17.12.2024 3869/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

### ई–निविदा सूचना

| क्र0 सं0 | निविदा संख्या | कार्य का विवरण | निविदा खुलने की तिथि तथा समय | अनुमानित लागत रुपये | धरोहर राशि रुपये | कार्य पूरा करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ओ.टी–18/2024-25 | सिगनलिंग वर्क इन कनेक्शन वित सी टी आर/टी आर आर/टी डब्लू अस इन हिसार – जाखल – भटिंडा सेक्शन ऑफ अम्बाला डिवीजन। | 13.01.2025 at 15.00 hrs. | 5134065.45 | Rs.102700 | 180 दिन |
| 2 | ओ.टी–19/2024-25 | सिगनलिंग वर्क इन कनेक्शन वित टी. टी. आर (टी डब्लू एस) – 113 सेट्स, टी टी आर (डब्लू सी एम एस सी) – 51 सेट्स, टी. टी. आर (एफ एस + टी.डब्लू.एस + डब्लू.सी.एम.एस.सी) – 9 सेट्स एंड टी.टी.आर. (टी.डब्लू.एस + सी.एम.एस.सी) – 4 सेट्स इन सिरहिन्द – दोलतपुर, राजपुरा – भटिंडा, लुधियाना–धुरी, धुरी–जाखल, जाखल–हिसार सेक्शन ओवर अंबाला डिवीजन। | 13.01.2025 at 15.00 hrs. | 85251432.30 | Rs. 576300 | 270 दिन |
| 3 | ओ.टी–20/2024-25 | एस एंड टी वर्क इन कनेक्शन वित कंस्ट्रक्शन ऑफ लएचएस एट एल–सिंग नं. सी–82 इन फतूही यार्ड इन बठिंडा श्री गंगा नगर सेक्शन ऑफ अम्बाला डिवीजन। | 13.01.2025 at 15.00 hrs. | 2032164.48 | Rs. 40700 | 180 दिन |

नोट :– 1. वरि0 मंडल सिग0 एवं टेली0 इंजी0/उ0रे0, डी0आर0एम0 ऑफिस, रेल विहार, अम्बाला छावनी के द्वारा इच्छुक निविदाकारों से उपरोक्त संदर्भित कार्यों हेतु खुली निविदा दर्शायी गयी तिथि अनुसार 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदाकारों के द्वारा सभी आवश्यक दस्तावेज की स्कैन प्रतिलिपि अपलोड करें। 2. टैन्डर डाकूमैंटस व निविदा सूचना की विस्तृत जानकारी के लिए रेलवे वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर लाग ऑन करें। 3. निविदाकारों को ई–टेण्डरिंग में भाग लेने के लिए उनके पास क्लास–III डिजीटल सिगनेचर सर्टिफिकेट होना चाहिए तथा उन्हें उपरोक्त साइट पर रजिस्टर्ड होना आवश्यक है। निविदाकारों से निवेदन है कि टैन्डर नोटिस और टैन्डर डाकूमेन्टस में दी गई हिदायतों/शर्तों इत्यादि को टैन्डर डालने से पहले भली भांति पढ़ लें।

संख्या : एस.डब्लयू/सिग/अम्बाला/एन०आई०टी–07/2024–25 दिनांकः– 16.12.2024 3868/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा–ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा–ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े–लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेंगे। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कहीं खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करें।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कहीं खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करें।


# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।




# बुजुर्गों के लिए 'संजीवनी योजना' का ऐलान

## इसमें 60 साल से ज्यादा उम्र के सभी नागरिकों का मुफ्त इलाज होगा। इसमें कोई लिमिट या श्रेणी नहीं है: केजरीवाल

**एलान**

**आज जो मैं बुजुर्गों के लिए स्कीम का एलान कर रहा हूं वो इतिहास में कभी नहीं हुआ**






**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को बुजुर्गों के लिए संजीवनी योजना का ऐलान किया है। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में दोबारा सरकार बनने के बाद बुजुर्गों के लिए दिल्ली सरकार संजीवनी योजना लेकर आएगी। इसमें 60 साल से ज्यादा उम्र के सभी नागरिकों का मुफ्त इलाज होगा। इसमें कोई लिमिट या श्रेणी नहीं है। दिल्ली में आम आदमी पार्टी के सरकार बनने के बाद यह योजना लागू होगी। संजीवनी योजना का ऐलान करते हुए केजरीवाल ने कहा कि आज जो मैं बुजुर्गों के लिए स्कीम का एलान कर रहा हूं वो इतिहास में कभी नहीं हुआ। हम बुजुर्गों का बहुत सम्मान करते हैं। आपने देश को आगे बढ़ाने के लिए बहुत काम किया है। अब हमारी बारी है। केजरीवाल ने कहा कि हमने श्रवण कुमार से प्रेरित होकर बुजुर्गों के लिए मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना की शुरूआत की। अभी तक तकरीबन 1 लाख बुजुर्ग इस योजना का लाभ उठा चुके हैं। देश के सभी तीर्थ स्थलों पर भेजा जाता है। सारा खर्चा दिल्ली सरकार उठाती है। अरविंद केजरीवाल ने आगे कहा कि जैसे जैसे उम्र बढ़ती है 100 बीमारियां घेर लेती है, फिक्र होती है कि इलाज कैसे करेंगे। कई बार बच्चे मां बाप का ख्याल नहीं रखते। जैसे लक्षण जी संजीवनी बूटी लेकर आए थे। वैसे ही दिल्ली में सरकार बनने के बाद बुजुर्गों के लिए दिल्ली सरकार संजीवनी योजना लेकर के आएगी। इसमें मुफ्त इलाज होगा। कोई लिमिट या श्रेणी नहीं है।

### बीएस 3 पेट्रोल, बीएस 4 डीजल कारों पर प्रतिबंध के बीच जांच हुई तेज

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली ट्रैफिक** पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी में बीएस 3 पेट्रोल और बीएस 4 डीजल कारों पर शहर की सीमा में प्रतिबंध लगने के बाद वाहनों की जांच तेज कर दी है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) द्वारा ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (जीआरएपी) स्टेज 4 के तहत उपायों को लागू करने के साथ प्रदूषण के स्तर में बढ़ोतरी के कारण सोमवार, 16 दिसंबर से वाहनों पर प्रतिबंध लागू किया गया है। मंगलवार से, दिल्ली पुलिस ने दिल्ली के आसपास की सीमाओं पर सख्ती बढ़ा दी है और प्रतिबंधित वाहनों को रोकने के लिए कई जगहों पर चेक पोस्ट स्थापित किए हैं।

**दो महीने के भीतर दूसरी बार प्रतिबंध**
दिल्ली में दो महीने के भीतर यह दूसरी बार है जब वाहनों पर प्रतिबंध लगाया गया है। 15 नवंबर को दिल्ली में इसी तरह का प्रतिबंध लगाया गया था, जब प्रदूषण का स्तर गंभीर और उससे ऊपर की श्रेणी में पहुंच गया था। मानदंडों के तहत, स्टेज 3 के उपायों के लागू होने के बाद दिल्ली-एनसीआर में इर 3 पेट्रोल और इर 4 डीजल वाहनों का चलना प्रतिबंधित है। हालांकि, विकलांग यात्रियों के लिए प्रतिबंध लागू नहीं होंगे। इस चरण के दौरान सभी गैर-आवश्यक बीएस 4 डीजल से चलने वाले वाणिज्यिक वाहनों को भी राष्ट्रीय राजधानी की सड़कों पर चलने से प्रतिबंधित कर दिया। गया है।

## कोहरे में कुछ नजर नहीं आया: हाइवे पर टकराईं गाड़ियां



**क्षतिग्रस्त**

**कोहरे की धुंध के चलते कैंटर गाड़ी चालक के ब्रेक लगाने पर आधा दर्जन गाड़ी आपस में भिड़ने पर क्षतिग्रस्त हो गई**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: कोतवाली दादरी** क्षेत्र नगर बाईपास पर घने कोहरे के चलते करीब आधा दर्जन गाड़ियां आपस में टकराई। जिससे गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गई। कार सवारों को मामूली चोट लगी है। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मौके पर पहुंच गाड़ियों को सड़क के किनारे कराया। कम विजिबिलिटी की वजह से वाहनों की टक्कर हुई है।

बताया जा रहा है कि कोतवाली दादरी क्षेत्र के नगर बाईपास पर कोहरे की धुंध के चलते कैंटर गाड़ी चालक के ब्रेक लगाने पर आधा दर्जन गाड़ी आपस में भिड़ने पर क्षतिग्रस्त हो गई। कई लोग मामूली चोट लगने पर घायल हो गए। पुलिस ने मौके पर पहुंच गाड़ियों को सड़क के किनारे कर वाहनों को निकलवाया। जानकारी के मुताबिक, घने कोहरे के कारण विजिबिलिटी बेहद कम हो गई। जिस वजह से ये हादसा हुआ। हादसे की जानकारी मिलते ही थाना दादरी पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। हादसे में कई लोग घायल हुए हैं, जिन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। कस्बा चौकी प्रभारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि बुधवार को सुबह के समय अधिक कोहरे के चलते नगर बाईपास पर बुलंदशहर की तरफ जाते हुए कैंटर गाड़ी चल रही थी। अचानक ब्रेक लगाने पर पीछे चल रही पिकअप गाड़ी के चालक बली चंद ने भी ब्रेक लगाए।

## महाकुंभ के दौरान ट्रेनों में मुफ्त यात्रा का कोई प्रावधान नहीं



**स्पष्टीकरण**

**भारतीय रेलवे के संज्ञान में आया है कि कुछ मीडिया आउटलेट ऐसी रिपोर्ट प्रसारित कर रहे हैं**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: रेल मंत्रालय** ने अगले साल जनवरी माह में उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में लगने वाले महाकुंभ में जाने वाले श्रद्धालुओं को ट्रेनों में मुफ्त यात्रा संबंधी खबरों का खंडन किया है। रेलवे ने कहा है कि महाकुंभ या किसी अन्य अवसर के दौरान मुफ्त यात्रा का कोई प्रावधान नहीं है। रेल मंत्रालय ने महाकुंभ मेले के दौरान मुफ्त यात्रा के बारे में भ्रामक रिपोर्टों पर स्पष्टीकरण जारी करते हुए कहा कि भारतीय रेलवे के संज्ञान में आया है कि कुछ मीडिया आउटलेट ऐसी रिपोर्ट प्रसारित कर रहे हैं, जिनमें दावा किया जा रहा है कि महाकुंभ मेले के दौरान यात्रियों को मुफ्त यात्रा की अनुमति दी जाएगी। रेल मंत्रालय ने बयान में ऐसी खबरों को पूरी तरह गलत बताते हुए कहा, भारतीय रेलवे इन रिपोर्टों का स्पष्ट रूप से खंडन करता है, क्योंकि ये पूरी तरह से निराधार और भ्रामक हैं। मंत्रालय ने बयान में यह भी याद दिलाया है कि भारतीय रेलवे के नियमों और विनियमों के तहत वैध टिकट के बिना यात्रा करना सख्त वर्जित है और यह दंडनीय अपराध है। इसमें कहा गया है, महाकुंभ मेले या किसी अन्य अवसर के दौरान मुफ्त यात्रा का कोई प्रावधान नहीं है। बयान में कहा गया है कि भारतीय रेलवे महाकुंभ मेले के दौरान यात्रियों के लिए निर्बाध यात्रा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## घर में आग लगने से बुजुर्ग पति-पत्नी की मौत, अमेरिका में रहता है बेटा

**नई दिल्ली:** साउथ वेस्ट जिला के सफदरजंग एनक्लेव थाना इलाके में एक घर में सीनियर सिटीजन पति-पत्नी की आग लगने से मौत हो गई।

मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों के शव को सफदरजंग अस्पताल के मोर्चरी में भिजवा दिया है। उनका बेटा अमेरिका में रहता है और बेटी दिल्ली के पश्चिम बिहार में रहती है।

## नेता प्रतिपक्ष ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने की मांग की



**मांग**

**हाई कोर्ट ने आदेश में कहा है कि सरकार दो- तीन दिन के अंदर ही इन रिपोर्ट्स को विधानसभा में प्रस्तुत करें**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली विधानसभा** में नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी से मांग की है कि विधानसभा का विशेष सत्र जल्द ही बुलाकर कैग की सभी 14 रिपोर्ट्स को सदन पटल पर प्रस्तुत करें। गुप्ता ने आज आतिशी को पत्र लिखकर उन्हें आगाह किया है कि इन रिपोर्ट्स के प्रति सरकार का रवैया बहुत गलत है। गुप्ता ने कहा कि उपराज्यपाल ने भी इस संबंध में मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर 19 और 20 दिसंबर को विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर इन रिपोर्ट्स को सदन में रखने के लिए कहा है। इस पत्र की कॉपी नेता प्रतिपक्ष को भी भेजी गई है।

विजेंद्र गुप्ता ने कहा है इस मामले में दिल्ली भाजपा के सभी विधायक कल विधानसभा अध्यक्ष से भी भेंट करेंगे और विशेष सत्र बुलाने की मांग करेंगे। गुप्ता ने कहा कि भाजपा कई बार इस मुद्दे को विधानसभा में उठा चुकी है, लेकिन सितम्बर और नवम्बर-दिसंबर के विधानसभा सत्रों में उन्हें इसकी अनुमति नहीं दी गई और बोलने पर उनका माइक बंद कर दिया गया। विपक्षी विधायकों ने इस मामले को लेकर राष्ट्रपति से भी मुलाकात की, उपराज्यपाल, मुख्यमंत्री, स्पीकर, सबसे भेंट कर उन्हें लिखित ज्ञापन सौंपे, लेकिन आम आदमी पार्टी की सरकार ने अपने भ्रष्टाचार और वित्तीय अनियमिताओं को छुपाने के लिये कैग की एक भी रिपोर्ट सदन पटल पर नहीं रखी। गुप्ता ने आतिशी को लिखे पत्र में कहा है कि एक तरफ सरकार पारदर्शिता के साथ शासन चलाने जैसी बड़ी- बड़ी बातें करती हैं और दूसरी तरफ अपना तानाशाही रवैया अपनाते हुए कैग की रिपोर्ट्स को दबाकर सालों से इस मामले को टाल रही है। सरकार की पारदर्शिता सिर्फ दिखावा मात्र है। अब हाई कोर्ट के दखल के बाद सरकार ने इन रिपोर्ट्स को उपराज्यपाल को तो भेज दिया है, लेकिन विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने से भाग रही है ।

हाई कोर्ट ने अपने आदेश में स्पष्टरूप से यह कहा है कि सरकार दो- तीन दिन के अंदर ही इन रिपोर्ट्स को विधानसभा में प्रस्तुत कर देगी। गुप्ता ने कहा कि इन रिपोर्ट्स में वाहनों से होने वाला प्रदूषण, आबकारी ड्यूटी, शिक्षा, वित्त, स्वास्थ्य और डीटीसी पर सरकार द्वारा किये गए खर्च का पूरा ब्यौरा दिया गया है, लेकिन सरकार संवैधानिक नियमों का उल्लंघन कर इन्हें सदन में पेश नहीं कर रही है।

## उमर खालिद को शादी में शामिल होने के लिए अंतरिम जमानत




**मिली राहत**

**उमर खालिद ने 14 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट से अपनी जमानत याचिका वापस ले ली थी**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली के कड़कड़डूमा कोर्ट के एडिशनल सेशंस** जज समीर बाजपेई ने दिल्ली हिंसा मामले में उमर खालिद को परिवार में एक शादी में शामिल होने के लिए सात दिनों की अंतरिम जमानत दी है। कोर्ट ने कहा कि 28 दिसंबर से 3 जनवरी तक अंतरिम जमानत के दौरान उमर खालिद किसी भी गवाह या केस से जुड़े किसी व्यक्ति से संपर्क नहीं करेंगे।

कोर्ट ने यह भी आदेश दिया है कि अंतरिम जमानत के दौरान उमर खालिद को सोशल मीडिया का इस्तेमाल नहीं करेंगे। अंतरिम जमानत के दौरान उमर खालिद केवल अपने परिवार के सदस्यों, रिश्तेदारों और दोस्तों से मिल सकेंगे। अंतरिम जमानत के दौरान उमर खालिद अपने घर और विवाह समारोह स्थल पर ही मौजूद रहेंगे। कोर्ट ने उमर खालिद को 3 जनवरी, 2025 को जेल अधीक्षक के समक्ष सरेंडर करने का आदेश दिया। उमर खालिद ने 14 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट से अपनी जमानत याचिका वापस ले ली थी और कहा था कि अब वे ट्रायल कोर्ट में याचिका दायर करेंगे। उसके बाद कड़कड़डूमा कोर्ट ने भी 28 मई को उमर खालिद की जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

## फर्जीवाड़े के मामले में एजेंट गिरफ्तार

**काबू**

**एजेंट बिट्टू से 10 लाख में बात हुई, उसने कागजात तैयार करके भेजने की योजना बनाया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** आईजीआई एयरपोर्ट थाना पुलिस ने टीम ने 13 साल से वांछित चल रहे पंजाब के एक एजेंट मनजीत सिंह उर्फ बिट्टू को गिरफ्तार किया है। इसकी एयरपोर्ट पुलिस को 2011 में दर्ज फजीर्वाड़ा के मामले में तलाश थी। बाद में कोर्ट ने इसे भगोड़ा भी घोषित कर दिया था। डीसीपी एयरपोर्ट उषा रंगनी ने बताया कि 15 - 16 नवंबर 2011 की रात एक युवती कुलविंदर कौर जो फतेहगढ़ की रहने वाली थी, वह ऑस्ट्रिया से आईजीआई एयरपोर्ट आई थी। इमीग्रेशन क्लीयरेंस के दौरान जब उसके डॉक्यूमेंट की स्कूटनी की गई तो उसमें गड़बड़ी मिला। जांच में उसके पासपोर्ट पर डिपार्चर रिकॉर्ड नहीं पाया गया। उससे आगे की पूछताछ की गई तो पता चला कि वह लगभग 2 साल पहले 8 जून 2009 को ऑस्ट्रेलिया गई थी। आगे की पूछताछ में फिर पूरे मामले का खुलासा हुआ। उस युवती ने बताया कि वह एक एजेंट के संपर्क में आकर कागजात बनाकर ऑस्ट्रिया गई थी। क्योंकि उसके जानकार वहां अच्छी कमाई करके अच्दा जीवन जी रहे थे। उसकी एजेंट बिट्टू से 10 लाख में बात हुई, उसने कागजात तैयार करके भेजने की योजना बनाया। ऑस्ट्रिया पहुंचने के बाद एजेंट ने उसका पासपोर्ट ले लिया।

## केजरीवाल सरकार दिल्ली में दलितों से आरक्षण छीन रही हैं - वीरेंद्र सचदेवा




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली** भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने आज अधिवक्ता सत्या रंजन एवं दिल्ली भाजपा के मीडिया रिलेशन प्रमुख विक्रम मित्तल की उपस्थिति में एक पत्रकार सम्मेलन में कहा है कि दिल्ली सरकार में नकली जातीय प्रमाण पत्र बना कर दलितों को मिलने वाले आरक्षण लाभ की लूट की जा रही है और सबकी सी.बी.आई. जांच आवश्यक है।

वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि लम्बे समय से जानकारी आ रही थी कि दिल्ली में नकली जातीय प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड बहुत आसानी से बन रहे हैं। सबसे ज्यादा शिकायतें पश्चिम दिल्ली से मिल रही थी। इसलिए भाजपा ने एक वकीलों की टीम इसकी आंतरिक जांच में लगाई। आंतरिक जांच टीम ने सबसे पहले द्वारका विधानसभा से मिली शिकायतों को उठा कर जांचा तो पाया की तहसीलदार कार्यालय से जारी आठ जातीय प्रमाण पत्रों कि जो शिकायत सामने आई हैं वह सभी प्रमाण पत्र फर्जी हैं और इनमे से सात जातीय प्रमाण पत्र फर्जी आधार कार्ड के आधार पर बनाये गये हैं।

भाजपा जांच में पकड़े गये आठ में से अधिकांश फर्जी जातीय प्रमाण पत्र धारकों के नौकरी, शैक्षणिक आदि लाभ उठाने की भी जानकारी सामने आई है जो राजनीतिक संरक्षण के बिना मुमकिन नही है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है की यह असम्भव है की किसी क्षेत्र का तहसीलदार लगातार फर्जी जातीय प्रमाण पत्र जारी करे और विधायक एवं सरकार को जानकारी ना हो, अतः इस पूरे स्कैम की सी.बी.आई. जांच आवश्यक है।वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि हमने जो फर्जी जातीय प्रमाण पत्र, नकली आधार कार्ड बना कर धांधली का मामला सामने रखा है वह एक विधानसभा में अल्प समय में जारी किए गये, ऐसे में दिल्ली वाले सोचें की सभी 70 विधिनसभा क्षेत्रों में दलित जातीय प्रमाण पत्रों के नाम पर किस तरह और कितनी लूट अरविंद केजरीवाल सरकार के 10 साल में हुई होगी ? दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है की अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी की सरकार ने समाज के हर वर्ग को ठगा है।



# नायब सरकार का गौ संरक्षण पर विशेष फोकस

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा को बेसहारा गौवंश मुक्त प्रदेश बनाने की दिशा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा समर्पित प्रयास किए जा रहे हैं। गौशालाओं के विकास और गौ वंश के कल्याण के लिए प्रदेश सरकार लगातार बजट में बढ़ौतरी कर रही है। इसी कड़ी में गोवंश की देखभाल हेतु राज्य सरकार ने गौ शालाओं को दी जाने वाली प्रतिदिन चारा राशि में पांच गुणा वृद्धि की है। सरकारी प्रवक्ता ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि सरकार के निर्णय के अनुसार अब, गौशालाओं को प्रति गाय 20 रुपये प्रतिदिन, नंदी के लिए 25 रुपये प्रतिदिन तथा बछड़ा / बछड़ी के लिए 10 रुपये प्रतिदिन चारे के लिए अनुदान के रूप में दिये जाएंगे। इसके लिए 211 करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान किया गया है। प्रवक्ता ने बताया कि सरकार का ध्येय लोगों में जागरूकता बढ़ाकर गौमाता व





गोवंशों को सड़कों पर छोड़ने की बजाए पास की गौशालाओं में पहुंचाना है।

**हरियाणा में हुआ 710 प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) का कम्प्यूटरीकरण :** हरियाणा के मुख्य सचिव डॉ. विवेक जोशी ने प्रदेश में 710 प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) के कम्प्यूटरीकरण पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि इस कदम से न केवल इन समितियों की दक्षता में सुधार होगा, बल्कि भ्रष्टाचार से निपटने में भी मदद मिलेगी। उन्होंने डिजिटल फ्रेमवर्क में निर्बाध बदलाव सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को प्रशिक्षण देने का भी आह्वान किया।

मुख्य सचिव आज यहां राज्य सहकारी विकास समितियों (एस.सी.डी.सी.) की तीसरी बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में बताया गया कि पैक्स/पी.सी.सी.एस. प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों को कवर करती हैं। इसके अलावा, राज्य की प्रत्येक ग्राम पंचायत में डेयरी और मत्स्य सहकारी समितियों के साथ-साथ बहुउद्देशीय पैक्स के गठन के लिए एक संयुक्त कार्य समिति का गठन भी किया गया है। बैठक में यह भी बताया गया कि प्रदेश में सभी पैक्स/पी.सी.सी.एस. द्वारा उनकी व्यवहार्यता बढ़ाने और गतिविधियों में विविधता लाने के लिए नए मॉडल उप-नियमों को अपनाया गया है, ताकि वे गांव स्तर पर जीवंत आर्थिक इकाई बन सकें। केंद्र सरकार की एक पायलट परियोजना के तहत, राज्य के पैक्स नए गोदामों के निर्माण पर भी काम कर रहे हैं।

पैक्स लोगों को कॉमन सर्विस सेंटर (सी.एस.सी.) सेवाएं भी प्रदान करेंगे। राज्य में 202 पैक्स द्वारा सी.एस.सी. सेवाएं पहले ही शुरू की जा चुकी हैं। चार पैक्स-बास, मतलौडा, नारनौंद और हथीरा ने जन औषधि केंद्रों में दवाओं की बिक्री शुरू कर दी है। इसके अलावा, 742 पैक्स ने प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र के रूप में काम करना शुरू कर दिया है।

उल्लेखनीय है कि बहु-राज्य सहकारी समिति अधिनियम, 2002 के तहत सहकारी क्षेत्र से निर्यात को बढ़ावा देने के लिए अम्ब्रेला संगठन के रूप में एक नया राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड स्थापित किया गया है। इस सोसायटी के माध्यम से किसानों के उत्पादों के निर्यात में सुविधा होगी तथा किसानों को उनके उत्पादों का बेहतर मूल्य मिलेगा। प्रदेश में 420 समितियों को राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड की सदस्यता प्रदान की गई है।

**अनुदान**

**अब, गौशालाओं को प्रति गाय 20 रुपये प्रतिदिन, नंदी के लिए 25 रुपये प्रतिदिन दिए जाएंगे**

## कांग्रेस बाबा साहेब अंबेडकर, संविधान विरोधी पार्टीः बिप्लब

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं सांसद बिप्लब कुमार देब ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से बाबा साहेब अंबेडकर का अपमान करती आई है। जबकि भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने बाबा साहेब और उनसे जुड़े सभी स्थलों का श्रद्धापूर्वक सम्मान किया है। श्री देब ने कहा कि आधुनिक भारत के निर्माण में बाबा साहेब अंबेडकर की भूमिका बहुत व्यापक और विराट है, मगर जानबूझ कर कांग्रेस द्वारा बाबा साहेब को कभी वह श्रेय नहीं दिया गया, जिसके वे सच्चे हकदार थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस संविधान, आरक्षण और बाबा साहेब अंबेडकर विरोधी पार्टी है।

बिप्लब कुमार देब ने कहा कि संसद में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने तथ्यों, तर्कों और प्रमाणों के साथ कांग्रेस के काले इतिहास का चिट्ठा खोला जिसे कांग्रेस छुपाने के लिए ओछी राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने कई बार बाबा साहब आंबेडकर का अपमान किया है। कांग्रेस ने आपातकाल लगाकर संविधान के मूल्यों की धज्जियां उड़ाई।

बिप्लब कुमार देब ने कहा कि संविधान निमार्ता बाबा साहेब को कांग्रेस ने चुनाव में हराने और हाशिये पर धकेलने का काम किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बाबा साहेब के दिखाए रास्ते पर चलकर हर गरीब का कल्याण कर रहे हैं। भाजपा सरकार ने ही संविधान दिवस मनाने की शुरूआत की। कांग्रेस ने देश को सदा गुमराह करके सत्ता प्राप्त की है, लेकिन अब देश के सामने कांग्रेस की असलियत खुल गई है। बिप्लब देब ने कहा कि अपनी ओछी राजनीति के चलते आज कांग्रेस हताशा के दौर से गुजर रही है।

## न्यूज फ्लैश

### हरियाणा में 47 एचसीएस समेत कई एसडीएम व सीटीएम का तबादला

**चंडीगढ़।** नायब सरकार ने आईएएस के बाद एचसीएस अधिकारियों में बड़ा फेरबदल किया है। एसडीएम से लेकर सीटीएम और जिला परिषद सीईओ का तबादला किया गया है। मुख्य सचिव विवेक जोशी की ओर से जारी अधिसूचना के मुताबिक 47 एचसीएस अधिकारियों का तबादला किया गया है। पीडब्ल्यूडी में विशेष सचिव जगदीप धनखड़ को खाद्य एवं आपूर्ति विभाग में अतिरिक्त निदेशक नियुक्त किया गया है। एचसीएस महावीर प्रसाद को अतिरिक्त आयुक्त नगर निगम गुरुग्राम, महेंद्र पाल को विशेष सचिव वाणिज्य विभाग, वीरेंद्र सिंह शेरावत को विशेष सचिव पीडब्ल्यूडी और सीईओ शिवालिक विकास बोर्ड अंबाला, डॉ. सुभिता ढाका को अतिरिक्त निदेशक प्रशासन पीजीआई रोहतक, अश्वनी मलिक अतिरिक्त निदेशक प्रशासन मेडिकल कालेज नल्हड़ नूंह, शालिनी चेतल संयुक्त आयुक्त नगर निगम हिसार, रगन कुमार को हरियाणा केश कला एवं कौशल विकास बोर्ड के सदस्य सचिव के साथ हरियाणा विमुक्त घूमंतु जाति विकास बोर्ड के सदस्य सचिव को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

वहीं राजेश कुमार सीईओ जिला परिषद झज्जर तथा सीईओ डीआरडीए झज्जर, गौरी मिड्डा एस्टेट आफिसर एचएसवीपी फरीदाबाद, वीरेंद्र चौधरी को शाहाबाद शुगर मिल एमडी के साथ सीईओ जिला परिषद का अतिरिक्त प्रभार, प्रमजीत चहल एस्टेट आफिसर एचएसवीपी कुरुक्षेत्र, आशुतोष रंजन महाप्रबंधक हरियाणा टूरिज्म, सत्यवान सिंह मान को एसडीएम जींद, अश्विनी कुमार को एसडीएम इसराना, भारत भूषण को संयुक्त सीईओ एफएमडीए फरीदाबाद, विजय सिंह को संयुक्त आयुक्त आबकारी विभाग, जयवीर यादव को संयुक्त आयुक्त नगर निगम गुरुग्राम, राकेश सैनी को एस्टेट आफिसर एचएसवीपी गुरुग्राम नियुक्त किया गया है।

**डॉ. इंद्रजीत होंगे वित्त विभाग के उप सचिव**

एचसीएस डॉ. इंद्रजीत को वित्त विभाग में उप सचिव नियुक्त किया गया है। वहीं श्वेता सिहाग को एमडी शुगर मिल सोनीपत, मनीष कुमार फौगाट को एसडीएम गन्नौर, शंभू को हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के ओएसडी के साथ सचिव (कानून) एचएसएससी, विकास यादव को एमडी शुगर मिल पलवल, वैशाली को संयुक्त आयुक्त नगर निगम गुरुग्राम, मनोज कुमार को सीईओ जिला परिषद महेंद्रगढ़ के साथ नांगल चौधरी एसडीएम का अतिरिक्त प्रभार, अशोक कुमार को एसडीएम इंद्री, धीरज चहन को संयुक्त निदेशक सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम एंटरप्राइजिज, अनिल कुमार को सीईओ जिला परिषद जींद नियुक्त किया गया है।

### कुरुक्षेत्र में होगा 1008 हवन कुण्ड महायज्ञ का आयोजन

**कैथल।** जगतगुरू त्रिपुरा पीठाधीश्वर चक्रवर्ती यज्ञ सम्राट श्री श्री 1008 श्री हरिओम जी महाराज ने बताया कि 18 मार्च से 27 मार्च 2025 तक कुरुक्षेत्र में 1008 हवन कुण्ड महायज्ञ किया जाएगा। यज्ञ हमारी संस्कृति है। इसमें कैथल सहित सभी प्रदेशवासी इस यज्ञ का पूरा लाभ लें। इसके बाद कुरुक्षेत्र ब्रह्मसरोवर में स्नान करें। यज्ञ सम्राट हरि ओम महाराज सेक्टर 19 हुड्डा बुधवार शाम को राजपाल चहल के निवास पर पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हवन यज्ञ से वातावरण शुद्ध होगा और वातारण की शुद्धि से स्वच्छ विचार उत्पन्न होंगे और अच्छे विचार होंगे तो राष्ट्र तरक्की करेगा। वातावरण में फैले प्रदूषण के कारण ही 100 वर्ष जीने वाला व्यक्ति आज 65 वर्ष जीता है। यह यज्ञ कुरूक्षेत्र में इसलिए रखा गया है क्योंकि कुरूक्षेत्र से विश्व को गीता के ज्ञान का संदेश मिला है। यज्ञ सम्राट हरिओम महाराज ने कहा कि जहां भी यज्ञ हो रहा हो सभी जाकर उसमें आहुति डालें और इससे वातावरण भी शुद्ध होगा। बांग्लादेश की घटना पर बोलते हुए यज्ञ सम्राट हरि ओम जी महाराज ने कहा कि बांग्लादेश में जो हिंदुओं के साथ अत्याचार हो रहा है उसके लिए भी हमारी सरकार को सोचना चाहिए और कड़े कदम उठाने चाहिएं। अगर हम 80 करोड हिंदू इक्कठा होंगे तो विश्व को भी सोचना पड़ेगा। उन्होंने कहा जिस दिन 10 लाख हवन यज्ञ कुंड प्रज्वलित हो गए तो भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने से कोई नहीं रोक सकता।

## कल्याण ने 7 कमेटियां में नामित किए 16 विशेष आमंत्रित सदस्य

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने विधान सभा के प्रक्रिया तथा कार्य संचालन सम्बन्धी नियमों के अंतर्गत वर्ष 2024-25 की शेष अवधि के लिए गठित विधानसभा की 7 समितियों में 16 विशेष आमंत्रित सदस्यों को शामिल किया है। वहीं, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जन जातियों और पिछड़े वर्गों के कल्याण के लिए समिति में विधायक कंवर सिंह को सदस्य नामित किया है। ये कमेटियां 31 मार्च 2025 तक कार्य करेंगी। विधायक जस्सी पेटवाड़ और चन्द्र प्रकाश को याचिका समिति में विशेष आमंत्रित सदस्य नामित किया गया है। स्थानीय निकायों तथा पंचायती राज संस्थाओं संबंधी समिति में भरत सिंह बैनीवाल, बलवान सिंह दौलतपुरिया, शकुंतला खटक को विशेष आमंत्रित सदस्य नामित किया गया है। सरकारी आश्वासन समिति में बिमला चौधरी, इन्दु राज और विनेश को विशेष आमंत्रित सदस्य नामित किया गया है। शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं संबंधी समिति में ओम प्रकाश यादव, शैली चौधरी और बलराम दांगी को विशेष आमंत्रित सदस्य नामित किया है।

## वाजपेयी की जयंती को यादगार बनाने में जुटी भाजपा

**टीम एक्शन इंडिया**

**रोहतक/चंडीगढ़:** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजेपेयी के जन्म दिवस पर 25 दिसंबर को पूरे प्रदेश में सुशासन दिवस मनाया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को यादगार बनाने में जुटी हुई है। बीजेपी ने बूथ लेवल पर कई कार्यक्रमों की योजना तैयार की है। कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने पूर्व मंत्री डा. कमल गुप्ता को प्रदेश समिति का संयोजक बनाया है, इसके अलावा श्रीमती बन्तो कटारिया, प्रो मदन गोयल, हुक्मचंद यादव और अक्षित दहिया को सह संयोजक नियुक्त किया है। प्रदेश अध्यक्ष ने संयोजक और



सह संयोजकों को जिलेवार जिम्मेदारी सौंपी है। भाजपा प्रदेश सह मीडिया प्रभारी शमशेर सिंह खरक ने बताया कि बुधवार को डा.कमल गुप्ता ने पार्टी कार्यालय मंगल कमल में कार्यकताओं की वर्चुअल बैठक ली और सुशासन दिवस पर होने वाले कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। श्री गुप्ता ने कहा कि सुशासन दिवस कार्यक्रमों के लिए जिला स्तर पर एक संयोजक व तीन सहसंयोजक (जिसमें एक जिला महामंत्री) व मण्डल स्तर संयोजक व तीन सहसंयोजक (जिसमें मण्डल अध्यक्ष) की समिति बनाई जाएगी। भाजपा प्रदेश मीडिया सह प्रभारी शमशेर सिंह खरक ने बताया कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने डा. कमल गुप्ता को सिरसा, हिसार, फतेहाबाद, भिवानी, प्रदेश उपाध्यक्ष बन्तो कटारिया को पंचकुला, अम्बाला, यमुनानगर, कुरूक्षेत्र, कैथल, प्रो मदन गोयल को रोहतक, झज्जार, जीन्द, गुरुग्राम्, चरखी दादरी, हुकमचंद यादव को रेवाडी, महेन्द्रगढ़, नूंह, पलवल और अक्षित दहिया को सोनीपत, पानीपत, करनाल, फरीदाबाद जिला की जिम्मेदारी दी है। शमशेर सिंह खरक ने बताया कि बैठक में डा. गुप्ता ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार गरीबों और किसानों के कल्याण के लिए समर्पित है। सुशासन दिवस पर हर बूथ पर लाभार्थियों के बीच में सरकार की योजनाओं, उपलब्धियों और सुशासन की चर्चा की जाएगी।

## अडानी, किसानों के मुद्दों पर हरियाणा कांग्रेस ने किया राजभवन मार्च

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** उद्योगपति गौतम अदानी के भ्रष्टाचार पर अमेरिका में हुए खुलासे और मणिपुर में जारी हिंसा के मुद्दे को लेकर हरियाणा कांग्रेस ने यहां बुधवार को जोरदार प्रदर्शन किया।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी उदयभान,पार्टी के सहप्रभारी जितेंद्र बघेल,कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र भारद्वाज के नेतृत्व में बड़ी तादाद में कांग्रेस नेता ,विधायक व कार्यकताओं ने राजभवन की तरफ मार्च किया। लेकिन पुलिस ने शांतिपूर्ण आगे बढ़ रहे मार्च को रास्ते में ही रोक दिया। लेकिन बैरिकेडिंग पर ही कांग्रेसजनों ने तमाम मुद्दों को लेकर जमकर नारेबाजी की।

इस मौके पर चौधरी उदयभान ने अदानी के भ्रष्टाचार की जांच और मणिपुर में शांति बहाली की मांग को उठाया। उन्होंने दोनों ही मामलों में बीजेपी सरकार की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े किए व सरकार की कड़े शब्दों में निंदा की। उन्होंने कहा सरकार अदानी के मामले में जांच से बच रही है। यहां तक कि उसने संसद में भी इस मामले पर चर्चा नहीं होने दी। इसलिए कांग्रेस सड़कों पर उतरी है।इस मौके पर पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि कांग्रेस तमाम मुद्दों के साथ किसानों की तरफ भी सरकार का ध्यान दिलाना चाहती है। बीजेपी को आंदोलनरत किसानों के साथ बातचीत कर जल्द कोई समाधान निकालना चाहिए। क्योंकि 22 दिन से आमरण अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की सेहत बहुत चिंताजनक हो चुकी है।

### नई बिजली दरों को लेकर जनसुनवाई 15 को

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग ने नई बिजली दरों और प्रदेश की बिजली कंपनियों की आगामी राजस्व आवश्यकताओं को लेकर 15 जनवरी को जनसुनवाई आयोजित करने की घोषणा की है। यह महत्वपूर्ण पब्लिक हियरिंग सेक्टर-4, पंचकूला स्थित आयोग मुख्यालय में होगी। आयोग के अध्यक्ष नन्द लाल शर्मा की अध्यक्षता में होने वाली इस जनसुनवाई में आयोग के सदस्य मुकेश गर्ग भी उपस्थित रहकर पक्षकारों की दलीलें सुनेंगे।

## कांग्रेस की हर पीढ़ी ने बाबा साहब का अनादर कियाः बड़ौली



**टीम एक्शन इंडिया**

चंडीगढ़ः भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि कांग्रेस के गुनाहों की लिस्ट बहुत लंबी है। जैसे-जैसे कांग्रेस के गुनाहों का खुलासा होता है कांग्रेस की तिलमिलाहट बढ़ती जाती है। उन्होंने कहा कि संसद में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने डॉ. आंबेडकर को लेकर कांग्रेस का पदार्फाश करके जनता के सामने कांग्रेस की गंदी राजनीति को उजागर किया है। श्री बड़ौली ने कहा कि कांग्रेस ने वर्षों तक डॉ. आंबेडकर का अपमान किया और युग पुरूष व दूर द्रष्टा बाबा साहब आंबेड़कर को कांग्रेस ने दलित नेता कहकर एक दायरे में समेटने का षड़यंत्र रचा।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस की कोशिश रही है कि बाबा साहब का कद नेहरू-गांधी परिवार के समकक्ष भी खड़ा नहीं हो पाए, इसलिए बाबा साहब को भारत रत्न तक नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कितनी ही झूठ बोले, लेकिन कांग्रेस गलत काम छिप नहीं पाएंगे। कांग्रेस ने डा. आंबेड़कर को एक बार ही नहीं बल्कि दो बार चुनाव में हार दिलाई।

श्री बड़ौली ने कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कांग्रेस के काले इतिहास को उजागर किया है। प्रियंका गांधी के फिलिस्तीन और बांग्लादेश के बैग पर तंज कसते हुए श्री बड़ौली ने कहा कि गांधी परिवार हमेशा से ही तुष्टिकरण का बैग ढोता रहा है। प्रियंका गांधी भी कांग्रेस की तुष्टिकरण की राजनीति को आगे बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सदा संविधान का अपमान किया है। कांग्रेस ने अपने हितों के हिसाब से संविधान के प्रावधानों को कमजोर करने का पाप किया है।

## शंभू बॉर्डर के किसान आंदोलन में शामिल नहीं होगा किसान मोर्चा

**टीम एक्शन इंडिया**

चंडीगढ़ः हरियाणा और पंजाब के बीच शंभू और खनौरी बॉर्डर पर चल रहे किसान आंदोलन में संयुक्त किसान मोर्चा शामिल नहीं होगा। चंडीगढ़ में हुई मोर्चे की आपात बैठक में यह फैसला लिया गया। मोर्चे के नेता जोगिंदर सिंह उगराहां ने कहा कि जगजीत सिंह डल्लेवाल को मरणव्रत तोड़ने के लिए नहीं कहेंगे। यह उनका फैसला है।दूसरी ओर किसानो ने बुधवार को दोपहर 12बजे से तीन बजे तक 48स्थानों पर रेल लाइन पर धरना दिया।अब किसान नेताओं ने 30 दिसंबर को पंजाब बंद का आह्वान किया है।



उन्होंने कहा कि 23 दिसंबर को पूरे पंजाब में मोर्चा की तरफ से बड़ा विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।मोर्चा की 24 दिसंबर को फिर चंडीगढ़ में बैठक होगी। इससे पहले किसान नेता सरवण सिंह पंधेर ने 30 दिसंबर को पंजाब बंद की कॉल दी है। उन्होंने कहा कि आपात सेवाएं बहाल रखेंगे। हम दुकानदारों, धार्मिक संस्थाओं, व्यापार मंडल और ट्रेड यूनियनों के साथ बैठक करेंगे। उनसे मांग करेंगे कि वह पंजाब बंद में सहयोग दें।

किसानों ने बुधवार को पंजाब में 3 घंटे रेलवे ट्रैक जाम किए। किसान दोपहर 12 बजे 48 जगहों पर ट्रैक पर बैठ गए। 3 बजते ही किसानों ने ट्रैक खाली कर दिए। रेलवे ट्रैक जाम होने से दिल्ली-पठानकोट सुपरफास्ट एक्सप्रेस को लुधियाना के ढंडारी कलां में रोकना पड़ा। कुछ ट्रेनों को रद्द तो कुछ का मार्ग भी बदलना पड़ा। किसानों के प्रदर्शन से करीब 60 ट्रेनों की आवाजाही पर असर पड़ा। दूसरी ओर शंभू बॉर्डर खोलने के मुद्दे पर बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान सवाल किया कि क्या उसके द्वारा गठित उच्चाधिकार समिति के साथ किसानों ने बात की है।

## जनता समाधान शिविर लगाया गया

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

भाजपा के युवा नेता अमित रंगा द्वारा अपने वार्ड कुलदीप नगर, काबड़ी रोड,पानीपत की कॉलोनी में पिछले दिनों लोगो की बहुत सी समस्याओं को देखते हुए! जनता समाधान शिविर लगाया गया। जिसमें लोगो की फैमिली-ि, वोटर कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, हैप्पी कार्ड, ठीक किये व नए बनाये जिससे लोगो को घर बैठे है सरकार की स्कीमों का फायदा मिला और दफ्तरों के चक्कर भी नही काटने पड़े ! अमित रंगा ने बुधवार को सुबह 9 बजे से ही सुरेंद्र जोगी के घर पर अपने स्टाफ को लेकर ही जनता समाधान शिविर का आयोजन किया व कुलदीप नगर कॉलोनी में जितने भी




लोग आए उनका मोके पर है काम करके भेजा और हरियाणा सरकार की योजनाओं को लोगो तक पहुँचाया ! अमित रंगा ने कहा कि यह कैम्प अगले 3 से 4 दिन अभी कुलदीप नगर कॉलोनी में सुरेंद्र जोगी के घर पर लगेगा! तथा अमित रंगा ने बताया कि वह अपने स्टाफ के साथियों को लेकर अपने वार्ड की हर कॉलोनी में कैम्प लगाएंगे ओर जनता की समस्याओं का समाधान करवाएंगे। ओर अमित रंगा ने इस कैम्प के बारे मे 2 दिन पहले से शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा से बात कर ली थी और मंत्री महिपाल ढांडा ने भी अमित रंगा को बोल दिया था।

## एमएसपी देने पर बीजेपी सरकार बोल रही है कोरा झूठः अभय

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** इनेलो के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला की अगुवाई में इनेलो के प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा, वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आरएस चौधरी, पूर्व डीजीपी एमएस मलिक, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रकाश भारती, विधायक अदित्य देवीलाल, विधायक अर्जुन चौटाला, महिला प्रधान महासचिव सुनैना चौटाला, महिला प्रदेशाध्यक्ष सुमित्रा देवी एवं पार्टी सचिव नछत्तर सिंह मल्हान समेत दस सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने किसानों की एमएसपी को कानूनी रूप देने की मांग को पूरा करने और हरियाणा-पंजाब की सीमाओं को खुलवाने के लिए महामहिम राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन देने के बाद अभय सिंह



चौटाला ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि सरकार किसान आंदोलन की आड़ में लोगों को परेशान कर रही है। किसान आंदोलन के चलते बीजेपी सरकार ने 2 मुख्य सडक मार्ग बंद कर रखे हैं। इससे लोगों को आने-जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में राज्यपाल से अनुरोध किया गया है कि वह इस मामले में दखल देकर राज्य सरकार को रास्ते खुलवाने के निर्देश जारी करें। अभय सिंह चौटाला ने दावा किया कि राज्यपाल ने रास्ते बंद के मामले पर गहरी चिंता जाहिर की है। राज्यपाल ने खुद कहा कि किसानों को दिल्ली जाने से रोकना गलत है। अभय सिंह चौटाला ने कहा कि आज सरकार किसानों के साथ बहुत गलत कर रही है। तीन कृषि कानून को वापस लेते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एमएसपी कानून बनाने के लिए कमेटी बनाने की बात की थी। लेकिन अभी तक ऐसा नहीं हुआ है। अगर सरकार अन्नदाता के साथ ऐसा व्यवहार करेगी तो देश विकसित कैसे होगा। हमने राज्यपाल से सडक मार्ग बंद करने के मसले को प्रधानमंत्री से उठाने का भी अनुरोध किया है। खनोरी बॉर्डर पर भूख हड़ताल पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की हालत काफी खराब है। हरियाणा के विपक्ष और सरकार को मिलकर उनसे आग्रह करना चाहिए कि वह अपना अनशन छोड़ दें। किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की जान बहुत कीमती है। लेकिन सरकार को इसकी कोई चिंता नहीं है। साथ ही कांग्रेस को भी किसानों की कोई चिंता नहीं है। कांग्रेस किसान हित के नाम पर सिर्फ दिखावा करती है। आज देश के अन्नदाताओं के लिए खाद, बीज, दवाइयां और पानी का एक बड़ा मसला है। लेकिन कांग्रेस हरियाणा में इस पर बात करने की बजाय बड़े पूंजीपतियों अडानी, अंबानी जैसे मसलों पर प्रदर्शन कर रही है। कांग्रेस ने किसानों के मसले को कभी भी संसद में नहीं उठाया लेकिन अडानी, अंबानी के मसले पर कांग्रेस ने संसद को कई बार ठप्प किया।

# पूरे हलके में करवाया जाएगा एक समान विकास : भगवान दास कबीरपंथी

## नीलोखेड़ी में लगभग 3.50 करोड़ की लागत से विभिन्न वार्डों के विकास कार्यों का किया शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** विधायक भगवान दास कबीरपंथी ने कहा कि नीलोखेड़ी क्षेत्र में विकास कार्यों को गति प्रदान की जाएगी। विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं रहेगी। पूरे हलके में एक समान विकास करवाया जाएगा तथा मूलभूत सुविधाओं से संबंधित समस्याओं को प्राथमिकता पर हल किया जाएगा। नीलोखेड़ी के विधायक भगवान दास कबीरपंथी बुधवार को नीलोखेड़ी नगरपालिका क्षेत्र में लगभग साढ़े तीन करोड़ की लागत से होने वाले विकास कार्यों के शुभारंभ अवसर पर उपस्थितजनों को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने नीलोखेड़ी नगरपालिका क्षेत्र के वार्ड नंबर 1, 3 व 7 में




इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक के माध्यम से विभिन्न गलियों के निर्माण तथा विकास से संबंधित अन्य निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया और नारियल फोडकर निर्माण कार्य की विधिवत शुरूआत की।
विधायक ने कहा कि हरियाणा सरकार ने पूरे प्रदेश में समान विकास किया है। यही कारण है कि जनता ने हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों में इन्हीं विकास कार्यों पर मुहर लगाई है और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में भाजपा ने तीसरी बार सरकार बनाई है, इसके लिए आमजन को मेरी ओर से धन्यवाद है। यह विकास का पहिया आगामी समय में भी इसी प्रकार घूमता

**विकास पर बल**

**जनता ने हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों में विकास कार्यों पर मुहर लगाई है : विधायक**

रहेगा। आमजन की जरूरतों को ध्यान में रख विकास कार्यों को गति प्रदान की जाएगी। मूलभूत सुविधाओं में भी विस्तार जारी रहेगा। आमजन की समस्याओं को भी प्राथमिकता पर हल किया जा रहा है, इसके लिए अधिकारियों को समाधान शिविर लगाने के भी निर्देश दिए गए हैं। इन समाधान शिविरों के माध्यम से भी आमजन की सुनवाई हो रही है।

विधायक ने कहा कि वर्तमान सरकार आमजन को सुशासन प्रदान करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। आज हरियाणा में आमजन को योजनाओं का लाभ सीधा मिल रहा है, इसके लिए ऑनलाइन को बढ़ावा दिया गया है। योजनाओं का लाभ देने के लिए भ्रष्टाचार को भी खत्म किया है। आज लाभ पात्रों को सरकार से मिलने वाला लाभ उनके खातों में दिया जा रहा है, इससे भी भ्रष्टाचार पर अंकुश लगा है। उन्होंने कहा कि नीलोखेड़ी में भी सरकारी योजनाओं के लाभ पात्रों को समय से लाभ मिले इसके लिए भी अधिकारियों को निर्देश दे दिए गए हैं और आमजन को भी सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की भी विस्तृत जानकारी दी जा रही है।

# नगर निगम बना जीरो वेस्ट कार्यालय, सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त भी किया घोषित

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने बताया कि नगर निगम कार्यालय को जीरो वेस्ट कार्यालय बनाया गया है। इसके साथ-साथ कार्यालय को सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त भी घोषित किया गया है। इस बारे उन्होंने जानकारी देते बताया कि सेक्टर-12 स्थित नगर निगम कार्यालय जीरो वेस्ट तथा एकल प्रयोग प्लास्टिक मुक्त हो चुका है। उन्होंने बताया कि कार्यालय में पांच प्रकार के डस्टबिन रखे गए हैं, जिनमें अलग-अलग कचरा पृथक्करण करके प्रयोग में लाया जा रहा है। इस बारे निगम में कार्यरत सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है। निगमायुक्त ने कार्यालय को भविष्य में इसकी निरंतरता बनाए रखने के लिए आदेश भी जारी किए हैं। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कार्यालय में किसी भी प्रकार की सिंगल यूज प्लास्टिक



**जीरो वेस्ट**

**बॉयोमेडिकल वेस्ट का पूर्णत: डिस्पोजल इंसीनरेटर के माध्यम से करना सुनिश्चित किया जाए**

जैसे कि छोटी पानी की बोतल, पॉलीथिन, छोटे प्लास्टिक के कप व किसी भी दृष्टि से सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि किसी अधिकारी या कर्मचारी के कार्यालय में उपरोक्त वस्तुएं पाई जाती हैं या अधीनस्थ स्टाफ द्वारा कचरे को अलग-अलग नहीं किया जाता तो उनके विरूद्ध अनुशानात्मक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने सहायक अभियंता विद्युत तथा एआईटीएम को आदेश दिए कि कार्यालय से निकलने वाले हर तरह के इलेक्ट्रिक या इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट को काले रंग के कूड़ेदान में ही एकत्र किया जाए तथा इसका रिकॉर्ड भी मेंटेन किया जाए। उन्होंने ट्रिगर मास्टर, सभी मोटीवेटर एवं आईईसी एक्सपर्ट को आदेश जारी करते कहा कि कार्यालय से निकलने वाले गीले कचरे को मटका विधि से खाद बनाने में उपयोग में लिया जाए। सूखे कचरे का निपटान करने से पूर्व उसका पूर्णतः रिकॉर्ड रखा जाए। हानिकारक कचरे को लाल तथा बॉयोमेडिकल वेस्ट को पीले रंग के कूड़ेदान में एकत्र किया जाए। महिला शौचालय से निकलने वाले बॉयोमेडिकल वेस्ट का पूर्णतः डिस्पोजल इंसीनरेटर के माध्यम से करना सुनिश्चित किया जाए।

# बुजर्ग समाज की नींव होते हैं: प्रवीन गर्ग



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** वरिष्ठ नागरिक मंच का तीसरा परिवार मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिकों ने अपने भीतर छिपी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राइस उद्योगपति प्रवीण गर्ग तथा उनकी पत्नी आाशा गर्ग थे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि माडर्न डेयरी के मुख्य महाप्रबंधक डा.पीके जैन और रोटरी क्लब की अध्यक्ष मीनाक्षी जैन पार्षद मुकेश अरोड़ा और लवली अरोड़ा थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान ओपी गर्ग ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रवीण गर्ग ने कहा कि बुजुर्ग समाज की नींव होते हैं। इनका मागर्दशन मिलना महत्वपूर्ण हैं। विशिष्ट अतिथि डा. पीके जैन ने कहा कि समाज को सीनियर

**संवेदनशील**

**कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राइस उद्योगपति प्रवीण गर्ग तथा उनकी पत्नी आाशा गर्ग थे**

सिटीजन के प्रति संवेदनशील होना चाहिए। रोटरी क्लब की प्रधान मीनाक्षी जैन ने कहा कि सभी को मिल कर बुजुर्गों का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों की छत हमेशा हमारे ऊपर बनी रहना चाहिए। इस अवसर पर गुलशन मदान, एसएस पुरूथी, अश्वनी गुप्ता, शमशेर सिंह संधू, बीपी भाटिया, पीके माथुर, विनय छाबड़ा, विनोद अग्रवाल ने भी अपनी बात रखी। कार्यक्रम का संचालन केपी अग्रवाल ने किया।

# श्री राधा कृष्ण शाखा ने अपना आशियाना में की भोजन वितरण की सेवा

**मार्गदर्शन**

**यह सेवा प्रकल्प प्रांतीय संयोजक प्रियंका कठपाल के मार्गदर्शन में और उमेश तनेजा की अध्यक्षता में किया गया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** भारत विकास परिषद की श्री राधा कृष्ण शाखा की ओर से अपना आशियाना (बेसहारों का अपना घर) में भोजन वितरण की सेवा की गई। श्री राधा कृष्ण शाखा सदैव से सामाजिक कार्यों में अग्रणी रही है तथा विभिन्न प्रकार के सेवा और संस्कार के



प्रकल्प करती रही है। यह सेवा प्रकल्प प्रांतीय संयोजक (युवा संस्कार) प्रियंका कठपाल के मार्गदर्शन में और शाखा अध्यक्ष उमेश तनेजा की अध्यक्षता में किया गया।
प्रियंका कठपाल ने यह प्रकल्प करते हुए कहा कि हमारी संस्कृति में नर सेवा, नारायण सेवा मानी गई है। किसी जरूरतमंद की सेवा साक्षात ईश्वर की सेवा के समान है उन्होंने अपना आशियाना के मुख्य सेवादार राजकुमार अरोड़ा और पाल की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके द्वारा की जा रही सेवा का कोई सानी नहीं। उमेश तनेजा ने बताया कि शाखा पहले भी अपना आशियाना में सेवा करते करती रही है और आगे भी करती रहेगी। शाखा उपाधायक्ष प्रमोद नागपाल के सहयोग से अपना आशियाना में खाद्य सामग्री जिसमें 30 किलो चीनी, काले चने, राजमा भी उपलब्ध कराए गए। भोजन वितरण के समय शाखा के अन्य सदस्य अनिल अरोड़ा, निधि चौधरी, अजय चौधरी, सरिता तनेजा ने भी सहयोग दिया। सहपरिवार पुत्रों व पुत्रवधू संग सम्मिलित हो सेवा कार्य किया। अपना आशियाना की टीम ने सेवा कार्य करते रहने के संदर्भ में धन्यवाद स्वरूप प्रियंका कठपाल को स्मृति चिह्न भेंट करते हुए सम्मानित किया।

# बम को निष्क्रिय करने विषय पर किया गया मॉक ड्रिल



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**

**इंडियन** ऑयल के उपक्रम उत्तरी क्षेत्रीय पाइपलाइन पानीपत ने सुरक्षा सप्ताह में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। सुरक्षा सप्ताह के दौरान अचानक मिले बम को निष्क्रिय करने विषय पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। यह मॉक ड्रिल सीआईएसएफ, आईओसीएल पानीपत के सहयोग से आपातकालीन स्थितियों से निपटने की तैयारियों, प्रतिक्रिया तंत्र और विभिन्न हितधारकों के बीच समन्वय का परीक्षण करने के उद्देश्य से की गई थी।
इस अवसर पर शैलेश तिवारी कार्यकारी निदेशक एनआरपीएल, शरद अग्रवाल सीजीएम (ओ) और विजय कुमार वरिष्ठ कमांडेंट सीआईएसएफ व अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# यौन उत्पीड़न रोकथाम पर हुआ वर्कशॉप का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम नितिन राज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायधीश आराधना साहनी के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा एडीआर सेंटर में एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया।सीजेएम नितिन राज ने कहा कि महिलाओं का यौन उत्पीड़न(रोकथाम, प्रतिषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 (पोष अधिनियम) विषय पर वर्कशॉप का आयोजन किया गया। जिसके तहत असिस्टेंट प्रोफेसर



रिसोर्स पर्सन आरूषी मित्तल ने सभी को पोष एक्ट के बारे में विस्तार से जानकारी दी।
डीएलएसए के सीजेएम नितिन राज ने वर्कशॉप में आई महिला कर्मचारियों के प्रश्नों के जवाब दिए।
इस वर्कशॉप में उपायुक्त कार्यालय, पुलिस अधीक्षक, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग की महिला कर्मचारियों ने भाग लिया।

# जेएन विद्याव्रत संस्थान रायसन में दिसम्बर माह की परीक्षा आयोजित

**उच्च स्तरीय**

**मौखिक परीक्षाओं का आंकलन भी वार्षिक परीक्षाओं की तर्ज पर सीनियर अध्यापकों द्वारा किया गया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जेएन विद्याव्रत शिक्षण संस्थान रायसन में शैक्षणिक सत्र 2024-25 दिसंबर मास में आयोजित होने वाली परीक्षाएं से शुरू हुई। उच्च स्तरीय एवं सुव्यवस्थित परीक्षाओं के आयोजन के लिए अलग-अलग विभागों में अलग-अलग अध्यापकों को विभिन्न कर्तव्यों के अनुसार नियुक्त किया गया। प्राइमरी कक्षाओ में मौखिक परीक्षाओं का आंकलन भी वार्षिक परीक्षाओं की तर्ज पर सीनियर अध्यापकों द्वारा किया गया। विद्यालय में बोर्ड परीक्षाओं की तर्ज.पर बैठक व्यवस्था की उचित व्यवस्था व देखरेख अध्यापिका राखी शर्मा द्वारा की गई। बच्चों को बोर्ड परीक्षाओं की तरह रोल नंबर वितरित किए व बैठक व्यवस्था भी बोर्ड परीक्षाओं की तर्ज.पर की गई, ताकि बच्चे बोर्ड परीक्षाओं के अनुरूप स्वयं को अनुकूलित कर सके। पढ़ाई के लिए समय सारिणी बनाएं तथा उसी के अनुरूप परीक्षा की तैयारी करें। कक्षाओं में जिम्मेवार अध्यापक-अध्यापिका के रूप में रमेश राणा, लविश चौधरी, प्रिया, नैना, उषा, नितिन, नीरू, राखी, शालू, प्रतिभा, सविता देवी, पिंकी, नीलम, सीमा आदि स्टाफ मेम्बर उपस्थित रहे।

# युवक से मिनट एप के जरिए की 3.60 लाख की ठगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले के गांव धनौरा जागीर के एक युवक के साथ फर्जी मिनट एप्लिकेशन के जरिए बड़ी धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। अज्ञात व्यक्तियों ने फोन कॉल और टेलीग्राम के माध्यम से युवक को निवेश के नाम पर झांसे में लिया और 3.60 लाख रुपए अलग-अलग यूपीआई आईडी पर ट्रांसफर कराए। ठगों ने पैसे निकालने के बहाने अकाउंट फ्रीज कर दिया और अतिरिक्त राशि की मांग की। जब युवक ने पैसे देने से मना किया तो आरोपियों ने उससे संपर्क बंद कर दिया।

# जिले की दो महिलाओं से दहेज प्रताड़ना

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले के कस्बा घरौंडा में दहेज उत्पीड़न और घरेलू हिंसा के दो बड़े मामले सामने आए हैं। एक महिला ने अपने पतिए सास और रिश्तेदार पर गर्भपात कराने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है, जबकि दूसरी महिला ने पति और सास पर दहेज के लिए प्रताडित करने और घर से धक्के मारकर निकालने की शिकायत दर्ज कराई है।
पहला मामला गांव बरसत गांव का है, जिसमें शिकायतकर्ता ने बताया है कि उसकी शादी 10 महीने पहले पानीपत के बिंझल गांव में कृष्ण के साथ हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद ही उसका पति, सास और रिश्ते के मामा उसे दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे।
पीड़िता ने बताया कि आरोपी उसके साथ गाली-गलौज करते थे और दवाई तथा खर्चे के लिए मायके से पैसे लाने को मजबूर करते थे। जब उसने विरोध किया तो उसके पति ने मारपीट की और पेट पर लात मारी, जिससे उसका गर्भपात हो गया। पुलिस ने महिला की शिकायत पर पति, सास और मामा के खिलाफ केस दर्ज किया है।
दूसरी घटना सिरसी गांव की है, जिसमें पीड़िता ने बताया है कि

**मुकदमा**

**आरोपी उसके साथ गाली-गलौज करते थे और दवाई तथा खर्चे के लिए मायके से पैसे लाने को मजबूर करते थे**

उसकी शादी को 5 साल हो चुके हैं और उसकी एक बेटी है। शादी के बाद से ही उसका पति प्रदीप और सास सुनहरी दहेज के लिए उसे प्रताड़ित कर रहे हैं।
पीड़िता ने बताया कि 2 साल पहले ससुराल वालों ने उसे जबरन एसी लगवाने को मजबूर किया, लेकिन उसका लोन भरने से इनकार कर दिया। इसके अलावा उसके गहने छीन लिए गए। वह रोजाना गाली-गलौज और मारपीट का शिकार होती रही। महिला ने बताया कि बीती 14 सितंबर को सुबह 10 बजे पति और सास ने उसे बुरी तरह पीटा और जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद उसे घर से धक्के मारकर निकाल दिया।
महिला का आरोप है कि उसका पति विदेश जाने की योजना बना रहा है और उसे छोडने की धमकी देता है। पुलिस ने महिला की शिकायत पर पति और सास के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# दो महिलाएं बच्चों के साथ लापता

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले में तीन अलग-अलग मामलों में दो महिलाएं और एक युवती अपना घर छोडकर कहीं चली गई। इनमें एक महिला 9 साल की बच्ची के साथ भीख मांगने की बात पर विवाद के बाद घर छोड़ गई, दूसरी महिला 2 साल के बच्चे के साथ लापता हुई, जबकि तीसरे मामले में युवती ने घर से भागकर शादी कर ली और अपने घरवालों को फोन पर शादी करने की जानकारी दी। करनाल के सेक्टर 32-33 थाना के एक गांव के व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि 15 दिसंबर को उसकी 36 वर्षीय पत्नी 9 साल की बेटी के साथ अचानक घर छोडकर चली गई। पति ने आरोप लगाया कि पत्नी उसकी बच्ची को लेकर भीख मांगने जाती थी। अस्पताल में मिलने पर उसे घर आने को कहा, लेकिन उसने मना कर दिया। अगले दिन वह कहीं नहीं मिली। ससुराल वालों ने पति को धमकी दी कि

# दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में क्रिसमस कार्निवल की आगामी तैयारी हुई पूरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा/कुलदीप सिंह**

दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के प्रांगण में आगामी क्रिसमस डे पर्व पर प्री-नर्सरी से दूसरी तक के नन्हें-नन्हें कलाकारों के लिए विभिन्न क्रिसमस गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें बड़े उत्साह के साथ नन्हें-नन्हें कलाकारों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा दिखाई। कक्षा नर्सरी, एलकेजी व यूकेजी के नन्हें-नन्हें कलाकारों ने सांता मेकिंग, सांता कैप मेकिंग और सुंदर-सुंदर बैल बनाकर सबका मन-मोह लिया। कक्षा पहली के विद्यार्थियों ने कॉटन



बॉल का प्रयोग करके क्रिसमस ट्री को सजाकर अपनी कला-कौशल का परिचय दिया। कक्षा दूसरी के छात्रों ने कार्ड मेकिंग गतिविधि में सांता क्लास के सुंदर चित्र बनाएँ। विभिन्न गतिविधियों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वाले छात्रों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्कूल की प्रबंधन समिति ने जानकारी देती हुई बताया कि आगामी रविवार, 22 दिसंबर को दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, पानीपत के प्रांगण में क्रिसमस कार्निवल का आयोजन किया जा रहा है।

# दो गुर्गो को अवैध हथियारों सहित गिरफ्तार किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

**पुलिस** अधीक्षक लोकेंद्र सिंह आईपीएस के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर फुल कुमार की टीम ने कौशल गैंग के दो गुर्गो को अवैध हथियारों व जिंदा रौंद के साथ काबू करने में बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपियों की पहचान राजीव उर्फ राजू निवासी गौच्छी झज्जर हाल किरायेदार शीतला कॉलोनी गुरूग्राम व धीरज निवासी राजीव कॉलोनी करनाल के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक देसी पिस्टल, एक देसी पिस्तौल, चार जिंदा रौंद व एक वैग्नआर गाड़ी बरामद की है। उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सतीश वत्स ने बुधवार को जिला



सचिवालय स्थित पुलिस विभाग के सभागार में प्रैसवार्ता के दौरान प्रकरण की जानकारी देते हुए बताया कि सीआईए टू पुलिस की एक टीम मंगलवार देर शाम को गश्त व जांच पड़ताल के दौरान सिवाह बस स्टेंड के पास मौजूद थी। टीम को इसी दौरान गुप्त सूचना मिली की चौटाला रोड स्थित सेक्टर 29 कट पर बगैर नंबर प्लेट की एक सफेद रंग की वैग्नआर कार में संदिग्ध किस्म के दो युवक बैठे है। जिनके पास अवैध हथियार होने की संभावना है। पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर दबिश देकर कार में बैठे दोनों युवकों को काबू कर पूछताछ की तो ड्राइवर सीट पर बैठे युवक ने अपनी पहचान राजीव उर्फ राजू पुत्र धर्मबीर निवासी गौच्छी झज्जर हाल किरायेदार शीतला कॉलोनी

**काबू**

**आरोपियों के कब्जे से एक देसी पिस्टल, एक देसी पिस्तौल, चार जिंदा रौंद व एक वैग्नआर गाड़ी बरामद की है**

गुरूग्राम व साइड वाली सीट पर बैठे युवक ने धीरज पुत्र जयपाल निवासी राजीव कॉलोनी करनाल के रूप में बताई। तलाशी लेने पर आरोपी राजीव उर्फ राजू की पेट की जेब एक 30 बोर देसी पिस्टल व दो जिंदा रौंद व आरोपी धीरज की पेंट की जेब से एक 315 बौर देसी पिस्तौल व दौ जिंदा रौंद बरामद हुए। उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सतीश वत्स ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग दर्ज कर पुलिस ने गहनता से पूछताछ की तो आरोपियों ने कौशल गैग को अवैध हथियार व अन्य सामान सप्लाई करने की वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों से खुलासा हुआ कौशल गैग आरोपियों से अलग अलग जगह पर हथियार व अन्य सामान सप्लाई करवाता था। उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सतीश वत्स ने बताया कि आरोपियों का पहले भी आपराधिक रिकार्ड होना पाया गया है। आरोपी राजीव उर्फ राजू पर झज्जर, चरखी दादरी, गुरूग्राम व दिल्ली में गैंगस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट व लूट की वारदातों के 6 मामले दर्ज है।

## संपादकीय

# योगी आदित्यनाथ ने स्मरण कराया संभल का दर्द

**संसद के** शीतकालीन सत्र में संविधान और संभल के नाम पर मुस्लिम तुष्टिकरण की रोटियां सेंक रहे विपक्ष को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश की विधानसभा से करारा उत्तर दिया। योगी जी द्वारा अपने संबोधन में दिए गए तथ्यों और तर्कों से और संभल की राजनीति का पेंडुलम हिंदुत्व और सनातन की ओर मुड़ गया। अपने वक्तव्य में योगी जी ने संविधान के नाम पर की जा रही राजनीति की वास्तविकता को पूरी तरह से उजागर कर दिया। योगी जी के आक्रामक रुख से यह भी स्पष्ट हो गया है कि 2027 का विधान सभा चुनाव मात्र आक्रामक हिंदुत्व और सबका साथ सबका विकास के नारे के साथ नहीं अपितु बटेंगे तो करेंगे तथा एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे जैसे नारों के साथ भी होने जा रहा है। मुख्यमंत्री ने संविधान की किताब हाथ में लेकर घूमने वालों को एक ऐसा आईना दिखाया है कि अब समाजवादी पार्टी, बसपा व कांग्रेस को कोई उत्तर नहीं सूझ रहा है सिवाय यह कहने के कि संभल में केवल मतों का ध्रुवीकरण करने का नाटक चल रहा है। मुख्यमंत्री जी ने कई ऐसे यक्ष प्रश्न उठाये जिनसे विपक्ष के संविधान प्रेम की कलाई खुल गई। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के आंकड़ों को रखते हुए बताया कि 2017 के बाद अब तक प्रदेश में दंगों में 97 से 99 प्रतिशत की कमी आई है। 2012 से 2017 तक सपा के शासनकाल में 815 सांप्रदायिक दंगे हुए थे जिनमें 192 लोगों की मौत हुई थी, 2007 से 2011 के बीच 616 सांप्रदायिक घटनाएं हुईं जिनमें 121 लोग मारे गये। मुख्यमंत्री ने खुलासा किया कि संभल में तुर्क व पठान मुसलमानों के बीच विवाद चल रहा है। सपा के पूर्व सांसद शफीकुर्रहमान वर्क खुद को भारत का नागरिक नहीं अपितु अपितु बाबर की संतान कहते थे अतः आपको तय करना है कि आक्रांताओं को अपना आदर्श मानते हैं या राम,कृष्ण या बुद्ध की परंपरा को। अल्पसंख्यक तुष्टिकरण करने वाले समाजवादी संविधान विशेषज्ञों से उन्होंने स्पष्ट रूप से पूछा कि मुस्लिम मोहल्ले से शोभायात्रा क्यों नहीं निकल सकती ?क्या यह बात संविधान में लिखी है कि जब कोई शोभायात्रा मस्जिद के सामने से निकले तो उस पर पत्थरबाजी की जाये। उन्होंने कहा कि मुहर्रम हो या कोई भी मुस्लिम त्यौहार या जुलूस हिंदू मोहल्ला या मंदिरों के सामने से सुरक्षित निकलता है कोई समस्या नहीं होती जबकि यदि हिंदू शोभायात्रा किसी मस्जिद के सामने या मुस्लिम बहुल इलाके से निकलती है तो समस्या उत्पन्न हो जाती है। उन्होंने पहली बार सदन में 1978 में हिन्दुओं के प्रति में संभल में की गई नृशंस हिंसा के बारे में विस्तार से बताया कि किस प्रकार उन मुस्लिमों ने एक हिन्दू व्यवसायी जो हर समय मुसलमानों का सहयोग करते थे, उनको भाई की तरह मानते थे उनकी ही निर्ममता से हत्या कर दी थी। उस समय आपको कौन सा संविधान काम कर रहा था? योगी ने अपने संबोधन में विपक्षी दलों से बाबरनामा को पढ़ने की भी बात कही जिसमें स्पष्ट रूप से कहा गया है हरिहर मंदिर को तोड़कर उसके ऊपर मस्जिद नुमा ढांचा बनाया गया है। उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि संभल की शाही जामा मस्जिद हरिहर मंदिर है। पुराणों का संदर्भ देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कल्कि अवतार संभल में ही होगा।

# किसान आंदोलन : शरू हो चुकी है एकजुट होने की कवायद

निर्मल रानी

"हरियाणा की सीमा खनौरी में गत 24 दिन से आमरण अनशन कर रहे संयुक्त किसान मोर्चा के नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल का स्वास्थ्य लगातार गिरता जा रहा है। किसान नेता के स्वास्थ की देखरेख में लगे डॉक्टर्स उनकी सेहत को लेकर बेहद चिंतित हैं। डल्लेवाल 80 साल की उम्र में इतने दिनों से आमरण अनशन पर बैठे हैं। उनकी देखभाल में लगे डॉक्टर्स के अनुसार पहले से ही कैंसर रोग से पीड़ित डल्लेवाल के लिवर व किडनी को इस अनशन के कारण काफी नुकसान पहुँच चुका है। उनकी किडनी व लीवर की स्थिति काफी नाजुक होती जा रही है। गौरतलब है कि इसी वर्ष 13 फरवरी को पंजाब के किसान अपनी उन मांगों को पूरी करने के वादों को याद दिलाने के लिये दिल्ली जाना चाह रहे थे जो कि मोदी सरकार द्वारा तीन विवादित कृषि कानून वापस लेते समय सरकार द्वारा मानी गयी थीं"

**पंजाब** - हरियाणा की सीमाओं पर चलने वाला किसान आंदोलन धीरे धीरे और गंभीर रूप धारण करता जा रहा है। क्योंकि हरियाणा की सीमा खनौरी में गत 24 दिन से आमरण अनशन कर रहे संयुक्त किसान मोर्चा के नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल का स्वास्थ्य लगातार गिरता जा रहा है। किसान नेता के स्वास्थ की देखरेख में लगे डॉक्टर्स उनकी सेहत को लेकर बेहद चिंतित हैं। डल्लेवाल 80 साल की उम्र में इतने दिनों से आमरण अनशन पर बैठे हैं। उनकी देखभाल में लगे डॉक्टर्स के अनुसार पहले से ही कैंसर रोग से पीड़ित डल्लेवाल के लिवर व किडनी को इस अनशन के कारण काफी नुकसान पहुँच चुका है। उनकी किडनी व लीवर की स्थिति काफी नाजुक होती जा रही है। गौरतलब है कि इसी वर्ष 13 फरवरी को पंजाब के किसान अपनी उन मांगों को पूरी करने के वादों को याद दिलाने के लिये दिल्ली जाना चाह रहे थे जो कि मोदी सरकार द्वारा तीन विवादित कृषि कानून वापस लेते समय सरकार द्वारा मानी गयी थीं। परन्तु हरियाणा सरकार ने उन्हें पंजाब सीमा से आगे बढ़कर दिल्ली पहुँचने से रोक दिया। तभी से यह किसान पंजाब - हरियाणा की खनौरी व शम्भू सीमाओं पर डटे हुये हैं और बीच बीच में दिल्ली जाने का प्रयास भी करते रहे हैं।

काबिल-ए-गौर है कि जब एक वर्ष से भी लंबे समय तक चले संयुक्त किसान मोर्चा के आंदोलन ने नवंबर 2021 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसे कभी 'न झुकने ' की छवि बनाने वाले नेता को तीन विवादित कृषि कानून वापस लेने के लिये मजबूर कर दिया था उस समय देश के किसानों के अधिकांश संगठन एकजुट थे। और इसी किसान एकता ने केंद्र सरकार को घुटने टेकने के लिये मजबूर कर दिया था। परन्तु उस समय भी कृषि कानून वापस लेने की घोषणा करते समय प्रधानमंत्री मोदी यह कहने से चूके थे कि -' हमारी सरकार किसानों के कल्याण के लिए देश के कृषि जगत के हित में, गांव, गरीब के हित में पूर्ण समर्थन भाव से, नेक नियत से ये कानून लेकर आई थी। लेकिन इतनी पवित्र बात, पूर्ण रूप से किसानों के हित की बात हम कुछ किसानों को समझा नहीं पाए। शायद हमारी तपस्या में कमी रही। भले ही



**परन्तु याद कीजिये उस समय भी सरकार ने अपने समर्थन में कई ऐसे संगठनों के नाम बता दिए थे जिनका नाम पहले न तो कभी सुना गया न ही वे संगठन अस्तित्व में थे। यानी फर्जी संगठनों को किसान संगठन बता कर किसानों में फूट डालने की कोशिश 2020-21 के किसान आंदोलन के समय भी की गयी थी।**

किसानों का एक वर्ग इसका विरोध कर रहा था। हमने बातचीत का प्रयास किया। ये मामला सुप्रीम कोर्ट में भी गया। हमने कृषि कानूनों को वापस लेने का फैसला किया। यह बात मोदी ने तब कही थी जब कि उस समय देश के अधिकांश छोटे बड़े किसान व उनके अधिकांश संगठन एकजुट थे।

परन्तु याद कीजिये उस समय भी सरकार ने अपने समर्थन में कई ऐसे संगठनों के नाम बता दिए थे जिनका नाम पहले न तो कभी सुना गया न ही वे संगठन अस्तित्व में थे। यानी फर्जी संगठनों को किसान संगठन बता कर किसानों में फूट डालने की कोशिश 2020-21 के किसान आंदोलन के समय भी की गयी थी। परन्तु अब 13 फरवरी 24 से किसानों द्वारा शुरू किया गया आंदोलन जिसे कि शुरू से ही संयुक्त किसान मोर्चा से पूर्व में जुड़े सभी किसान संगठनों का समर्थन हासिल नहीं है, वह सिर्फ इसी आपसी फूट के चलते लंबा खिंचता जा रहा है। यहाँ तक कि आमरण अनशन पर बैठे 80 वर्षीय किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल का जीवन भी संकट में पड़ गया है। उधर सरकार तमाशाई बनी बैठी है तथा किसानों की आपसी फूट को देखते हुये आंदोलन को तब तक खींचे रखना चाहती है जब तक किसान थक हार कर आंदोलन समाप्त न कर दें या इनमें और अधिक फूट न पड़ जाये। मगर जगजीत सिंह डल्लेवाल के अनशन का सरकार पर असर पड़े या न पड़े लेकिन किसान संगठनों व विपक्षी नेताओं पर इसका प्रभाव पड़ता जरूर दिखाई देने लगा है। जहां विभिन्न विपक्षी राजनैतिक दलों के नेता खनौरी स्थित डल्लेवाल के अनशन स्थल पर उनका स्वास्थ समाचार लेने बड़ी संख्या में पहुँचने लगे हैं वहीं संयुक्त किसान मोर्चा के विभिन्न धड़ों में भी हलचल तेज हो चुकी है। एस के एम के कई महत्वपूर्ण घटकों से किसान एकता के स्वर उठने शुरू हो चुके हैं। इनमें सबसे महत्वपूर्ण बयान किसान नेता राकेश टिकैत की ओर से आया है।

पत्रकारों से बातचीत करते हुये टिकैत ने कहा है कि-' किसान यदि अलग-अलग चलेंगे तो लुटेंगे। हमें एकजुट रहना होगा। 10 महीने पहले जब आंदोलन शुरू हुआ हमने सबको कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा और सब इकट्ठा हो जाएं। दिल्ली की कॉल अलग-अलग मत दें। जब तक इकट्ठा नहीं होंगे तब तक दिल्ली से दूर रहना चाहिए। हमें जगजीत सिंह डल्लेवाल की चिंता है। हम प्रदर्शनकारियों के साथ हैं।'' राकेश टिकैत ने कहा है कि सरकार को जल्द ही बात करनी चाहिए। बात सरकार को करना है, नफा नुक़्सान सरकार को देखना है। दिल्ली की तैयारी करनी है तो सभी लोगों को इकट्ठा होना होगा। सभी मोर्चे को इकट्ठा होकर बातचीत करनी चाहिए। गौरतलब है कि धरने पर बैठे किसानों ने संयुक्त किसान मोर्चा को आंदोलन को सहयोग व समर्थन देने सम्बन्धी चिट्ठी भी लिखी है। पंजाब व हरियाणा के भी कई किसान संग्ठन, व्यापक किसान एकता की बात जोर शोर से करने लगे हैं। देर से ही सही परन्तु किसान नेताओं को अब यह समझ आने लगा है कि केंद्र सरकार 2020-21 के संगठित किसानों के आंदोलन को कमजोर व बदनाम करने के लिये कौन से हथकंडे नहीं अपना रही थी? फर्जी किसान संगठनों को खड़ा करने से लेकर किसान आंदोलन को बदनाम करने तक के लिए सरकार द्वारा कौन कौन से प्रोपेगण्डे नहीं किये गये ? इन्हें आन्दोलनजीवी,खालिस्तानी,देशद्रोही न जाने क्या क्या कहा गया ? आंदोलन के चरित्र पर सवाल खड़े किये गये। परन्तु इन सब आरोपों के बावजूद सरकार को इन्हीं तथाकथित आन्दोलनजीवी, खालिस्तानी व देशद्रोही किसानों की मांगों के आगे घुटने भी टेकने पड़े। और स्वयं प्रधानमंत्री को सामने आकर कृषि कानून वापस लेने की घोषणा करते समय किसानों को संबोधित करना पड़ा। इसका कारण केवल एक था और वह था संयुक्त किसान मोर्चा के संयुक्त तत्वावधान में चलने वाला ऐतिहासिक किसान आंदोलन। अब डल्लेवाल के अनशन व 18 दिसंबर को किसानों द्वारा पंजाब में आहूत रेल रोको आंदोलन के बाद ऐसा लगता है कि किसान संगठनों के एकजुट होने की कवायद फिर से शुरू हो चुकी है।

## कविता

**देश की मिट्टी याद दिलाती है।**

**मेरे देश की मिट्टी हमेशा याद दिलाती है।**
**हमारी तलवारें दुश्मनों पर कहर ढाती है।**

**हमें भारत माता की करनी है सुरक्षा,**
**आतंक से करनी है मानवता की रक्षा।**

**मंसूबे कितने भी मलिन हो दुश्मनों के,**
**मनोबल नहीं टूटेंगे देश के सैनिकों के।**

**आन बान,शान बनी रहे पवित्र तिरंगे की,**
**देश की रक्षा करेंगे कसम माँ गंगे की।**

**दुष्मन,बाहर के हो या अंदर के सुनों,**
**देश भक्त बनो या मृत्यु शैया को चुनों।**

**पवित्र धरा और निर्मल गंगा हमारी माँ है,**
**करोड़ों देशभक्तों की बसती इसमें जाँ है।**

**किसी और देश में बिकते होंगे ईमान ,**
**भारत में सिर्फ हैं देशभक्त सच्चे इंसान ।**

**जिन्हें है देश से प्यार और भारत में रहना है।**
**उन्हें तो भारत में वंदे मातरम गाते रहना है।**

संजीव

# हरियाणा के पिछड़े वर्ग का चेहरा कैबिनेट मंत्री 'रणबीर गंगवा'

**प्रियंका सौरभ**

**बरवाला में** रणबीर गंगवा के नेतृत्व को कृषि सुधारों, ग्रामीण विकास और सार्वजनिक सेवाओं में सुधार के प्रति उनके समर्पण से देखा जा सकता है। इनके काम ने किसानों के समर्थन पर विशेष ध्यान देने के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में जीवन स्तर में काफी सुधार किया है। एक सामाजिक कार्यकर्ता और नेता के रूप में ये समुदाय की मदद करने और बरवाला में जीवन को बेहतर बनाने के लिए समर्पित हैं। ये अपने क्षेत्र के लोगों की मदद के लिए स्थानीय परियोजनाओं पर काम करते हैं। रणबीर सिंह गंगवा का जन्म 4 मार्च 1964 को हिसार जिले के गंगवा गाँव में हुआ। इनके पिता का नाम राजाराम और माता का नाम केसर देवी है। पत्नी अंगूरी देवी से इनकी शादी बहुत कम उम्र में हो गई थी। इनकी दो बेटे सुरेंद्र गंगवा और संजीव गंगवा हैं। 34 साल की राजनीतिक यात्रा में इन्होने कैबिनेट मंत्री के पद तक का ऐतिहासिक सफर तय किया है। गंगवा ने राजनीति की शुरूआत अपने गाँव गंगवा से की थी, जहाँ उन्होंने पंच का चुनाव जीता था। इन्होंने हिसार जिले की बरवाला विधानसभा क्षेत्र में पहली बार भारतीय जनता पार्टी के 'कमल खिलाने' का रिकॉर्ड भी अपने नाम किया है। रणबीर गंगवा ने 1990 में 26 साल की उम्र में अपने गाँव में पंच का चुनाव लड़ा था, जहाँ से उन्होंने राजनीतिक पारी की शुरूआत की। 2024 में बीजेपी ने उन्हें नलवा की बजाय बरवाला विधानसभा से उम्मीदवार बनाया, जहाँ उन्होंने पहली बार पार्टी को जीत दिलाई। इस ऐतिहासिक जीत में उनकी इस यात्रा में कड़ी मेहनत और लगातार संघर्ष का सामना करने की उनकी क्षमता विजय गान करती नजर आती है। पिछले कुछ वर्षों में, 60 वर्षीय रणबीर गंगवा हरियाणा की सत्तारूढ़ भाजपा में पिछड़े वर्ग का एक प्रमुख चेहरा बनकर उभरे हैं। नायब सिंह सैनी मंत्रिमंडल में इनको सार्वजनिक स्वास्थ्य इंजीनियरिंग और सार्वजनिक निर्माण (भवन और सड़कें) विभाग दिया गया है। रणबीर गंगवा वर्ष 2000 में लम्बी राजनीति के सफर में शामिल हुए जब वह हिसार ज़िला परिषद के लिए चुने गए। 2005 में वे पुनः निर्वाचित हुए और इसके उपाध्यक्ष बने। चार साल बाद पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला ने इनको इंडियन नेशनल लोकदल (आईएनएलडी) के टिकट पर नलवा विधानसभा क्षेत्र से मैदान में उतारा। हालांकि, कांग्रेस उम्मीदवार और पूर्व मंत्री संपत सिंह चुनाव जीत गए। बाद में, गंगवा 2010 में आईएनएलडी के टिकट पर राज्यसभा के लिए चुने गए। 2014 में, पार्टी ने इनको फिर से नलवा विधानसभा सीट से मैदान में उतारा।

## विचार

# कोई बताए तो सही कि क्या कमी है 'एक देश एक चुनाव' में

**आर.के. सिन्हा**

**'एक देश** एक चुनाव' के सपने को साकार करने की तरफ देश बढ़ रहा है। बेशक,लगातार चुनाव देश की प्रगति में बाधा बन रहे हैं। भारत में 'एक देश-एक चुनाव' का विचार एक ऐसा विषय है जिस पर अलग-अलग लोगों की अलग-अलग राय है। कुछ लोगों का मानना है कि इससे देश को कई फायदे होंगे, वहीं कुछ लोग इसके कुछ नुकसान भी बताते हैं। पर ये सच है कि बार-बार चुनाव कराने में काफी पैसा खर्च होता है। एक साथ चुनाव कराने से इस खर्च को काफी हाद थे कम किया जा सके। चुनावों में सरकारी कर्मचारियों और सुरक्षा बलों की भारी संख्या में तैनाती करनी पड़ती है। जाहिर है, बार-बार चुनाव होने से कामकाज में बाधा तो आती ही है साथ ही संसाधनों का भारी दुरुपयोग भी होता है। एक साथ चुनाव कराने से इस समस्या को दूर काफी हद तक कम किया जा सकता है। पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली समिति की सिफारिशों के बाद सरकार एक देश- एक चुनाव की तरफ तेजी से बढ़ रही है। इससे लोकसभा, विधानसभा, नगर निकाय और पंचायत चुनाव सभी एक साथ होंगे। यह सब 100 दिनों के अंदर ही संपन्न होगा। सरकार का मानना है कि इससे देश की जीडीपी में 1-1.5 प्रतिशत की वृद्धि होगी। केंद्र सरकार इस मुद्दे पर आम सहमति बनाना चाहती है। यह मामला किसी एक दल का नहीं, बल्कि पूरे देश के हित में है। यह सबको पता है कि देश में बार-बार चुनाव होने से जनता और सरकारी अधिकारियों का समय और संसाधन बर्बाद होता है। एक साथ चुनाव कराने से यह सब नहीं होगा। एक साथ चुनाव होने से राजनीतिक स्थिरता में सुधार आएगा, क्योंकि सरकार को बार-बार चुनावों की चिंता नहीं करनी पड़ेगी। इसके साथ ही एक साथ चुनाव होने से प्रशासन पर दबाव कम होगा और वे अपने काम पर अधिक ध्यान केंद्रित कर पाएंगे। तो आप कह सकते हैं कि 'एक देश, एक चुनाव' से कई मसलों का हल हो जाएगा। चुनावों की अवधि कम हो जाने से, शासन और विकास कार्यक्रमों पर ध्यान केंद्रित किया जा सकेगा। एक देश, एक चुनाव भाजपा और नरेंद्र मोदी का पुराना एजेंडा है। प्रधानमंत्री बनने के बाद से ही मोदी जी इसकी वकालत करते रहे हैं। अपने दूसरे कार्यकाल में 2 सितंबर 2023 को कोविंद कमिटी बना कर उन्होंने पहला कदम बढ़ाया था। निश्चित रूप से बार-बार चुनाव होने से सरकारें नई नीतियों और योजनाओं को लागू करने में झिझकती हैं। एक साथ चुनाव होने से सरकारों को स्थिरता मिलती है और वे बेहतर ढंग से काम कर पाती हैं। एक बात और कि बार-बार चुनाव होने से राजनीतिक दल विकास के मुद्दों से भटक जाते हैं और चुनाव जीतने पर ही ध्यान केंद्रित करते हैं। एक साथ चुनाव होने से राजनीतिक दलों को विकास पर ध्यान केंद्रित करने का अधिक अवसर मिलता है।

'एक देश-एक चुनाव' के विपक्ष में तर्क में कुछ पिलपिले तर्क आ रहे हैं। जैसे कि राष्ट्रीय चुनावों के साथ-साथ राज्यों के चुनाव होने से क्षेत्रीय दलों को राष्ट्रीय दलों के साथ प्रतिस्पर्धा करने में कठिनाई हो सकती है। कुछ लोगों का मानना है कि एक साथ चुनाव कराने से लोकतंत्र कमजोर हो सकता है क्योंकि इससे राष्ट्रीय स्तर पर एक ही राजनीतिक दल का दबदबा हो सकता है। यह सब तर्क कमजोर हैं। दुनिया के कई देशों में अलग-अलग चुनाव व्यवस्थाएं हैं।

कुछ देशों में एक साथ चुनाव होते हैं, जबकि कुछ देशों में अलग-अलग समय पर चुनाव होते हैं। स्वीडन, बेल्जियम और दक्षिण अफ्रीका जैसे देशों में राष्ट्रीय और स्थानीय चुनाव एक साथ कराए जाते हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में राष्ट्रीय और स्थानीय चुनाव अलग-अलग समय पर होते हैं। बहरहाल, एक देश-एक चुनाव से देश के आम जनमानस में राष्ट्र की अवधारणा सशक्त होगी। भारत में साल 1967 तक लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए चुनाव एक साथ ही होते थे। साल 1947 में आजादी के बाद भारत में नए संविधान के तहत देश में पहला आम चुनाव साल 1952 में हुआ था।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## समीक्षा

# अपराध मनोविज्ञान: एक परिचय

***(शिव शंकर सिंह**

अपराध मनोविज्ञान वस्तुतः अपराधियों और संदिग्धों के विचारों, इरादों, कार्यों और प्रतिक्रियाओं का अध्ययन है। जिसकी आज के दौर में अपराध नियंत्रण एवं कानूनी अदालतों सहित समाज सुधार तथा अपराधिक व्यवहार में लिप्त लोगों के मनोवैज्ञानिक आकलन में महत्वपूर्ण भूमिका है। सामान्यतः सार्वजनिक कानून द्वारा दंडनीय व्यवहार , अनैतिक माना जाने वाला व्यवहार, सामाजिक मानदंडों या परंपराओं का उल्लंघन करने वाला व्यवहार या गंभीर मनोवैज्ञानिक नुकसान पहुँचाने वाले कार्य आपराधिक व्यवहार की परिभाषा के अंतर्गत आते हैं।

डॉ राजेश कुमार तिवारी द्वारा लिखित सद्यः प्रकाशित अपराध मनोविज्ञानः एक परिचय शीर्षक पुस्तक अपराधिक कार्यों के पीछे की मनोवैज्ञानिक जटिलताओं का पता लगाने तथा मानव व्यवहार को समझने की दिशा में एक महत्वपूर्ण योगदान है। सम्प्रति टी एन बी कालेज के मनोविज्ञान विभाग के अध्यक्ष तथा तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय के प्रखर सीनेट सदस्य पुस्तक के लेखक डॉ. राजेश कुमार तिवारी एक ख्यातिप्राप्त विधि-विशेषज्ञ रहे हैं। अपने लंबे शैक्षणिक और विधिक अनुभव व सक्रिय सामाजिक सरोकारों के समस्त अनुभवों को पिरोकर डॉ. तिवारी ने प्रस्तुत पुस्तक में मानव मन के उन अंधेरे कोनों को टटोलने का सक्षम प्रयास किया है कि आखिर क्या किसी व्यक्ति को अपराध करने के लिये प्रेरित करता है? किन मायनों में अपराधियों का मनोविज्ञान समाज के बाकी लोगों से भिन्न है?

डॉ. तिवारी का यह विश्लेषणात्मक अन्वेषण इस पुस्तक की उपयोगिता व अनिवार्यता को प्रतिस्थापित करता है। हाल ही में एक समारोह में पुस्तक का लोकार्पण ललित नारायण मिथिला यूनिवर्सिटी के वाईस चांसलर संजय कुमार चौधरी, भागलपुर नगर निगम के डिप्टी मेयर सलाउद्दीन अहसान, एस एस वी कालेज कहलगांव के प्रिंसिपल डॉ. मिहिर कुमार मिश्र, लेखक की माता वरिष्ठ साहित्यकार मीना तिवारी एवं इतिहासकार शिव शंकर सिंह पारिजात द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

## गपशप एक्सप्रेस

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**

**दोपहर** के समय घरों की गलियों में एक खास हलचल होती है, जो सुबह की आपाधापी और शाम की चहल-पहल से बिल्कुल अलग होती है। यह समय होता है जब मोहल्ले की महिलाएं अपने तमाम कामकाज निपटाकर थोड़ी देर के लिए चैन की सांस लेती हैं और इस चैन को गपशप के मसालेदार लिबास में लपेटकर एक-दूसरे के साथ साझा करती हैं। यह गपशप केवल बातचीत नहीं होती, बल्कि इसमें दुनिया जहान के सारे मुद्दे, राजनीति से लेकर पड़ोस की पॉलिटिक्स तक, फिल्मी गॉसिप से लेकर नई रेसिपी तक, और कभी-कभी तो कौन किसकी सास से कितना परेशान है जैसे गंभीर विषय भी शामिल होते हैं। जैसे ही एक महिला आवाज लगाती है, चाय बन गई, आ जाओ, बाकी मंडली अपने-अपने घरों से ऐसे निकलती हैं जैसे सभा में शामिल होना सीबीआई की बैठक में भाग लेने जैसा अनिवार्य कार्य हो। गोल चबूतरे पर, या किसी के आंगन में चटाई पर जम जाती हैं।

हाथ में चाय का कप और मन में दिनभर की भड़ास लिए, बातों का सिलसिला शुरू हो जाता है।

अरे, कल सुनीता की बहू को देखा था? इतना महंगा सूट पहन रखा था! लगता है, बेटा बहुत कमा रहा है। अरे बहन, वो सब दिखावा है। मैंने तो सुना है, वो ईएमआई पर जी रहे हैं। सूट का पैसा किस्तों में चुका रही होगी।यह सुनते ही सबकी हंसी छूट जाती है। हंसी के ठहाकों के बीच, किसी को अचानक याद आता है कि पड़ोस की नई बहू के बारे में भी चर्चा करनी चाहिए। थोड़ी देर बाद गपशप का रुख फिल्मी दुनिया की ओर मुड़ता है। कृति सेनन की नई फिल्म देखी? उसमें वो क्या नाम है, वही... वही हीरो जो बड़ा हैंडसम है! अरे, ऋतिक रोशन की बात कर रही हो? वो अब भी हीरो है क्या? मैं तो सोच रही थी, रिटायर हो गया होगा।फिल्मों से होते हुए बातचीत का विषय अचानक राजनीति पर आ जाता है।

सुना है, हमारे वार्ड में नई सड़क बनने वाली है। हां, सुना तो है, पर मुझे शक है। नेता लोग सिर्फ चुनाव से पहले ऐसी बातें करते हैं।

## न्यूज फ्लैश

### इंस्पेक्टर अतर सिंह ने जीते दो कांस्य पदक



**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** हरियणा पुलिस के सेवानिवृत इंस्पेक्टर पलड़ी गांव के अतर सिंह आंतिल ने हरियाणा राज्य मास्टर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में दो कांस्य पदक जीते। यह प्रतियोगिता 14 से 15 दिसंबर को चंडीगढ़ में आयोजित की गई। अतर सिंह ने 55 प्लस आयु वर्ग में जैवलिन थ्रो व शाटपुट में कांस्य पदक जीते। उनका चयन हरियाणा के दल में चयन हो गया है। वे जनवरी महीने में केरल में होने वाली मास्टर नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशप में शिरकत करेंगे। अतर सिंह ने बताया कि उन्हें बचपन से कुश्ती का शौक था। अंतरराष्ट्रीय कुश्ती कोच प्रेम सिंह आंतिल से उन्होंने कुश्ती के टिप्स सीखे और जूनियर नेशनल में कांस्य पदक जीता। इसके बाद उन्होंने इंटर कालेज कुश्ती प्रतियोगिता में स्वर्ण और आल इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में कुश्ती में कांस्य पदक जीता। कुश्ती के साथ-साथ उन्हें जैवलिन थ्रो व शाटपुट खेल में भी खासी दिलचस्पी है। इस शौक का पूरा करने के लिए अतर सिंह ने राज्य स्तरीय मास्टर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में शिरकत की और सफलता मिली। अतर सिंह ने बताया कि अब उनका लक्ष्य नेशनल मास्टर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में पदक जीतना है। इसके लिए वे तैयारी में जुट गए हैं।

### बड़ी सी आशा कार्यक्रम सांग का हुआ आयोजन



**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** पानीपत के पसीना खुर्द व बबैल समुदाय में जिला शिक्षा विभाग, ग्राम पंचायत ओर ब्रेकथ्रू संस्था के संयुक्त तत्वाधान मे बड़ी सी आशा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ब्रेकथ्रू संस्था द्वारा समुदाय में बड़ी सी आशा कार्यक्रम के तहत सांग आयोजन किया गया ।। ब्रेकथ्रू संस्था पिछले 10 सालों से हरियाणा के 6 जिलों के 125 गाँव मे जेंडर संवेदनशीलता को लेकर काम कर रही है। जेंडर संवेदनशीलता के प्रति गाँव में नुक्कड़ नाटक, सभाओं और सांग के माध्यम से लोगों को जेंडर संवेदनशीलता के प्रति जागरुक किया जाएगा। किशोरी किशोरियों के सपनों को लेकर माता पिता से बातचीत करना इस अभियान का लक्ष्य रहेगा। अभियान के तहत समुदाय में सांग के जरिए लड़कियों की शिक्षा का अभियान चलाया गया। सांग में दिखाया गया कि लड़कियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए कितनी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। सांग में दिखाया गया कि कैसे लडकियों को शिक्षा से वंचित रहना पड़ता है, जबकि लड़कों को सारे अधिकार दिए जाते। इसके अलावा कैसे एक लड़के के लिए लडकियों को जन्म दिया जाता है और फिर लड़के की खुशी की वजह से लड़कियों की पढ़ाई छुट जाती है। पढ़ाई छूटने की वजह से लड़कियों की शादी जल्दी कर दी जाती है। ब्रेकथ्रू संस्था ने ग्राम वासियों से सांग में माध्यम से लड़कियों की शिक्षा की ओर जोर दिया, जिसमें माता-पिता ओर गांववासियों का सहयोग बहुत जरूरी है। ब्रेकथ्रू संस्था से प्रवीन ने कहा कि संस्था का यही उद्देश्य है कि किसी के साथ जेंडर आधारित भेदभाव ओर हिंसा ना हो, यह अस्वीकार्य बने । पसीना खुर्द समुदाय सरपंच रणबीर व ग्रामवासियों ने ब्रेकथ्रू संस्था का धन्यवाद किया और कहा कि यह समाज मे बदलाव के लिए बहुत जरूरी है जिससे लड़कियों को आगे बढ़ाने के प्रयास को लेकर जागरुकर्ता का काम कर रही है जिससे समाज मे बराबरी का माहौल होगा ओर लड़कियों को आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। इस अवसर समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे।

### यूपी से चार हजार में खरीदा देसी कट्टा, फरीदाबाद में गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** स्थानीय पुलिस ने अवैध हथियार सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है और उसके कब्जे से एक देसी कट्टा बरामद किया है। आरोपी से पूछताछ के बाद पुलिस द्वारा बुधवार को उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार आरोपी नितिन वासी कार्रवाई करते हुए आरोपी को राजा चौक नजदीक छट पूजा घाट पार्क एसजीएम नगर फरीदाबाद से काबू किया है।

# स्कूली छात्रों को बुनियाद, सुपर-100 की प्रक्रिया, सुविधाएं बताकर प्रतिभागिता के लिए प्रेरित किया

### मंच के माध्यम से बुनियाद व सुपर-100 पर प्रकाश डाला गया



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** उपमंडल बराड़ा के अधीनस्थ राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के परिसर में शिक्षा विभाग हरियाणा के तत्वाधान में विकल्प फाउंडेशन के सौजन्य से एक प्रतिभा खोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया ,जिसमें अश्वनी मलिक एसडीएम(ना०) बराड़ा, मुख्य अतिथि तथा सुरेश कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी, अम्बाला तथा प्रमोद कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी,बराड़ा विशिष्ट अतिथि व मोनिका, खंड संसाधन संयोजिका, बराड़ा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मंच संचालन टीजीटी संस्कृत रामप्रसाद कौशिक द्वारा बखूबी किया गया ' मंच के माध्यम से बुनियाद व सुपर-100 पर प्रकाश डाला गया ' वक्ताओं ने स्कूली छात्रों को विभिन्न 8वीं कक्षा वर्ग के अनुसार बुनियाद तथा उच्च कक्षा 10वीं के छात्रों को सुपर -100 प्रतियोगिताओं की दस्तावेजी प्रक्रिया, पंजीकरण ,आवेदन, भोजन, आवास ,फीस तथा कोचिंग आदि की ऑनलाइन व ऑफलाइन मिलने वाली विभिन्न सुविधाओं से अवगत करवाया गया ' वक्ताओं ने बच्चों को बताया कि मेधावी स्कूली छात्रों को इस कार्यक्रम में भागीदार बनाकर स्थानीय व खंड स्तर पर विषय विशेषज्ञों द्वारा चिकित्सा, अभियांत्रिकी तथा अन्य विविध विधाओं की कोचिंग तथा अनुभव एवं प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें व्यावसायिक विकल्पों के चयन तथा अपनाने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। छात्रों को इससे आर्थिक सहायता, आवास ,ज्ञान ,तकनीकी ज्ञान स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध होने से प्रतिभा निखारने हेतु मार्गदर्शन निशुल्क प्राप्त होता है, जिससे निर्धन, मेधावी व विशेष कर ग्रामीण अंचल के विद्यार्थियों को इससे लाभान्वित होने का अवसर प्राप्त होता है। वर्ष 2018 से प्रारंभ की गई इस परियोजना से अब तक 5500 विद्यार्थी शिक्षित, प्रशिक्षित होकर विभिन्न आई.आई.टी.व एमबीबीएस आदि विधाओं में सफल हो चुके हैं।

आयोजकों ने छात्रों को विभाग की समय सारणी के निर्धारित समय अनुसार पंजीकरण करवाने व मिशन एवं संकल्पना के सुनहरी अवसर का लाभ उठाने का आान किया।

# टावर लगाने से नही रोका गया तो महिलाएं बैठेगी धरने पर



**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा/सोमपाल सैनी**
**खरखौदा** के रिहायशी क्षेत्र में दिल्ली रोड वार्ड 5 में टॉवर लगाने का काम चला हुआ है। जिसको रोकने के बारे में बीते दिनों पहले वार्डवासी महिलाओ ने सीएम विंडो के साथ-साथ अन्य अधिकारियों को भी शिकायत दी थी। उसी मामले में खरखौदा के दिल्ली रोड के स्थित वार्ड संख्या 5, की महिलाएं नगरपालिका सचिव से भी मिली। शिकायत पर नगरपालिका सचिव ने काम को रुकवा दिया। लेकिन टॉवर लगाने वाली कंपनी ने रात को काम शुरू कर दिया। जिसके बाद वार्ड 5

**मांग**

**▶▶ खरखौदा के रिहायशी क्षेत्र में दिल्ली रोड वार्ड 5 में टॉवर लगाने का काम चला हुआ है**

खरखौदा की महिलाएं बुधवार को एसडीएम खरखौदा से मिली और टॉवर लगने से होने वाली समस्याओं से अवगत करवाया। इस के बाद महिलाओं ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि जल्द ही टॉवर लगने से नही रोका गया तो महिलाएं धरने पर बैठ जायेगी।

### लाखों के गबन का आरोपी फाइनेंस कंपनी कर्मचारी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** रतिया पुलिस ने लाखों के गबन के मामले में कार्रवाई करते हुए बुधवार को फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए युवक की पहचान गगनदीप सिंह पुत्र लक्खा सिंह निवासी मलवाला के रूप में हुई है। थाना शहर रतिया प्रभारी एसआई रणजीत सिंह ने बताया कि इस बारे में पुलिस ने 27 नवंबर को भारत फाइनेंशियल इंक्लुजन लि. इंडसइंड बैंक, ब्रांच रतिया के मैनेजर गोबिंद सिंह की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार उनका बैंक ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में महिलाओं को लोन देकर उनकी सहायता प्रदान करती है।

# नॉमिनेशन की प्रक्रिया 20 दिसंबर से शुरू होगी



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपतः हरियाणा** सिख गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी का सामान्य चुनाव 19 जनवरी 2025 को होगा। चुनाव का समय सवेरे 8 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित है। उसी दिन मतों की गणना होगी।

रिटर्निंग ऑफिसर ब्रह्म प्रकाश ने जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा सिख गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा चुनाव का शेडयूल जारी कर दिया गया है। 20 से 28 दिसंबर तक नामांकन पत्र भरें जाएंगे। नामांकन भरने का स्थान जिला सचिवालय के एसडीएम कार्यालय जो ग्राउंड फ्लोवर पर कमरा नंबर 1 है।

रिटर्निंग अधिकारी ने बताया कि सवेरे 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक उमीदवार नॉमिनेशन फाइल कर सकते हैं। 22 व 25 दिसंबर को अवकाश होने की स्थिति में नामांकन प्रकिया नहीं होगी। रिर्टनिंग अधिकारी ने बताया कि चुनाव का नोटिफिकेशन 18 दिसंबर 2024 को जारी हो चुका है। 20 दिसंबर से 28 दिसंबर 2024 तक चुनाव लडे वाले प्रत्याशियों द्वारा नामांकन फार्म भरे जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की सूची 20 दिसंबर से 28 दिसंबर तक जारी की जाएगी। इसके बाद नामांकन पत्रों की छंटनी का कार्य 30 दिसंबर को किया जाएगा। रिटर्निंग अधिकारी ने बताया कि नामांकन वापसी की तारीख 2 जनवरी निर्धारित है। 31 दिसंबर को छंटनी करने के बाद रिर्टनिंग अधिकारी नॉमिनेशन फार्म को चुनाव कार्यालय में जमा करवाएंगे। 2 जनवरी 2025 को नामांकन पत्र वापस ले सकेंगे। 2 जनवरी को 3 बजे प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। इसके साथ ही मतदाता सूची भी प्रकाशित की जाएगी। रिटर्निंग अधिकारी ने बताया की पानीपत के चुनाव के लिए वार्ड संख्या 23 निर्धारित है।

**निर्धारित**

**▶▶ रिटर्निंग अधिकारी ने बताया की पानीपत के चुनाव के लिए वार्ड संख्या 23 निर्धारित है**

### एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** जी टी रॉड पर स्थित आई बी. स्नातकोत्तर महाविद्यालय पानीपत के संस्कृत विभाग की तरफ से एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन 19 दिसबर, 2024 दिन गुरुवार को किया जा रहा है। संगोष्ठी का विषय संस्कृत वांग्मय में राष्ट्र चिंतन रहेगा। संगोष्ठी ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों मोड़ में चलेगी। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि पद्मश्री आचार्या सुकामा विश्ववारा कन्या गुरुकुल,रोहतक, सारस्वत अतिथि प्रो. (डॉ) सोमदेव शतांशु कुलपति अपेक्स विश्वविद्यालय जयपुर तथा बीज वक्ता पो सुधीर कुमार, प्रोफेसर जवाहर लाल नेहरु विश्वविद्यालय नई दिल्ली रहेंगे ।सत्राध्यक्ष डॉ विश्वेश कौशिक, एसोसीएट प्रोफेसर हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केन्द्रीय विश्वविद्यालय श्रीनगर, उत्तराखंड एवं डॉ किरण मदान, एसोसीएट प्रोफेसर आई.बी. स्नातकोत्तर महाविद्यालय पानीपत रहेंगे। समापन सत्र के मुख्य वक्ता डॉ विजय भारद्वाज, सहायक प्रोफेसर पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ रहेंगे। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ अजलि, सहसंयोजिका डॉ किरण मदान व संरक्षक डॉ अजय कुमार गर्ग प्राचार्य आई. बी. स्नातकोतर महाविद्यालय, पानीपत रहेंगे। संगोष्ठी का आयोजन महाविद्यालय के कांफ्रेंस हाल में किया जाएगा।

# फैला उजियारा फाऊंडेशन ने फूल की मालाएं व बुके देकर किया सम्मानित



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देश पर प्रदेश के हर जिले व उपमंडलों में हर वर्ग के नागरिकों की समस्याओं का तत्काल निदान करने को लेकर आयोजित किये जा रहे जनता समाधान शिविर में बुधवार को जिला सचिवालय में दर्जनों गांवों के बुजर्गो, महिलाओं व युवाओं ने प्रख्यात सामाजिक संस्था फैला उजियारा फाउंडेशन की प्रदेशाध्यक्षा कुमारी रंजिता कौशिक के नेतृत्व में उपायुक्त डॉ. विरेंद्र कुमार दहिया, पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह व सभी विभागों के अधिकारियों का फूल की मालाएं पहनाकर बुके देकर व मिठाई खिलाकर समाधान शिविर में तत्परता से हो रहे गरीब व जरूरतमंदों की समस्याओं के निदान पर आभार प्रकट किया। बुजर्गों ने उपायुक्त की सारी टीम को आशीर्वाद दिया। युवाओं ने मंच पर उपायुक्त के पैर छुकर समाधान शिविर को लगातार जारी रखने का अनुरोध किया।

उपायुक्त डॉ.विरेंद्र कुमार दहिया ने कहा कि नागरिकों की समस्याओं का समाधान तत्काल हो इससे हमें भी प्रार्थी की तरह खुशी व शांति का आभास होता है। नागरिकों का समस्याओं का समाधान करना उतना ही पुन्यः का कार्य है जितना की किसी पूजा स्थल में जाकर आराधना करना। उपायुक्त डॉ.विरेंद्र कुमार दहिया व पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिहं ने इस कार्य के लिए सचिवालय पहुंचे सभी बुजर्गो, वृद्ध महिलाओं का आभार जताया व सभी को आने वाले नववर्ष 2025 की शुभकामनाएं दी। उन्होंने लोगों को ग्रामीध क्षेत्रों में साफ सफाई करने व पानी का दोहन अचित मात्रा में करने का आहवान किया।

उपायुक्त ने अधिकारियों को समाधान शिविर में आने वाली समस्याओं के समाधान में और तेजी लाने के निर्देश दिये। उपायुक्त ने कहा कि किसी भी जरूरतमंद की समस्या अधिकारियों की टेबल पर रूके अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना होगा।

शिकायतकर्ता उषा शर्मा वासी लक्ष्मी नगर ने मकान के रास्ते में से अवैध कब्जा हटाने के लिए प्रार्थना की।

# छात्राओं के लिए धार्मिक व शैक्षिक भ्रमण का किया आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**महंत प्रभात** पुरी कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय प्रशासन द्वारा स्कूल के सभी बच्चों के लिए श्री मार्केंडश्वर महादेव मंदिर शाहाबाद के लिए एक धार्मिक व शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया गया। प्राचार्य भजन राठोर ने बताया कि शाहाबाद विधान सभा के भाजपा प्रत्याशी रहे सुभाष कलसाना व नगर पार्षद बलदेव राज चावला ने विद्यालय के प्राचार्य, स्टाफ व समस्त बच्चों का स्वागत किया। उन्होंने सभी बच्चों को चाय ,समोसा बिस्किट आदि का नाश्ता भी करवाया। प्राचार्य ने श्री मार्केंडश्वर महादेव मंदिर कमेटी, सुभाष कलसाना व बलदेव राज चावला का स्वागत व जलपान के लिए हार्दिक आभार जताया। प्राचार्य ने कहा कि बच्चों के चहुंमुखी विकास हेतू इस प्रकार के आयोजन होने चाहिएं। शिक्षा व शैक्षिक गतिविधियां बच्चों की मूलभूत आवश्यकता है। राठोर ने आगे कहा कि बच्चों ने मंदिर में भोले के दर्शन के पश्चात परिसर में स्थापित योगा यंत्र,खेल यंत्र, मनोरंजक सामान व रंग बिरंगे झूलों का खूब आनंद लिया।

### डकैती की वारदात में शामिल छठा आरोपी गिरफ्तार

**पानीपतः** सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर फुल कुमार ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने मामले में पहले गिरफ्तार हो चुके अपने साथी आरोपी मनीराम निवासी अलुपुर हाल विकास नगर, नसीब निवासी पिल्लू खेड़ा जीन्द, मनीष निवासी बिचपड़ी हिसार, सागर व विकास निवासी कालवा के साथ मिलकर डकैती की उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। गहनता से पूछताछ करने व वारदात में प्रयुक्त चाकू बरामद करने के लिए पुलिस बुधवार को आरोपी रोहित को माननीय न्यायालय में पेश कर 2 दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया।

# वार्षिक खेल प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा/कुलदीप सिंह**
हरे कृष्णा इंटरनेशनल स्कूल, गढ़ी छाजू रोड, समालखा में 'वार्षिक खेल प्रतियोगिता ' का आयोजन किया गया। जिसमें नर्सरी से छठी कक्षा के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत स्कूल प्रबंधक द्वारा मशाल जलाकर की गई। इसके बाद सभी कक्षाओं ने सोशल मीडिया का सही व कम प्रयोग, बिजली बचाओ, वृक्ष बचाओ ,पानी बचाओ, पशु और पक्षियों को बचाओ,'स्वच्छ भारत ,सड़क सुरक्षा नियम, खेलो इंडिया, प्रदूषण से अपने आप को बचाओ आदि विषयों पर रैली' का नारों के साथ शानदार प्रदर्शन किया गया जिसने दर्शकों का मनमोहन लिया। प्रतियोगिता में विभिन्न प्रकार की दौड़ व डांस आकर्षण का केंद्र रही। रीले दौड़, खरगोश दौड़ ,मेंढक दौड़, बंदर दौड़ ,हर्डल रेस , ब्लून रेस ,रिंग दौड़,कोने एकत्रित दौड़, मटकी दौड़ ,200 मीटर की छात्र व छात्राओं की दौड़, वनलेग रेस,नर्सरी कक्षा की मेंढक दौड़ आदि खेलों का आयोजन किया ।सभी कक्षाओं के सभी विद्यार्थियों ने इसमें बड़े उत्साह से भाग लिया । जिसमें नर्सरी कक्षा से छठी कक्षा के विद्यार्थियों ने शानदार डांस प्रस्तुति दी । कबड्डी में बेस्ट कैचर का खिताब छात्र शुभम (कक्षा छठी ) व बेस्ट रेडर का खिताब छात्र अनुज (कक्षा छठी) को दिया गया जिनको स्कूल प्रबंधक सुभाष वर्मा ने 500-500 रुपये का नगद इनाम देकर सम्मानित किया , बेस्ट रनर अप को भी 500 रुपये और विजेता कबड्डी टीम को 1100 रुपये की नगद राशि देकर सम्मानित किया व बच्चों का उत्साह बढ़ाया।स्कूल प्रधानाचार्या पुष्प ठाकुर ने सभी विजेता प्रतियोगियों को को मेडल देकर सम्मानित किया। स्कूल प्रबंधक सुभाष वर्मा ने स्कूल पहुंचे अभिभावकों का तह दिल से स्वागत किया और विद्यार्थियों की डांस प्रस्तुति की प्रशंसा की । स्कूल प्रधानाचार्या पुष्प ठाकुर ने कहा कि खेल हमारे जीवन का अहम् हिस्सा है। खेल और डांस से मनोरंजन के साथ-साथ हमारा शारीरिक और मानसिक विकास भी होता है । इसलिए स्कूल में समय समय पर इस प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया।

# एयरोपोनिक टावर पर बिना मिट्टी के उगा सकते हैं फसल



**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखाः** पांच किलो टमाटर लगाने के लिए जितनी जगह होती है, उतनी ही जगह पर 100 किलो टमाटर लगाया जा सकता है। टमाटर ही नहीं, अन्य फसलों का भी कम जगह में बीस गुना अधिक उत्पादन किया जा सकता है। एयरोपोनिक टावर के माध्यम से पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलोजी (पाइट) के छात्र-छात्राओं ने यह संभव कर दिखाया है। एयरोपोनिक टावर में मिट्टी की जरूरत नहीं होती। छात्रों के इस प्रोजेक्ट को कोल्हापुर में नेशनल स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन के ग्रैंड फिनाले में पहला पुरस्कार मिला है। एक लाख की राशि पुरस्कार स्वरूप दी गई है। सभी छात्र-छात्राओं का कॉलेज में पहुंचने पर सम्मान और स्वागत किया गया। पाइट के वाइस चेयरमैन राकेश तायल ने बताया कि बीटेक की टीम सोर्सर्स यानी जादूगर ने अपने नाम के अनुरूप ही प्रोजेक्ट बनाया है। हमारे पास जमीन सीमित है। इन छात्रों ने विकल्प देते हुए एक टावर बनाया है, जिस पर आप थोड़ी-थोड़ी ऊंचाई पर फसल लगा सकते हैं। खास बात ये है कि ये टावर आर्टिफिशल इंटेलीजेंस, डाटा साइंस और इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आइओटी) पर काम करता है। यानी, पौधे को जब पानी की जरूरत होगी, उस समय ऑटोमेटिक उसे पानी मिल जाएगा। यहां तक की किसान को डाटा साइंस के माध्यम से पता चल जाएगा कि बाजार में किसकी ज्यादा मांग है। टावर से कई किलोमीटर दूर रहकर भी फसल पर नियंत्रण कर सकता है। फसल को कितना न्यूट्रीशियन चाहिए, सब ऑटोमेटिक पता चल जाएगा। टावर खुद ही काम कर लेगा। भविष्य की खेती में यह टावर क्रांतिकारी साबित हो सकता है। पाइट के सचिव सुरेश तायल ने बताया कि यह प्रोजेक्ट पाइट की आइडिया लैब में बनाया है। बीटेक के एकलव्य, उन्नति, वंश, अक्षित, अर्पिता, लविश व उज्जवल की टीम ने इस पर काम किया है। डॉ.अंजू गांधी एवं डॉ.सुनील ढुल ने इस प्रोजेक्ट में मार्गदर्शक की भूमिका निभाई। आइडिया लैब गुरु अंकुर व निखिल ने भी सहयोग किया। निदेशक डॉ.शक्ति कुमार ने बताया कि केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय एवं एआइसीटीई ने स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन का ग्रैंड फिनाले आयोजित किया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शुभारंभ किया था। पाइट की तीन टीमें देश के अलग-अलग राज्यों में पहुंची थीं। इसके अलावा हरियाणा में पाइट को नोडल सेंटर बनाया गया था।

**प्रयोग**

**▶▶ धर्मेंद्र प्रधान ने शुभारंभ किया था। पाइट की तीन टीमें देश के अलग-अलग राज्यों में पहुंची थीं**

# नगर निगम शिविर में आयी 15 शिकायतें, 12 का हुआ समाधान



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बालाः** नगर निगम अंबाला शहर में अनुभाग अधिकारी वह टैक्स सलाहकार की अध्यक्षता में समाधान शिवर लगाया गया जो की निरंतर जारी है। जिसका समय सुबह 9:00 बजे से 11:00 बजे तक सरकार की हिदायतों के अनुसार लगाया जा रहा है। जिसकी अध्यक्षता नगर निगम अनुभव अधिकारी द्वारा की गई इसमें 15 शिकायते प्राप्त हुई जिसमें से 12 शिकायतो का समाधान करवाया गया। इस कैंप में टैक्स सलाहकार नगर निगम अंबाला शहर द्वारा शहर वासियों की समस्याओं को सुना गया व अधिकारियों को समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द करने हेतु कहा गया। उनके द्वारा कहा गया कि इस कैंप का मुख्य उद्देश्य अंबाला शहर के लोगों को प्रॉपर्टी आईडी जन्म प्रमाण पत्र विकास शुल्क नगर निगम से संबंधित कोई भी समस्या आ रही है। उन समस्याओं का समाधान करना है अंबाला शहर वासियों को सूचित किया जाता है कि आप इस कैंप में प्रत्येक कार्य दिवस में आकर अपनी नगर निगम से संबंधित कोई भी समस्या का समाधान करवा सकते हैं। इस कैंप में टैक्स सलाहकार द्वारा कैंप में आ रहे लोगों की समस्याओं को सुना गया।

# आपदा प्रबंधन में ब्रिगेड की अहम भूमिका: अंकुश मिगलानी

## शिविर में प्रशिक्षण लेकर अन्य लोगों को भी जागरूक करें: वाईस चेयरमैन अंकुश मिगलानी

**शाखा**

▶▶ सैंट जॉन एम्बुलेंस व रैडक्रॉस के स्वयंसेवक आपदा प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**भारतीय** रेड क्रॉस समिति एवं सेंट जॉन एंबुलेंस (भारत), हरियाणा राज्य शाखा द्वारा 17 से 19 दिसंबर 2024 तक पंजाबी धर्मशाला, कुरूक्षेत्र के प्रांगण में आयोजित तीन दिवसीय ब्रिगेड इंचार्ज एवं वॉलिंटियर प्रशिक्षण शिविर के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के वाईस चेयरमैन अंकुश मिगलानी ने कहा कि सैंट जॉन एम्बुलेंस व रैडक्रॉस के स्वयंसेवक आपदा प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, यह विचार शिविर में हरियाणा प्रदेश के 22 ज़िलों से आए 84 प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहे। उन्होंने कहा कि सैंट जॉन हरियाणा में बहुत सराहनीय कार्य कर रहा हैं उन्होंने प्रतिभागियों से अपील करते हुए कहा कि शिविर में प्रशिक्षण लेकर अन्य लोगों को भी जागरूक करें। आमजनों को बचाने में अपना बहुमूल्य योगदान दें। सैंट जॉन के स्वयंसेवक आपदाओं और आपातकाल में प्रभावित लोगों को सेवा प्रदान करते है। मिगलानी ने कहा कि सभी प्रतिभागियों को रेड क्रॉस की गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। शिविर निदेशक संजीव धीमान ने सैंट जॉन एंबुलेंस द्वारा आपदा के समय की गई गतिविधियों में स्वयंसेवकों की सेवाओं के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी।

इस तीन दिवसीय कैंप के दौरान हिपा, गुरुग्राम से आए हुए डॉ भुवन ने प्राकृतिक आपदा से आम जनता एवं स्कूली बच्चों और अन्य आसपास के लोगों को किस प्रकार प्राकृतिक आपदा से बचाया जाए।

इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी। डॉ भुवन ने बताया कि आपदा का मतलब है किसी अनहोनी के कारण जान माल का अत्यधिक नुकसान होना। उन्होंने बताया कि आपदाएं कई प्रकार की हो सकती है जैसे भूकंप, बाढ़, आग लगना ,करंट, सुनामी ,चक्रवात आदि। उन्होंने बताया कि कई बार जागरूकता की कमी के कारण हम ऐसी आपदाओं का शिकार हो बैठते हैं भोपाल गैस आपदा, सुनामी, गुजरात भूकंप के बारे में बताया। जिससे हम बच सकते थे। उन्होंने बताया कि जिस प्रकार सुनामी व चक्रवात आने पर हमने पुराने आंकड़े उठाए हैं। उसमें यह देखने को मिला है कि सबसे अधिक मौत का शिकार महिलाएं होती है। इसका कारण यह है कि महिलाओं को तैराकी कम आना हो सकता है। महिलाएं तैराक होंगी तो वह अपनी जान माल की हानि होने से बच सकती है व दूसरों को भी बचा सकती है, महिलाओं को ड्राइविंग का ज्ञान होना बहुत जरूरी है क्योंकि उस समय महिलाएं ही घर पर होती है। यदि महिलाएं ड्राइविंग का ज्ञान रखती होंगी तो वे मरीज को हॉस्पिटल तक पहुंचा सकती है।

इसके साथ-साथ नागरिक सुरक्षा विभाग गुरुग्राम से चीफ वार्डन मोहित शर्मा ने भी नागरिक सुरक्षा किस प्रकार कर सकते हैं उसकी की जानकारी दी।

## न्यूज फ्लैश

### रा. वरि. मा. विद्यालय किरमच में विद्यार्थियों ने "युवा ग्राम पंचायत" कार्यक्रम किया आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** आज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय किरमच के प्रांगण में विद्यार्थियों द्वारा "युवा ग्राम पंचायत" कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया । यह कार्यक्रम जिला स्तरीय प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त करने हेतु ब्लॉक स्तर पर आयोजित किया गया था। इस अवसर पर ग्राम किरमच के सरपंच रणवीर सिंह , पंच सुरजीत सिंह, पंच राजकुमार, पंच राजेश कुमार, पंच चमन लाल, पंच श्री राजपाल, पंच पूनम जी, राजेश जी, राजपाल आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे। डाइट पलवल से आए हुए सीनियर लेक्चरर डॉक्टर विद्याधन जी, डाइट पलवल से आए एसोसिएट प्रोफेसर डॉ राजेंद्र कुमार और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लोहार माजरा से आए पॉलिटिकल साइंस के लेक्चरर राजेश ने इस कार्यक्रम का निरीक्षण किया। कार्यक्रम में लगभग 50 बच्चों ने प्रस्तुति दी और यह कार्यक्रम लगभग 55 मिनट तक चला। इस कार्यक्रम की प्रशंसा न केवल निरीक्षकों ने बल्कि सरपंच व गांव के अन्य गणमान्य लोगों ने बहुत तारीफ की। विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती कुसुम लता ने विशेष रूप से ग्राम पंचायत का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में श्री विद्याधन ने बताया कि यह कार्यक्रम बहुत अच्छा रहा । उन्होंने कार्यक्रम की तैयारी करवाने वाले प्राध्यापकों के साथ –साथ अन्य स्टाफ सदस्यों के प्रयासों की भूरी–भूरी प्रशंसा की । गांव के सरपंच रणवीर सिंह ने आए हुए अतिथियों का धन्यवाद किया और जलपान के बाद इस कार्यक्रम के समाप्ति की घोषणा की गई । निरीक्षकों ने बताया कि इस कार्यक्रम का परिणाम पांच–छह दिनों के अंदर घोषित कर दिया जाएगा । इस अवसर पर विद्यालय के प्राध्यापक श्री बलबीर कुमार, डॉक्टर पवन कुमार, श्रीमती अंजू जी, श्रीमती अंजू, श्रीमती अनीता जी, सुश्री ममता पुरुथी, श्रीमती किरण, श्रीमती मोनिका शर्मा, श्रीमती ममता रानी, श्रीमती सुनैना देवी, श्रीमती वंदना, श्री ज्ञान सिंह जी, श्री प्रमोद वालिया, श्रीमती रीटा जी, मिस ज्योति बाला, श्री अशोक जी, श्रीमती रेखा, श्रीमती बबीता, श्री राजेंद्र जी, श्री राजन जी, श्रीमती सीमा, श्री यशपाल जी, श्रीमती मीनाक्षी जी, श्री प्रवीण कुमार, श्री सोहनलाल, श्री नरेश कुमार, श्री सूरजपाल, श्री रोहतास, श्री विकास आदि सभी लोग उपस्थित रहे।

### फतेहाबाद में विदेश भेजने के नाम पर लाखों की ठगी पर कुरूक्षेत्र से एजेंट गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** विदेश भेजने के नाम पर रतिया के दो युवकों से लाखों की ठगी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना सदर रतिया पुलिस ने बुधवार को कुरूक्षेत्र से आरोपी एजेंट को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पकड़े गए युवक की पहचान संदीप कुमार पुत्र बाबूराम निवासी थानेसर के रूप में हुई है। थाना सदर रतिया प्रभारी ओमप्रकाश ने बताया कि इस बारे में पुलिस ने 20 अक्टूबर को गांव लाली निवासी परमानंद की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार वह अपने लडके मिट्ठू को विदेश का वर्क वीजा लगवाकर जर्मन भेजना चाहता था।

# बॉल चैंपियनशिप में चमके ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल के शुभम



**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत।** ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) के रोल बॉल खिलाड़ी शुभम ने उत्तराखंड के देहरादून में आयोजित नार्थ जोन रोल बॉल चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया । इस प्रतियोगिता में लड़कों के अंडर-17 आयु वर्ग के मुकाबले में हरियाणा की टीम ने कांस्य पदक हासिल किया । टीम में शामिल शुभम ने अपनी टीम की सफलता में अहम योगदान दिया। वहीं, स्कूल के ताइक्वांडो खिलाड़ी चिराग शर्मा ने येलो बेल्ट हासिल करने में सफलता हासिल की है। स्कूल में वापिस लौटने पर रोल बॉल खिलाड़ी शुभम व ताइक्वांडो खिलाड़ी चिराग शर्मा का जोरदार स्वागत किया गया । स्कूल की प्राचार्या गीता चोपड़ा ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्या गीता चोपड़ा ने बताया कि नौवीं कक्षा के छात्र शुभम ने रोल बॉल में इससे पहले जिला व राज्य स्तर पर भी स्वर्णिम सफलता हासिल की है। इसके अलावा उसने स्केटिंग के मुकाबले में भी परचम लहराया है। उन्होंने ताइक्वांडो खिलाड़ी चिराग शर्मा की भी हौसलाफजाई की । उन्होंने कहा की तीसरी कक्षा का छात्र चिराग बेहद प्रतिभाशाली खिलाड़ी है। उन्होंने भरोसा जताया कि शुभम व चिराग शर्मा आगे चलकर राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सोनीपत का नाम रोशन करेंगे । इस अवसर पर कोऑर्डिनेटर नीरजा, महक व गीता राणा, मीनाक्षी, सुविधा, रेखा, नमिता, मधु, मोनिका, अर्चना, पारूल , बीना, कुसुम, ज्योति, सपना, श्वेता शर्मा, खेल इंचार्ज संजीत, ताइक्वांडो कोच रजनी शर्मा, स्केटिंग कोच विनोद सहित सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे ।

# हरियाणा बीज विकास निगम ने शुरू की मेरी सब्जी, मेरा फल योजना

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** हरियाणा बीज विकास निगम द्वारा मेरी सब्जी, मेरा फल योजना की शुरूआत की गई है। यह जानकारी देते हुए एचएसडीसी उमरी कुरुक्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक ने बताया कि निदेशक मंडल की बैठक निगम कार्यालय में चेयरमैन देवकुमार शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में कई अहम फैसले लेते हुए प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक में मुख्य रूप से एक बड़ी योजना मेरी सब्जी, मेरा फल शुरू करने का निर्णय लिया गया। यह योजना पूरे हरियाणा में तुरंत प्रभाव से लागू की गई है जिसे लेकर युद्ध स्तर पर हरियाणा भर में अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत लोगों को अपने घरों में खाली जगह पर सब्जियां आदि लगाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। गमलों मे भी उदाहरण के तौर नीबू, बैगन, टमाटर, मिर्ची आदि के पौधे, तोरी के बेल व अन्य मौसमी सब्जियों के पौधे लगाए जा सकेंगे। किचन गार्डन के तहत घरों की क्यारियों में पालक, धनियां आदि लगाए जा सकेंगे। बैठक में चेयरमैन देवकुमार शर्मा ने बताया कि सभी शहरों, कस्बों व गांवों तक में बीज विकास निगम द्वारा सब्सिड़ी पर गुणवत्तापरक बीज उपलब्ध करवाए।

# मिलावटी खाद्य सामग्री बेचने वालों के खिलाफ हो सख्त कार्रवाई:राजेश नागर

**सख्ती**

▶▶ मिलावटी खादय सामग्री बनाने और बेचने वालों को लोगों के जीवन के साथ खिलवाड़ नहीं करने दिया जाएगा



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** हरियाणा के खादय नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री राजेश नागर ने कहा कि कुरुक्षेत्र में मिलावटी खादय सामग्री बनाने और बेचने वालों को किसी भी कीमत पर लोगों के जीवन के साथ खिलवाड़ नहीं करने दिया जाएगा। इस जिले में जो भी व्यक्ति मिलावटी खादय सामग्री बनाएगा या बेचेगा उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

कैबिनेट मंत्री राजेश नागर बुधवार को नए लघु सचिवालय के सभागार में जिला लोक सम्पर्क एवं कष्टद्द निवारण समिति की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। इससे पहले कैबिनेट मंत्री राजेश नागर ने एजेंडे की 14 शिकायतों पर सुनवाई करते हुए 7 शिकायतों का मौके पर समाधान किया और शेष शिकायतों पर सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को जल्द से जल्द कार्रवाई करने के आदेश दिए है। कैबिनेट मंत्री राजेश नागर ने सैक्टर 3 रामपुरा निवासी प्रेम चंद की शिकायत पर कड़ा संज्ञान लेते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र में जिस भी व्यक्ति ने मिलावटी पनीर बनाया है उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, हालांकि इस मामले में इन्सपेक्टर डा. अमित कुमार ने अपनी रिपोर्ट रखते हुए जानकारी दी कि सेक्टर 3 में मिलावटी और नकली पनीर बनाने वाले के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है और 3 सैम्पल जांच के लिए लैब में भेजे है। इस लैब की रिपोर्ट आगामी 15 दिनों में आएगी। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि सैम्पलों की रिपोर्ट आने के बाद अगर सैम्पल फेल आते है तो दोषी व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और इस मामले में प्रशासन भी अपनी रिपोर्ट जल्द से जल्द सौंपे ताकि नियमानुसार दोषी के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए और 10 लाख रुपए तक का जुमार्ना भी प्रावधान के अनुसार लगाया जाए। कैबिनेट मंत्री ने गांव उमरी निवासी अमरीक सिंह की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए उपायुक्त को निर्देश दिए कि गुराया फार्म में 4 परिवारों में 26 सदस्यों को पीने का पानी उपलब्ध करवाने के लिए टयूबल लगवाने की अनुमति दे।

# प्राकृतिक कृषि किसान चौपाल चर्चा 20 दिसम्बर को

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कृषि को बढ़ावा**

▶▶ डॉ. हरिओम, डॉ. बलजीत सहारण सहित आईसीएआर व उत्तरी जोन के कई कृषि विशेषज्ञ होंगे परिचर्चा में

**कुरुक्षेत्र :** वर्तमान परिपेक्ष्य में प्राकृतिक खेती की आवश्यकता और किसानों के मन में प्राकृतिक खेती को लेकर उठने वाले सवालों को लेकर भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद (आईसीएआर) द्वारा शुक्रवार 20 दिसम्बर 2024 को गुरुकुल कुरुक्षेत्र में किसान चौपाल चर्चा का आयोजन किया जा रहा है जिसमें प्राकृतिक खेती के विशेषज्ञ हरियाणा राज्य के किसानों से सीधा संवाद करेंगे।

गुरुकुल के व्यवस्थापक रामनिवास आर्य ने बताया कि प्राकृतिक कृषि किसान चौपाल चर्चा में प्राकृतिक कृषि से लाखों किसानों को जोड़ने वाले कृषि ऋषि एवं गुजरात के राज्यपालश्री आचार्य देवव्रत जी, प्राकृतिक कृषि के वैज्ञानिक पक्ष को मजबूती से रखने वाले वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक पदमश्री डॉ0 हरिओम, एचएयू के कृषि विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ0 बलवान सिंह, चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. बलजीत सिंह सहारण सहित देशभर में प्राकृतिक कृषि को बढ़ावा दे रहे कई कृषि विशेषज्ञ शामिल होंगे।

रामनिवास आर्य ने बताया कि आईएसीआर और दूरदर्शन के संयुक्त प्रयासों से हो रहे इस भव्य कार्यक्रम में सभी किसान बन्धु हिस्सा ले सकते हैं।

# सरकारी विद्यालय ठोल में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना कैंप का शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र :** जगदीश चंद्र राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ठोल में आज सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना कैंप का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में गांव के सरपंच प्रतिनिधि व समाजसेवी बलिंदर सिंह सांगवान व विशिष्ट अतिथि के रूप में पंच बलवीर सिंह मौजूद रहे।

कैंप की शुरूआत मां सरस्वती को दीप प्रज्वलित करने से हुई इसके पश्चात सभी स्वयंसेवकों ने लक्ष्य गीत बड़े जोश के साथ गुनगुनाया। अतिथि सत्र में आज कुरुक्षेत्र से आरटीए इंस्पेक्टर जोगेंद्र ढुल, शेर सिंह सब इंस्पेक्टर रोड सेफ्टी पुलिस ,मैडम पूनम व सब इंस्पेक्टर मनीष कुमार ने यातायात से संबंधित नियमों के बारे में स्वयंसेवकों को जागरूक किया। प्रधानाचार्य महोदया श्रीमती सीमा आर्य जी की भी विशेष उपस्थिति भी इस कार्यक्रम में रही उन्होंने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को तन ,मन व धन से सेवा के लिए सदैव तत्पर रहने के लिए आग्रह किया।राष्ट्रीय सेवा योजना इंचार्ज समाजशास्त्र प्रवक्ता श्री सुरेश जी ने बताया कि विद्यालय से लगभग 55 स्वयंसेवक इस कैंप का हिस्सा बन रहे हैं।

### लाखों के गबन का आरोपी फाइनेंस कंपनी कर्मचारी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** रतिया पुलिस ने लाखों के गबन के मामले में कार्रवाई करते हुए बुधवार को फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए युवक की पहचान गगनदीप सिंह पुत्र लक्खा सिंह निवासी मलवाला के रूप में हुई है। थाना शहर रतिया प्रभारी एसआई रणजीत सिंह ने बताया कि इस बारे में पुलिस ने 27 नवंबर को भारत फाइनेंशियल इंक्लुजन लि. इंडसइंड बैंक, ब्रांच रतिया के मैनेजर गोबिंद सिंह की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार उनका बैंक ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में महिलाओं को लोन देकर उनकी सहायता प्रदान करती है।

# अधिकारी समस्याओं को गंभीरता से लेकर करे समाधान: नेहा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**दिशा-निर्देश**

▶▶ रोजाना सोमवार से शुक्रवार तक सुबह 10 बजे से लेकर 12 बजे तक समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा

**कुरुक्षेत्र :** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि लघु सचिवालय प्रथम तल सभागार में रोजाना सोमवार से शुक्रवार तक सुबह 10 बजे से लेकर 12 बजे तक समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस समाधान शिविर में आने वाले प्रत्येक नागरिक की समस्या को अधिकारी गंभीरता से लेकर उनका समाधान प्राथमिकता के आधार पर करे। इस समाधान शिविर में सभी विभागों के अधिकारी पहुंचते है ताकि प्रत्येक विभाग से सम्बन्धित समस्या का मौके पर ही समाधान संभव हो सके। इसलिए कुरुक्षेत्र के सभी नागरिकों से बार-बार अपील की जा रही है कि इन समाधान शिविर का फायदा उठाना चाहिए और अपनी हर प्रकार की समस्या का समाधान इस शिविर के माध्यम से करवाना चाहिए।

उपायुक्त ने कहा कि लोगों की हर प्रकार की समस्या का समाधान लघु सचिवालय में रोजाना लगने वाले समाधान शिविर में किया जा रहा है। इस शिविर में कोई भी व्यक्ति किसी भी विभाग से सम्बन्धित समस्या रख सकता है। इस समस्या का मौके पर ही समाधान करने का प्रयास किया जाएगा।

इस समाधान शिविर के लगने से लोगों को अलग-अलग विभागों के अधिकारियों के कार्यालयों में चक्कर काटने से भी छुटकारा मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सभी विभागाध्यक्षों को सख्त आदेश दिए गए है कि वे रोजाना निर्धारित शेड्यूल के अनुसार समाधान शिविर में पहुंचेंगे ताकि लोगों की समस्या का मौके पर समाधान संभव हो सके।

# योग्य प्रार्थी को मिलना चाहिए सरकार की योजना का लाभ: रमन गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**सम्मेलन**

▶▶ जिला कल्याण विभाग की तरफ से लाभार्थियों की दी गई 41 लाख की आर्थिक सहायता, वंचित योग्य लाभार्थियों को दी जाएगी

**कुरुक्षेत्र :** नगराधीश डा. रमन गुप्ता ने कहा कि जिला कल्याण विभाग के अधिकारियों को एफआईआर दर्ज होते ही योग्य प्रार्थियों को आर्थिक सहायता जारी करनी होगी। इसके साथ ही पुलिस और कल्याण विभाग के अधिकारियों को आपसी तालमेल के साथ कार्य करना होगा ताकि पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज होते ही कल्याण विभाग के पास सूचना पहुंच सके। नगराधीश डा.रमन गुप्ता बुधवार को लघु सचिवालय सीटीएम कार्यालय में जिला सतर्कता एवं निगरानी कमेटी की एक बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कल्याण विभाग की रिपोर्ट के अनुसार सरकार की तरफ से 68 लाख रुपए का बजट जारी हुआ है। इसमें से योग्य प्रार्थियों को 41 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि जारी की जा चुकी है,शेष 27 लाख रुपए की राशि शीघ्र ही योग्य लाभार्थियों को जारी कर दी जाएगी। इस विभाग की तरफ से सरकार की योजनाओं का गांव-गांव में प्रचार-प्रसार करना होगा ताकि योग्य प्रार्थियों को सरकार की योजनाओं की जानकारी हो। उन्होंने कहा कि एजेंडे में शामिल किए गए आवेदनार्थियों को सरकार की योजनाओं का समय रहते लाभ मिलना चाहिए। जिन लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा उन लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ दिया जाए।

नगराधीश डा. रमन गुप्ता ने कहा कि जिला स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी कमेटी की बैठक में अनुसूचित जाति से सम्बन्धित लोगों के मामलों में गांव रामगढ़ निवासी दीपिका, गांव बारना निवासी मीना रानी, बाखली निवासी कर्ममजीत कौर, गांव सूरा निवासी दलबीर सिंह, गांव थरौली निवासी पूनम, गांव हंसूमाजरा निवासी खुशप्रीत, गांव सांवला निवासी कोमल, शाहबाद निवासी राकेश कुमार, सेक्टर 3 निवासी सुनील कुमार, भगवान नगर निवासी सुमन, गांव हथीरा निवासी गीता देवी, गांव बहादुरपुरा निवासी नीतू रानी, इशरहेडी निवासी लखविन्द्र सिंह, तिगरी निवासी अमरीक सिंह, डीग निवासी निशा रानी, कैलाश नगर निवासी आशु बाला, डेरा लाडवा निवासी ब्रजपाल, मथाना निवासी रीना देवी, स्टेशन माजरी शाहबाद निवासी संगीता, अरूणाय पिहोवा निवासी सुरजीत चंद, पाडलू निवासी कुलदीप कुमार, शाहबाद निवासी कर्ण, गढी रोडान निवासी अमित कुमार, भेरियां निवासी जोगिन्द्र सिंह, भून्ना प्लाट खालसा परमजीत कौर, मलिकपुर निवासी सतीश कुमार, अहमदपुर निवासी मीना देवी, मुर्तजापुर निवासी रवि, भगवानपुर निवासी केशा राम, कनीपला निवासी राजेश कुमार, अंटहेडी निवासी प्रवीण कुमार, बहोली निवासी जयप्रकाश के मामलों पर सुनवाई की गई और नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई गई।

# जूनियर केजी के बच्चों हरियाणा धरोहर संग्रहालय का किया शैक्षणिक भ्रमण

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र:** किड्जी सैक्टर 3, कुरुक्षेत्र के जूनियर केजी के बच्चों हरियाणा धरोहर संग्रहालय का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस यात्रा का उद्देश्य बच्चों को हरियाणा की समृद्ध संस्कृति, परंपराओं और ऐतिहासिक धरोहर से परिचित कराना था।बच्चों ने संग्रहालय में प्रदर्शित प्राचीन वस्तुओं, पारंपरिक कपड़ों, हस्तशिल्प और लोक कला को देखा। उन्होंने हरियाणवी लोक संगीत और नृत्य के बारे में जानकारी प्राप्त की, जो उनके लिए एक अनोखा अनुभव था। बच्चों ने विभिन्न ऐतिहासिक और सांस्कृतिक वस्तुओं को देखकर काफी उत्साह दिखाया।यह भ्रमण न केवल बच्चों के लिए मनोरंजक रही बल्कि उन्होंने व्यावहारिक अनुभव के माध्यम से महत्वपूर्ण बातें भी सीखी। इस तरह की गतिविधियाँ बच्चों की जिज्ञासा को बढ़ावा देने और उन्हें अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने में मदद करती हैं। किड्जी का मानना है कि शिक्षा केवल कक्षा तक सीमित नहीं होनी चाहिए। इसीलिए स्कूल बच्चों को ऐसे शैक्षिक और रोचक दौरों पर ले जाता है ताकि वे वास्तविक दुनिया से जुड़ सकें।

# समाधान शिविर में निरंतर हो रहा समस्याओं का समाधान

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. ब्रह्मजीत सिंह ने कहा कि जिला स्तर पर प्रत्येक कार्य दिवस पर प्रातः 10 से 12 बजे तक समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। कोई भी व्यक्ति इस समाधान शिविर में आकर अपनी समस्या को रख सकता है ताकि सम्बन्धित व्यक्ति की समस्या को सुनकर उसका प्राथमिकता से समाधान करवाया जा सके। अतिरिक्त उपायुक्त उपायुक्त कार्यालय के कॉन्फ्रैंस हाल में आयोजित जिला स्तरीय समाधान शिविर में लोगों की समस्याओं को सुन रहे थे। इस




मौके पर उनके साथ नगराधीश पूजा कुमारी व अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण मौजूद रहे। अतिरिक्त उपायुक्त डा. ब्रहजीत सिंह ने कहा कि समाधान शिविर में जो भी शिकायत या समस्या प्राप्त हो रही है, सम्बन्धित विभाग के अधिकारी इन समस्याओं व शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निपटान करवाना सुनिश्चित करवाएं। उन्होंने यह भी कहा कि यदि इसके साथ-साथ उनके कार्यालय में भी कोई व्यक्ति

**प्राथमिकता**


**कार्य को बड़े ही गंभीरता से ले और तत्परता से लोगों की समस्याओं का समाधान करवाना सुनिश्चित करें**

अपनी समस्या लेकर आता है उस समस्या को भी वे प्राथमिकता से निपटान करवाएं। यदि किसी समस्या का समाधान करने में कोई तकनीकी या अन्य कारण है उस बारे प्रार्थी को भी अवगत करवाएं। समाधान शिविर को आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य यही है कि प्रार्थी की समस्या को सुनकर उसका तीव्रता से समाधान करवाया जा सके। उन्होने यह भी कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी स्वयं आमजन की समस्याओं के त्वरित निवारण हेतु आयोजित समाधान शिविरों में जो समस्याएं प्राप्त होती है उसका निपटान किस तरीके से समयबद्ध तरीके से हो रहा है उसकी निरंतर मॉनिटरिंग भी कर रहे हैं। मुख्यालय पर भी इसकी मॉनिटरिंग की जा रही है। इसलिए सम्बन्धित अधिकारी एवं कर्मचारी इस कार्य को बड़े ही गंभीरता से ले और तत्परता से लोगों की समस्याओं का समाधान करवाना सुनिश्चित करें।

# सांख्यिकी विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस का आयोजन किया जाएगा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में इनोवेटिव ट्रेड इन स्टैटिसटिक्स, ऑप्टिमाइजेशन एंड डाटा साइंस विषय पर 21 से 23 दिसंबर तक सांख्यिकी विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस का आयोजन किया जाएगा। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने बताया कि यह अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन एआई, डेटा केंद्रित एआई, एज इंटेलिजेंस, डेटा क्लीनिंग का स्वचालन, उद्योग विशिष्ट डेटा अनुप्रयोग, डेटा गोपनीयता और अन्य संबंधित विषयों पर विचार-विमर्श करने के लिए एक प्रभावी मंच होगा। इस कांफ्रेंस में यूएसए, यूके, कनाडा, नार्वे, जापान, साउथ अफ्रीका,



चिली, साउथ कोरिया, यूएई सहित 12 देशों के प्रतिनिधि भाग लेंगे व 400 से अधिक शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे। अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस के निदेशक प्रो. एमएस कादियान व आयोजन सचिव डॉ. जितेन्द्र खटकड़ ने बताया कि इंडियन सोसाइटी फॉर प्रोबेबिलिटी एंड स्टैटिस्टिक्स (आईएसपीएस) के 44वें वार्षिक सम्मेलन और इंडियन एसोसिएशन फॉर रिलायबिलिटी एंड स्टैटिस्टिक्स (आईएआरएस) के 8वें सम्मेलन के संयोजन में इस अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेस का आयोजन किया जा रहा है। प्रथम दिन चलने वाले पहले सत्र की अध्यक्षता कनाडा के प्रो. एएम मथाई करेंगे व नार्वे के प्रो. एके वर्मा व यूएसए के प्रो. शेष.एन. राय मुख्य वक्ता होंगे। दोपहर बाद दूसरे सत्र की अध्यक्षता साउथ अफ्रीका के प्रो. श्यामला कृष्णन करेंगे। यूएसए के प्रो. टीईएस राघवन व कनाडा के प्रो. योगेन्द्र प्रसाद चौबे मुख्य वक्ता होंगे। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि तीन दिनों तक चलने वाली अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस में देश व विदेशों से आए विद्वान सांख्यिकी में नवीन रूझानों, डाटा विश्लेषण, संग्रहण व अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करेंगे।

## न्यूज फ्लैश

### दुकानदार का दांत तोड़ा, कुल्हाड़ी से हमला कर घायल करने का आरोप

**सोनीपत: राष्ट्रीय** राजमार्ग संख्या-44 पर मुरथल चौक के पास स्थित दुकान संचालक पर कुल्हाड़ी से हमला कर घायल करने का मामला सामने आया है। हमलावर दुकानदार को घायल अवस्था में छोड़कर व धमकी देकर फरार हो गए। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसका उपचार किया। पुलिस ने इस संबंध में आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। आरके कॉलोनी निवासी अमित ने बताया कि उसकी मुरथल चौक पर कंफेन्सनरी की दुकान है। उसके पास ही दुकान चलाने वाले राहुल से उसकी एक बार कहासुनी हुई थी। उसी की रंजिश में राहुल ने तीन-चार युवकों के साथ मिलकर उसक पर हमला कर दिया। मारपीट में उसका दांत टूट गया। आरोपित ने उस पर कुल्हाड़ी से भी किया। शोर सुनकर आसपास के लोग आए तो आरोपित जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। घायल अवस्था में उपचार के लिए उसे अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसका उपचार किया। जांच अधिकारी एसआई सुमित ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द हमलावरों को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### गेल गैस कंपनी की पाइप में लगी आग, आग लगने से कॉलोनी में मचा हड़कंप

**सोनीपत: शहर के** नंदवानी नगर में घरेलू गैस सप्लाई करने वाली गेल गैस कंपनी की पाइप में अचानक धमाका हुआ। उसके बाद पाइप में आग लग गई। धमाके की आवाज सुनकर लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। उसके बाद पाइप में आग लगी देखकर उसे बुझाने का प्रयास किया। उसके बाद कंपनी के टोल फ्री नंबर पर कॉल कर सूचना दी। टीम ने मौके पर पहुंचकर लीकेज को बंद किया। उसके बाद लाइन को दुरूस्त कर सप्लाई को चालू किया। नंदवानी नगर निवासी महेश ने बताया कि अल सुबह गली में धमका हुआ। उसने बाहर निकलकर देखा तो सामने वाले मकान के कोने में आग लगी हुई है। धमाका सुनकर गली में अन्य लोग भी निकल आए। उसके बाद आग पर काबू पाने का प्रयास किया। आग पर रेत डालकर उसे बुझा दिया। हालांकि पाइप से तेज आवाज में गैस लीक होने लगी। मामले को लेकर दमकल विभाग व गैल कंपनी को सूचना दी।
सुबह नंदवानी नगर से गैस लीकेज की सूचना मिली थी। कंपनी के कर्मचारी महज 15 मिनट में मौके पर पहुंच गए। उसके बाद लीकेज को रोककर पाइप को ठीक किया गया। जानकारी मिली कि किसी ने कोने में आग लगा दी थी। जिसके चलते पाइप गर्म होने के चलते लीकेज हो गई। किसी को कोई नुकसान नहीं हुआ है। लीकेज को ठीक कर दिया है। किसी प्रकार की परेशानी नहीं है।

### सुनीता गुर्जर बनी भारतीय गुर्जर कल्याण परिषद की महिला प्रदेशाध्यक्ष

**टीम एक्शन इंडिया/लालचंद**

**नांगल चौधरी।** पलवल में गुर्जर एकता महा सम्मेलन के बाद भारतीय गुर्जर कल्याण परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंतराम तंवर ने सुनीता गुर्जर पाचनौंता तहसील नांगल चौधरी निवासी को भारतीय गुर्जर कल्याण परिषद की महिला प्रकोष्ठ हरियाणा की प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया। उन्होंने



कहा,"समाज को पढ़ी-लिखी व जागरूक प्रतिभाओं की आवश्यकता है। मुझे विश्वास है सुनीता समाज की आकांक्षाओं पर खरा उतरेगी।परिषद् के प्रदेशाध्यक्ष सतीश रावत ने सुनीता की नियुक्ति पर विश्वास व्यक्त करते हुए कहा, सुनीता प्रदेश में सदैव ही गुर्जरों के हक की आवाज उठाएगी। भारतीय गुर्जर कल्याण परिषद महिला प्रकोष्ठ की नवनियुक्त प्रधान ने समाज को विश्वास दिलाते हुए कहा, समाज ने मुझे जो सम्मान दिया व मेरे सर पर जो पगड़ी पहनाई है,उसको कभी झुकने नहीं दूंगी। समाज के प्रत्येक काम में बढ़ चढ़कर भाग लूंगी, जहां भी समाज को मेरी आवश्यकता होगी, हर संभव कार्य के लिए तत्पर रहूंगी। उन्होंने समाज के राष्ट्रीयध्यक्ष अंतराम तंवर व हरियाणा प्रदेशाध्यक्ष को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर-भैरू गुर्जर, हजारीलाल मुनीम, मोहित तंवर, लालचंद कसाना सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# किसानों ने किया रेलवे ट्रैक जाम, कई ट्रेने हुई बाधित

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** शंभू बॉर्डर और खनौरी बॉर्डर पर चल रहे किसान आंदोलन के समर्थन में किसानों ने पंजाब में 3 घंटे रेलवे ट्रैक जाम किए। किसान दोपहर 12 बजे 48 जगहों पर ट्रैक पर बैठ गए। 3 बजते ही किसानों ने ट्रैक खाली कर दिए।
रेलवे ट्रैक जाम होने से दिल्ली-पठानकोट सुपरफास्ट एक्सप्रेस को लुधियाना के ढंडारी कलां में रोकना पड़ा। कुछ ट्रेनों को कैंसिल तो कुछ को डायवर्ट भी करना पड़ा। किसानों के प्रदर्शन से करीब 60 ट्रेनों की आवाजाही पर असर पड़ा। खनौरी बॉर्डर पर चल रहे किसान नेता जगजीत सिंह



डल्लेवाल के आमरण अनशन को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) की चंडीगढ़ स्थित किसान भवन में इमरजेंसी मीटिंग शुरू हो गई है। इसके बाद डल्लेवाल के संघर्ष को समर्थन देने का ऐलान हो सकता है। इसके बाद शाम 7 बजे गवर्नर से मिलने का प्रोग्राम है। पहले यह मीटिंग 24 दिसंबर को रखी गई थी, लेकिन किसान नेता जगजीत डल्लेवाल की बिगड़ती सेहत को देखते हुए मीटिंग का समय बदला गया है। वहीं शंभू व खन्नौरी बॉर्डर पर किसानों का प्रदर्शन पहले की तरह ही जारी रहा।

**प्रदर्शन**

**कसान दोपहर 12 बजे 48 जगहों पर ट्रैक पर बैठ गए। 3 बजते ही किसानों ने ट्रैक खाली कर दिए।**

किसान नेता सरवन सिंह पंढेर ने रणजोथ की मौत के लिए सरकार और पुलिस को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि रणजोथ सिंह को शहीद का दर्जा मिलना चाहिए। साथ ही, रणजोध के परिवार को 25 लाख रुपये की आर्थिक मदद देने की मांग की। पंढेर ने कहा कि आज किसान जगह-जगह रेलवे ट्रैक पर बैठे थे।

# दहेज की मांग को लेकर नव विवाहिता से मारपीट व धमकी देने का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: सिविल** लाइन थाना क्षेत्र में नवविवाहिता से दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़िता न्याय के लिए महिला आयोग पहुंची। उसके बाद संबंधित थाना पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। कैलाश कॉलोनी निवासी महिला ने बताया कि उसकी शादी देवडू निवासी प्रदीप के साथ वर्ष 2023 में हुई थी। शादी के बाद उसका पति उससे गाड़ी लाने की डिमांड करने लगा। शराब के नशे में घर आकर उसके साथ मारपीट करने लगा। विरोध करने पर उसे धमकियां दी जाने लगा। उसके ससुर ने उसे घर भेज दिया। उसके बाद उसका पति उसे लेने के लिए नहीं आया। उससे दहेज की मांग पूरी करने का दबाव दिया जा रहा है। मामले को लेकर पीड़िता ने महिला आयोग में शिकायत दर्ज करवाई। जिसके बाद सिविल लाइन थाना पुलिस ने पीड़िता के बयान पर आरोपित ससुराल पक्ष के सदस्यों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# शिक्षा के मंदिर से दो गैस सिलेंडर और बर्तन चोरी

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: मोहाना** थाना क्षेत्र के गांव माछरी स्थित शिक्षा के मंदिर से सामान के चोरी होने का मामला सामने आया है। स्कूल के अध्यापक ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आसपास के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। विकास नगर सोनीपत निवासी पवन ने बताया कि वह गांव माच्छरी स्थित सरकारी स्कूल में बतौर अध्यापक के पद पर तैनात है। शुक्रवार को स्कूल की छुट्टी के बाद ताले बंद करवा दिए गए थे। शनिवार और रविवार की छुट्टी के बाद स्कूल कर्मचारी फूलकंवार स्कूल पहुंचे तो ताले टूटे मिले। सूचना के बाद स्कूल पहुंचे पवन कुमार ने जांच की तो स्कूल की रसोई से दो गैस सिलिंडर और मिड डे मिल बनाने के बर्तन नहीं मिले। अपने स्तर पर सामान की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। जांच अधिकारी एसआई दिनेश ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द चोरों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# हड्डी रोग विभाग में दोपहर बाद खुली ओपीडी

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: नागरिक** अस्पताल प्रबंधन की कार्यशैली के चलते अस्पताल में उपचार के लिए आने वाले मरीजों को परेशानी का सामना करने पर मजबूर होना पड़ रहा है। प्रबंधन की तरफ से स्पेशलिस्ट चिकित्सकों को वीआईपी ड्यूटी पर भेज दिया जाता है। जिसके चलते मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। सोमवार को दिन भर हड्डी रोग विभाग की ओपीडी बंद रही तो मंगलवार को दोपहर बाद ऑपरेशन थियेटर से आने के बाद चिकित्सक ने दोपहर बाद मरीजों

**राहत**

**प्रबंधन की तरफ से स्पेशलिस्ट चिकित्सकों को वीआईपी ड्यूटी पर भेज दिया जाता है**

को देखा।। वहीं ईएनटी चिकित्सक भी ऑपरेशन थियेटर में व्यस्त रहे। बता दें कि नागरिक अस्पताल में उपचार के लिए आने वाले मरीजों को परेशानी का सामना करने पर मजबूर होना पड़ रहा है। अस्पताल में सबसे ज्यादा परेशान मरीजों को प्रबंधन की तरफ से हड्डी विभाग, चर्म विभाग व ईएनटी में किया जा रहा है। हर रोज अस्पताल में हड्डी व ईएनटी की ओपीडी छह सौ से पार चली जाती है। वहीं चर्म रोग चिकित्सक सप्ताह में तीन दिन जुआं सीएचसी पर डयूटी करते है। वहीं बाकी दिनों नागरिक अस्पताल सोनीपत में ड्यूटी पर आते है। अस्पताल में मात्र एक चिकित्सक नाक व गले का तैनात है। जिसे वीआईपी ड्यूटी, पोस्टमार्टम डयूटी, ऑपरेशन तक करने पड़ते है। जिसके चलते मरीजों को उपचार के करवाने में कठिनाई होती है।

# कोर्ट के आदेश पर सरपंच सहित 9 पर मामला दर्ज

**खरखौदा/सोनीपत/**
**सोमपाल सैनी**

खरखौदा के गाँव सिसाना 2 के सरपंच व उसके परिवार सदस्यों पर मारपीट करने व धमकी देने का आरोप लगा। वही गाँव की ही एक महिला ने न्यायालय में शिकायत दी है। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत सरपंच सहित नौ लोगों के खिलाफ केस दर्ज की है। महिला का आरोप है कि पंचायत चुनाव में सरपंच को वोट नहीं देने के चलते वह उनके परिवार से रंजिश रखे हुए है। जिसके चलते गली व नाली निर्माण के दौरान सरपंच ने उनके घर से आगे से नाली नहीं बनाई।

# पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट को सख्ती से लागू करने का आदेश

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: पीसी** एवं पीएनडीटी अधिनियम 1994 के अंतर्गत बनी जिला सलाहकार समिति की चेयरपर्सन डा. श्रुति दहिया ने कहा कि कन्या भ्रूण हत्या और गिरते लिंगानुपात को रोकने के उद्देश्य से जिला में गर्भधारण पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम (पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट) को सख्ती से लागू करते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला में चल रहे अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर पैनी नजर रखी जा रही है। अगर जिला में कहीं भी लिंग जांच की सूचना मिलती है तो स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा तुरंत कार्यवाही करते हुए रैड की जाती है और अगर कोई सेंटर या व्यक्ति इस कार्य में संलिप्त मिलता है तो उसके खिलाफ कड़ी

**पैनी नजर**

**स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला में चल रहे अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर पैनी नजर रखी जा रही है**

कार्यवाही की जाती है। जिला सलाहकार समिति की चेयरपर्सन डा. श्रुति दहिया की अध्यक्षता में मंगलवार को पीसी एवं पीएनडीटी अधिनियम 1994 के अंतर्गत सिविल सर्जन कार्यालय में सभी कमेटी मेम्बर की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अल्ट्रासाउंड क्लिनिक हेल्थ मैप डायग्नोस्टिक प्राइवेट लिमिटेड खानपुर कलां सोनीपत को दिए गए नोटिस के बारे में सुनवाई करते हुए संबंधित डॉक्टर को चेयरपर्सन ने चेतावनी दी कि अल्ट्रासाउंड करते समय भरे जाने वाले फार्म को भरते समय यह जांच ले कि कहीं कोई गलती नहीं है या कोई कॉलम खाली तो नहीं रहा। भविष्य में अगर कोई ऐसी त्रुटि मिली तो उनके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। इसके पश्चात बैठक में जिन जीसी/जीसीसी/जीएल/अल्ट्रासाउंड क्लीनिक/इमेजिंग सेंटर द्वारा यूएसजी/सीटी मशीन खरीदने व उनको चालू करने के लिए किए गए आवेदन पर चर्चा की गई और उन्हें अनुमति दी गई। बैठक में चेयरपर्सन की अध्यक्षता में उपस्थित सभी सदस्यों के सामने लिंग जांच से संबंधित कार्यवाही के दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा रेड के लिए तैयार की जाने वाली विक्टिम(पीड़ित) को दी जाने वाली राशि को 20 हजार से बढ़ाकर 35 हजार करने का प्रस्ताव रखा गया तो इसपर सभी सदस्यों द्वारा सहमति जताने पर उसको 20 हजार से बढ़ाकर 35 हजार करने का निर्णय लिया गया। इस दौरान जिला सलाहकार समिति के सदस्यों में सिविल अस्पताल से डा. अलंकृता, डा. शैलेन्द्र राणा, डा. सुमित कौशिक, डा. ज्योति गहलावत, डीडीए बलदेव सिंह, जन जागृति धाम के प्रधान मोहन सिंह मनोचा, अभियान फाउंडेशन व शिव सेवा समिति के सदस्य एडवोकेट जितेन्द्र कुमार सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: राष्ट्रीय** राजमार्ग संख्या-44 पर चौहान-जोशी के सामने सड़क पर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने व्यक्ति को चपेट में ले लिया। हादसे के बाद वाहन चालक फरार हो गया। राहगीरों की मदद से घायल को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां उपचार के दौरान व्यक्ति ने दम तोड़ दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शवगृह में रखवाया। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। गांव चौहान जोशी निवासी हरिप्रकाश ने बताया कि वह चालक के तौर पर नौकरी करता है। गत 15 दिसंबर को करीब छह बजे जीटी रोड पर किसी कार्य के लिए गया हुआ था। वहां पर भीड़ इक्ट्?ठा हो रखी थी। पास जाकर देखा तो एक व्यक्ति घायल अवस्था में पड़ा हुआ है। उसे राहगीरों की मदद से उपचार के लिए अस्पताल में पहुंचाया। जहां उसे जानकारी मिली कि उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले को लेकर बहालगढ़ थाना पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर शवगृह में रखवाया। जांच अधिकारी एसआई समुद्र ने बताया कि मृतक की पहचान के प्रयास किए जा रहे है।

# राष्ट्रीय सिद्ध चिकित्सा दिवस पर लगेगा सिद्ध चिकित्सा शिविर

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : 19 दिसंबर 2024 को श्री कृष्णा आयुष :विश्वविद्यालय, कुरूक्षेत्र में 08वाँ राष्ट्रीय सिद्ध चिकित्सा दिवस मनाया जाएगा जिसके उपलक्ष्य में दिनांक 20 तथा 21 दिसंबर 2024 को निषुल्क सिद्ध चिकित्सा षिविर का आयोजन आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान अस्पताल में लगाया जाएगा। विष्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर (वैद्य) करतार सिंह धीमान ने बताया कि आने वाले 08वें राष्ट्रीय सिद्ध चिकित्सा दिवस पर भारत सरकार के राष्ट्रीय सिद्ध संस्थान, चैन्नई के सहयोग के से निषुल्क सिद्ध चिकित्सा षिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें राष्ट्रीय सिद्ध संस्थान, चैन्नई सिद्ध चिकित्सा विषेशज्ञ श्री कृष्णा विषवविद्यालय के सिद्ध चिकित्सा विषेशज्ञ के सानिध्य में रोगियों का परामर्ष व परीक्षण कर निषुल्क औशध वितरण करेंगें। कुलपति प्रोफेसर (वैद्य) करतार सिंह धीमान के अनुसार सिद्ध चिकित्सा प्रणाली-भारतीय चिकित्सा पद्धतियों (आयुश) का प्राचीन खजाना है तथा भारत की समृदध चिकित्सा परंपराओं में से एक, सिद्ध चिकित्सा प्रणाली आयुश चिकित्सा पद्धतियों की प्राचीनतम उपचार पद्धति है। इस चिकित्सा प्रणाली की जड़ें दक्षिण भारत विषेशकर तमिलनाडू में गहराई से जुड़ी हुई है। इसकी उत्पत्ति 10,000 वर्श



ई० पूर्व से पहले की मानी जाती है। जिसकी उत्पत्ति 18 सिदधों (संतो) के द्वारा हुई थी। जिन्होने इसे मानवता के कल्याण के लिए विकसित किया था। यह पंचभूत सिदधांत के अनुसार काम करने वाला चिकित्सा पद्धति है, जिसके अनुसार मनुश्य का षरीर पंचतत्वों (धरती, जल, अग्नि, वायु, और आकाष) से बना माना जाता है। इन तत्वों का असंतुलन ही बीमारियों का मुख्य कारण होता है। श्री कृश्ण आयुश विष्वविद्यालय परिसर में 07 मार्च 2024 को सिद्ध चिकित्सा केन्द्र सहित प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी चिकित्स तथा होम्योपैथी चिकित्सा पद्धतियों के चिकित्सा केन्द्र का लोकार्पण पूर्व मुख्यमंत्री श्री मनाहेर लाल द्वारा वर्तमान मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी (तत्कालीन सांसद) की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया था। जिसमें अबतक लगभग पांच हजार पचहचर रोगियों ने चिकित्सा का लाभ उठाया है। सिद्ध दिवसः सिद्ध दिवस का मुख्य उद्देश्य इस प्राचीन चिकित्सा प्रणाली के प्रति लोगों को जागरूक करना और इसे आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों के समकक्ष पहचान दिलाना है। इस दिन तमिलनाडु और देश के अन्य हिस्सों में कार्यशालाओं, संगोश्ठियों और स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाता है। आयुश मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा हर वर्श सिद्धार अगथियार के जन्म दिवस के दिन ही राष्ट्रीय सिद्ध दिवस का आयोजन किया जाता है। इस वर्श 2024 में 19 दिसंबर, 2024 को 8वाँ राष्ट्रीय सिद्ध दिवस मनाया जाएगा। इस वर्श इस दिवस का थीम सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए सिद्ध है इसका लक्ष्य सिद्ध चिकित्सा पद्धधति को लोकप्रिय बनाना है।

# सेल्समैन को गोली मारकर हत्या करने दोषी को उम्रकैद की सजा

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: कुंडली** थाना क्षेत्र में सेल्समैन को गोली मारकर हत्या करने के आरोपित को अदालत ने दोषी करार दिया है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रमोद गोयल की अदालत ने दोषी को उम्रकैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 25 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ना राशि अदा न करने पर दोषी को नौ माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। गांव मतलौडा पानीपत निवासी मुकेश ने नौ अगस्त 2018 को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि उसका छोटा भाई बलिंद्र गांव बारोटा स्थित शराब ठेके पर सेल्समैन के तौर पर कार्यरत था। वह 9 अगस्त, 2018 को अपने भाई के पास गया था। वह ठेके पर बैठे थे कि तभी बाइक पर सवार युवक दोनों हाथों में पिस्तौल लेकर ठेके पर आया था। उस समय ठेके पर उनके भाई बलिंद्र के साथ ही एक अन्य सेल्समैन कृष्ण भी था। युवक ने ठेके के गेट पर आते ही कहा था कि इस ठेके को बंद करो और इसके बाद फायर कर दिए थे। गोली उनके भाई बलिंद्र के माथे पर लगी थी। उसके बाद युवक भाग गया था। उनके भाई ने मौके पर ही दम तोड़ दिया था। मामले को की सूचना मिलते ही कुंडली थाना पुलिस व एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने वारदात स्थल से जरूरी नमूने एकत्रित कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया था। वहीं मामले में एसटीएफ सोनीपत की टीम ने दस अगस्त, 2018 को अटेरना से नांगल कलां रोड पर नाकाबंदी कर आरोपितको पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया था। आरोपित की पहचान गांव सफियाबाद निवासी विवेक उर्फ विक्की उर्फ बगड़ा के रूप में हुई थी। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया था।

# समाज को जागरूक कर रही है हेरिटेज इंडिया संस्थाः भारद्वाज







**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** लगभग दो दशकों से भी ज्यादा समय से 108 बेसहारा बुजुर्गों को गोद लेकर उनकी देखभाल करती आ रही सामाजिक संस्था हेरिटेज इंडिया और बच्चों के सामरिक विकास से जुड़ी बाल कलश वेलफेयर नामक सामाजिक संस्था ने अपनी साथी और संस्था से जुड़ी मशहूर समाज सेविका डॉ नैंसी जुनेजा के जन्मदिन पर बुराड़ी संत नगर के यदुवेंद्र पब्लिक स्कूल में गरीब बच्चों को स्कूली पाठ्यक्रम से जुड़ी शिक्षा सामग्री और गरीब महिलाओं को कंबल व गर्म शॉल वितरित किया।

इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष एस एन दूबे और राष्ट्रीय सलाहकार आदेश भारद्वाज ने कहा कि डॉ. नैंसी जुनेजा हमारी संस्था की एक लंबे समय से सहयोगी साथी हैं और हमेशा से ही अपने प्रशंसनीय योगदान से प्रभावित करती रही हैं। हमारी संस्था विगत 22 वर्षों से गरीब और बेसहारा 108 लोगों को गोद लेकर उनके भरण पोषण से लेकर उनके स्वास्थ्य और दवाईयो का इंतजाम करती आ रही है। इसके अलावा अलग-अलग मौकों पर स्वास्थ्य संबंधी जांच शिविर और जरूरतमंद लोगों को जरूरी सामान वितरित कर मदद करती रही है। कई मौकों पर हमारी संस्था कैंप लगवाकर कर दिव्यांग लोगों के लिए कृत्रिम हाथ, पैर, कृत्रिम आँखें, बैसाखी जैसी अनमोल चीजें भी उपलब्ध करवा चुकी है। इस कार्यक्रम में संस्था की वैश्विक सलाहकार चंचल केम, यादवेंद्र स्कूल के आरपी यादव, बाल कलश के बृजपाल, हेरिटेज परिवार से डॉ. आरएस राणा और संतोष पांडे, रणबीर सिंह राणा, प्रिंसिपल हरदेव यादव, मास्टरजी देवेंदर कुमार सिंह, कविता कुमारी, कलीचरण पवार, माया देवी, सविता राजपूत, मनोज कुमार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।



मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र में आयोजित झुग्गी बस्ती विस्तारक अभियान के तहत नुक्कड़ सभा में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए निगम पार्षद विकेश सेठी, केशवपुरम जोन के डिप्टी चेयरमैन सुशील जोंटी व अन्य।

## दिल्ली में लहरायेगा भाजपा का पचरमः इन्द्रजीत मुखी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** भाजपा नेता इन्द्रजीत मुखी ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी जो कहती है, वह करके दिखाती है, यही कारण है कि देश के कोने-कोने में भाजपा का सिपाही मौजूद है और देश के लोगों की सेवा कर रहा है। उन्होंने आगे यह भी बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में नई-नई योजनाएं लागू की है, इन योजनाओं से जुड़कर देश के लोग तरक्की कर रहे है।

उन्होंने आगे बताया कि भारतीय जनता पार्टी के राज में जहां एक ओर शहरों में विकास हुआ है, वहीं ग्रामीण इलाको में भी विकास ही विकास हो रहा है। भाजपा नेता



इन्द्रजीत मुखी ने आगे बताया कि मैं क्षेत्र में जहां पर भी जा रहा हूं वहां की जनता इस बार भाजपा के समर्थन की बात कर रही है क्योंकि भाजपा वादे की पक्की है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी का परचम लहरायेगा।

## दिल्ली सरकार में फर्जी जाति प्रमाण पत्र आरक्षण लाभ की लूटः सचदेवा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने आज अधिवक्ता सत्या रंजन सवाईं एवं दिल्ली भाजपा के मीडिया रिलेशन प्रमुख विक्रम मित्तल की उपस्थिति में एक पत्रकार सम्मेलन में कहा है क दिल्ली सरकार में नकली जाति प्रमाण पत्र बना कर दलितों को मिलने वाले आरक्षण लाभ की लूट की जा रही है और इसमें विधायकों की भी भूमिका संदिग्ध है और इस सबकी सी.बी.आई. जांच आवश्यक है। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की लम्बे समय से हमारी जानकारी में आ रहा था की दिल्ली में नकली




जातीय प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड बहुत आसानी से बन रहे हैं। सबसे ज्यादा शिकायतें पश्चिम दिल्ली से मिल रही थीं अतः हमने अपनी एक वकीलों की टीम इसकी आंतरिक जांच में लगाई। इस आंतरिक जांच टीम ने सबसे पहले द्वारका विधानसभा से मिली शिकायतों को उठा कर जांचा तो पाया की तहसीलदार कार्यालय से जारी 8 जातीय प्रमाण पत्रों की जो शिकायत सामने आई हैं।

## भलस्वा वार्ड में सफाई व्यवस्था पर दिया जा रहा है विशेष ध्यानः अजीत यादव

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** जहांगीरपुरी स्थित आईटीआई झुग्गी और मेट्रो अर्पामेंट के सामने वाली झुग्गी के नालों में विक्टर छोटी मशीन से भलस्वा वार्ड के निगम पार्षद अजीत यादव के द्वारा सफाई करवाई गई। जिससे की वार्ड के लोगों को कोई समस्या ना हो।

इस मौके पर भलस्वा वार्ड के निगम पार्षद अजीत यादव ने बताया कि मैं क्षेत्र के विकास पर विशेष ध्यान दे रहा हूं ताकि क्षेत्र की जनता को किसी भी प्रकार की समस्याओं का सामना न करना पड़े। उन्होंने आगे



बताया कि मैं समय-समय पर क्षेत्र का दौरा कर रहा हूं और जहां पर भी लोगों की समस्याएं है, उनका समाधान करवा रहा हूं, जिससे की जनता को बेहतर से बेहतर सुविधाएं मिल सके।

## शाह का बयान, भाजपा और आरएसएस के डीएनए में संविधान के प्रति घृणा को प्रमाणित करता हैः यादव

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि देश के संविधान निमार्ता, भारत रत्न, बाबा साहेब डा0 भीमराव अम्बेडकर के संसद में अपमान के लिए अमित शाह, नरेंद्र मोदी सहित पूरी भारतीय जनता पार्टी को देश से माफी मांगनी होगी और अमित शाह तुरंत अपने पद से इस्तीफा दें। यह पहला मौका नही है जब भाजपा नेता या पार्टी ने अम्बेडकर या भारतीय संविधान का अपमान किया हो, भाजपा और आरएसएस के डीएनए में ही अम्बेडकर व उनके लिखे संविधान



के लिए घृणा और नफरत बसी हुई है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि अमित शाह ने अंबेडकर जी का अपमान किया है, इसे देश का कोई व्यक्ति बर्दाश्त नहीं करेगा, क्योंकि देश के हर नागरिक को बराबरी का अधिकार बाबासाहेब के संविधान ने मिला है। बाबासाहेब का अपमान देश के करोड़ों देशवासियों विशेषकर दलितों और उनकी आस्था का अपमान है। उन्होंने कहा कि भाजपा नहीं चाहती कि देश के दलितों, शोषितों और वंचितों को सम्मान, समानता और बराबरी का अधिकार मिले। देवन्द्र यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा नेता स्पष्ट खुले आम देश की जनता के सामने भाषण दे रहे थे कि अगर 400 पार हुए तो संविधान बदल देंगे। देशवासियों ने भाजपा को उनका असलियत को सामने लाकर खड़ा कर दिया है कि वो अपने बलबूत सरकार भी नही बना सके।

उन्होंने कहा कि अमित शाह के बयान के बाद भाजपा को समझ चुकी है कि उन्हें अम्बेडकर के खिलाफ बयानबाजी का खामियाजा उठाना पड़ेगा, इसलिए उनका सारा तंत्र डेमेज कंट्रोल में लग गया है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि भाजपा और आरएसएस के लोगों का संविधान को नही मानने की प्रवृत्ति को पूरा देश जानता है, यह अम्बेडकर द्वारा लिखे संविधान के विधान की मजबूरी ही है जो यह संविधान के तहत शपथ लेते है।

## आप राज में पानी गंदा आने से लोग हो रहे है परेशानः राघव

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष भारत सिंह राघव ने बताया कि आम आदमी पार्टी के राज में दिल्ली की जनता को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन आम आदमी पार्टी है कि जनता की समस्याओं पर ध्यान ही नहीं दे रही है, जिस कारण से दिल्ली की जनता को कई समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। उन्होंने आगे बताया कि आम आदमी पार्टी वैसे तो कहती है कि दिल्ली की जनता को हम मुफ्त पानी दे रहे है।

श्री राघव ने आगे बताया कि पानी गंदा पानी आने की वजह से दिल्ली



की जनता को बाजार से महंगे दामों पर पानी खरीद कर पीना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार की लापरवाही की वजह से पानी गंदा आ रहा है। उन्होंने आगे बताया कि पानी इतना ज्यादा आ रहा है कि उससे कपड़े भी नहीं धोये जा सकते है।

## सफदरजंग एयरपोर्ट पर उड़ान भवन के बेसमेंट में लगी आग

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** राजधानी दिल्ली के सफदरजंग एयरपोर्ट के पास स्थित उड़ान भवन के बेसमेंट के बैटरीरूम में बुधवार को आग लग गई। यह परिसर मुख्य रूप से नागरिक उड्डयन मंत्रालय के कार्यालयों का स्थान है। हालांकि आग की इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं मिली है। आग बुझाने के लिए मौके पर दमकल की पांच गाड़ियों को भेजा गया था। आग लगने के कारणों का भी पता नहीं चल पाया है। आशंका जताई जा रही है कि शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी होगी। बहरहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## मोदी ने फिर से साबित किया उनसे बेहतर दूसरा नेता कोई नहींः शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** संसद में संविधान पर चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि देश में उनके मुकाबले का कोई दूसरा नेता नहीं है। कांग्रेस के वक्ताओं को खरी-खोटी सुनाते हुए उन्हें सच का आईना दिखा दिया तथा विपक्षी सदस्यों को निरुत्तर कर दिया। उक्त बातें शालीमार बाग के समाजसेवी सत्यपाल शर्मा ने बताई।

श्री शर्मा ने बताया कि कांग्रेस ने पिछले 75 वर्षों में किस प्रकार संविधान का दुरुपयोग किया उसका उदाहरण प्रस्तुत करते हुए नरेन्द्र मोदी ने राहुल व उनकी पार्टी पर कड़े कटाक्ष किए। आजादी के



बाद आज तक कांग्रेस द्वारा किस प्रकार संविधान को कुचला गया उसके विभिन्न उदाहरण दिए। सामाजिक कार्यकर्ता सत्यपाल शर्मा ने मोदी जी का सविधान पर चर्चा का बेहतरीन जवाब देने के लिए उन्हें बधाई दी।



त्रिदेव सम्मलेन के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ जिला केशवपुरम भाजपा जिला कार्यालय मंत्री नितिन गोयल व अन्य गणमान्य लोग।

# बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी मंगेश त्यागी को मिला बुराड़ी के लोगों का समर्थन







**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस का उम्मीदवार घोषित होने के बाद मंगेश त्यागी को जहां एक ओर तो बधाई देने वाले लोगों का तांता उनके कार्यालय में लगा रहा, वहीं दूसरी ओर क्षेत्र के लोगों का भी भारी संख्या में जन समर्थन भी मिला।

इस मौके पर मंगेश त्यागी ने क्षेत्र के लोगों का आभार व्यक्त करते हुए उनको विश्वास दिलाते हुए कहा कि आप लोगों के समर्थन से विधायक बनने के बाद क्षेत्र में सबसे पहले मुलभूत सुविधाओं का जो टोटा है सबसे पहले उसको दूर करूंगा। त्यागी ने कहा कि पिछले दस सालों से आप विधायक संजीव झा ने क्षेत्र में एक कार्य तक नहीं किया है, यही नहीं विकास कार्य तो दूर की बात है विधायक संजीव झा क्षेत्र में बस दो बार ही नज़र आए है वो भी चुनाव में लोगों से वोट मांगने के लिए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों के स्वास्थ को ध्यान में रखते हुए मौहल्ला क्लीनिक खोले गए थे वह भी रख-रखाव के अभाव में बंद पड़े है। मुकुंदपुर से कांग्रेस के पूर्व पार्षद प्रत्याशी श्याम सिंह ने कहा कि विधायक संजीव झा की कामचोरी और निकम्मेपन के चलते क्षेत्र के लोगों का उनसे विश्वास उठ गया है, तो वहीं क्षेत्रीय लोगों ने अब मंगेश त्यागी पर भरोसा जताते हुए उन्हे बुराड़ी विधानसभा से भारी मतो से विजय बनाने का विश्ववास दिलाया है। इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# बिजली निजीकरण को मुद्दा बनाने में जुटी कांग्रेस

## जनपद के हर गांव, हर घर तक पहुंच करेंगे सुनिश्चितः जिलाध्यक्ष

**टीम एक्शन इंडिया**
**मथुराः बिजली निजीकरण,** कृषि समस्याएं, रोजगार संकट, स्वास्थ्य सेवाओं की कमी, कानून और व्यवस्था की स्थिति जैसे मुद्दों को लेकर कांग्रेस ने जमीन आंदोलन की जमीन तैयार करने के लिए लखउन में किया, जिसका असर जनपद तक दिखा। मथुरा में कई कांग्रेस पदाधिकारियों को ल्जाने से रोकने के लिए हाउस अरेस्ट कर लिया गया। जबकि प्रशासन की मुस्तैदी के बावजूद कई कांग्रेस कार्यकर्ता लखउन पहुंच कर प्रदर्शन में शामिल होने में सफल रहे। कांग्रेस जिलाध्यक्ष को उनके आवास पर नजर बंद कर दिया गया। इस दौरान उनके साथ कई अन्य पार्टी पदाधिकारी भी थे।



कांग्रेस जिलाध्यक्ष भगवान सिंह वर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि पुलिस ने उन्हें मंगलवार की शाम को ही अन्य पार्टी पदाधिकारियों के साथ हाउस अरेट कर लिया गया। बुधवार की सुबह 11 बजे तक हम सभी कांग्रेस कार्यकताओं के पास पुलिस घर पर बैठी रही तथा सुबह 11 बजे के पश्चात पुलिस ने हम सभी कार्यकताओं को मुक्त किया। हम अपने जनपद में विरोध प्रदर्शन की रूपरेखा बनाकर शीघ्र ही जन समस्याओं को लेकर जिला मुख्यालय पर एक बहुत बड़ा आंदोलन करेंगे। बिजली का निजीकरण बड़ा घोटाला है।

**विरोध**

**मथुरा में कई कांग्रेस पदाधिकारियों को जाने से रोकने के लिए हाउस अरेस्ट कर लिया गया**

इसकी कीमत आम आदमी को चुकानी पड रही है। हम इसे बड़ा मुद्दा बनाएंगे और हर गांव हर घर तक पहुंच सुनिश्चित करेंगे। जिसके लिए जनपद के सभी ब्लॉकों, नगर अध्यक्षों व कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी को जिम्मेदारियां सौंपी गई है, जो अपने अपने क्षेत्र में रणनीति तैयार कर आंदोलन की तैयारी करेंगे। कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा को भी घर पर नजरबंद कर दिया गया था। इसी तरह दूसरे कई नेताओं को भी लखउन जाने से रोक दिया गया। इस बीच महानगर अध्यक्ष विक्रम वाल्मीकि, प्रदेश महासचिव मुकेश धनगर अपने कई अन्य साथियों के साथ पुलिस को चकमा देकर लखउन पहुंचने में कामयाब हो गये। मुकेश धनगर ने कहा कि योगी सरकार सच्चाई का सामना करने से डर रही है और पुलिस का दुरुपयोग करके कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन को रोकने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शन उत्तर प्रदेश सरकार की विफलताओं को उजागर करने और लोगों की आवाज को मजबूत करने के लिए आयोजित किया गया था।

# महंगाईः व्रत का भोग नहीं रहा मथुरा का पेड़ा, सूजी की मिलावट मान्य

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा।** पेडा मथुरा की पहचान है। मथुरा का पेड़ा अब वृत्त का भोग नहीं रह गया है। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक खाद्य सुरक्षा विभाग मेवा के साथ सूजी मिला कर तैयार किये जा रहे पेडा को मिलावटी नहीं मानता और नहीं इसके खिलाफ कार्यवाही का प्रावधान है। महंगाई ने अब इस पहचान पर संकट खडा कर दिया है। पेडा की कीमत कम करने और खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्यवाही की जद में आने से बचने के लिए अब मावा के साथ सूजी को मिलाकर पेड़ा तैयार किया जा रहा है। खाद्य सुरक्षा विभाग मावा में सूजी मिला कर तैयार पेडा को मिलावटी नहीं मानता और नहीं इसे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक माना जा रहा है।



इससे पेडा की कीमत कम हो जाती है और खपत बढ़ जाती है जिससे कि कारोबारियों को अच्छा पैसा बच रहा है। पेडा के बाजार का बड़ा हिस्सा अब इसके हवाले है। दूसरी ओर ब्रज में पेडा को भगवान का भोग माना जाता है। भोग लगाने के बाद भोग प्रसाद के रूप में बांटने का चलन है। प्रसाद को माथे से लगाकर श्रद्धा के साथ ग्रहण किया जाता है। प्रसाद को ग्रहण न करने का विचार भी पाप मानते हैं, ब्रज में बड़ी संख्या में लोग बार त्योहार ब्रत रहते हैं। श्रद्धालु भी बडी संख्या में इसी भाव के साथ आते हैं। ऐसे भक्तों के सामने संकट यह खडा हो गया है। व्रती अन्न ग्रहण नहीं करते और नहीं प्रसाद रूपी पेडा को ग्रहण नहीं करने का विचार मन में ला सकते हैं। हाल ही में वृंदावन, गोवर्धन और श्रीकृष्ण जन्मभूमि क्षेत्र में खाद्य विभाग की टीम ने दुकानों पर बिक रहे पेडा की सैंपलिंग की।

मावा में सूजी मिलाकर तैयार किया जा रहा पेडा मिलावटी नहीं होता। यह स्वास्थ्य के लिए हानिकारक भी नहीं है, इससे पेड़ की कीमत कम होती है। कारोबारी यह सब बता कर कर रहे हैं, ऐसे में कार्यवाही नहीं की जा सकती है।

## संक्षिप्त खबरें

### वेंटिव हॉस्पिटैलिटी लिमिटेड की आईपीओ 20 दिसंबर को खुलेगी

**नोएडा।** वेंटीव हॉस्पिटैलिटी लिमिटेड (जिसे पहले आईसीसी रियल्टी (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) (कंपनी), शुक्रवार, 20 दिसंबर, 2024 को इक्विटी शेयरों के अपने आरंभिक सार्वजनिक प्रस्ताव के संबंध में अपनी बोली/प्रस्ताव खोलेगी। एंकर निवेशक बोली तिथि बोली/प्रस्ताव खुलने की तिथि से एक कार्य दिवस पहले है, जो गुरुवार, 19 दिसंबर, 2024 है। बोली/प्रस्ताव समापन तिथि मंगलवार, 24 दिसंबर, 2024 है इक्विटी शेयरों (प्रत्येक 1 रुपए अंकित मूल्य) का कुल प्रस्ताव आकार 16,000 मिलियन रुपए तक है, जिसमें 16,000 मिलियन रुपए तक का नया निर्गम शामिल है (कुल प्रस्ताव आकार)। इस इश्यू का मूल्य बैंड 610 रुपये से 643 रुपये प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। (मूल्य बैंड)।



कर्मचारी आरक्षण भाग में बोली लगाने वाले पात्र कर्मचारियों को प्रति इक्विटी शेयर 30 रुपये की छूट दी जा रही है (कर्मचारी आरक्षण भाग छूट)। न्यूनतम 23 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 23 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोलियाँ लगाई जा सकती हैं। (बोली लॉट) कंपनी इश्यू से हाने वाली आय का इस्तेमाल इन उद्देश्यों के करने का प्रस्ताव करती है - कंपनी द्वारा लिए गए कुछ उधारों का आंशिक या पूर्ण पुनर्भुगतान/पूर्व भुगतान, जिसमें उस पर अर्जित ब्याज का भुगतान भी शामिल है। पंचशील रियल्टी के चेयरमैनऔर वेंटिव हॉस्पिटैलिटी लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक अतुल आई चोरडिया ने कहा, वेंटिव हॉस्पिटैलिटी लिमिटेड का प्रस्तावित आईपीओ क्षेत्रीय हॉस्पिटैलिटी को बदलने की अपनी यात्रा में पंचशील और ब्लैकस्टोन के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। ब्लैकस्टोन के भारत में रियल एस्टेट प्रमुख तुहिन पारिख ने कहा, हम वेंटिव हॉस्पिटैलिटी लिमिटेड के आगामी आईपीओ में अपने लंबे समय के साझेदार, पंचशील रियल्टी के साथ काम करके प्रसन्न हैं, जिसके पास वैश्विक हॉस्पिटैलिटी ब्रांड द्वारा संचालित प्रीमियम हॉस्पिटैलिटी संपत्तियों का एक पोर्टफोलियो है।

### कोटक ने भारतीय स्टार्टअप्स की अदम्य भावना का उत्साहपूर्वक किया सम्मान

**गुरुग्राम।** कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड (कोटक) ने स्टार्टअप्स को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए कोटक बिजलैब्स एक्सेलेरेटर प्रोग्राम की शुरूआत की है। यह प्रोग्राम बैंक के सीएसआर प्रयासों का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य शुरूआती राजस्व चरण वाले स्टार्टअप्स को सशक्त बनाना और उनके बिजनेस को तेजी से आगे बढ़ाने में मदद करना है। इस पहल को भारत के शीर्ष इनक्यूबेटर्स, जैसे आईआईएमए वेंचर्स, एनएसआरसीईएल, और टी-हब के सहयोग से लॉन्च किया गया है। कोटक बिजलैब्स मेंटरशिप, मार्केट तक पहुंच, और परामर्श सेवाओं के माध्यम से स्टार्टअप्स को उनके विकास में आने वाली चुनौतियों को पार करने में मदद करेगा।

भारतीय स्टार्टअप इकोसिस्टम में जबरदस्त संभावनाएं हैं, लेकिन बाजार विस्तार, ग्राहकों को जोड़ने, साझेदारी बनाने, और फंड जुटाने जैसी कई चुनौतियां भी हैं। अधिकतर प्रोग्राम शुरूआती चरण के स्टार्टअप्स (विचार और अवधारणा) पर ध्यान केंद्रित करते हैं, लेकिन कोटक बिजलैब्स उन स्टार्टअप्स पर फोकस करेगा, जो अपने प्रोडक्ट्स को मार्केट में सही तरह से फिट करने और प्रतिस्पर्धा का सामना करने की कोशिश कर रहे हैं। कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड के सीनियर एक्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट और सीएसआर एवं ईएसजी हेड हिमांशु निवसरकर ने कहा, "शुरूआती चरण के स्टार्टअप से एक मजबूत बिजनेस बनने तक का सफर आसान नहीं होता।

# सोशल मीडिया से ठगी करने वाले दो शातिर गिरफ्तार

**मथुरा।** सोशल मीडिया से ठगी करने वाले दो शातिरों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थाना गोवर्धन और थाना बरसाना क्षेत्र से एक एक शातिर को गिरफ्तार किया गया। थाना बरसाना पुलिस ग्राम कामा बार्डर पर बने द्वार के करीब से हक्कू उर्फ हकमुद्दीन पुत्र हारुन निवासी भण्डारा थाना जुरहेरा जिला डीग राजस्थान को गिरफ्तार किया। जिसके कव्जे से दो पीली धातु के कटे हुये टुकडे कुल वजन 640 ग्राम, एक छैनी, एक मोबाइल, दो सिम कार्ड, तीन फर्जी आधार कार्ड बरामद किये हैं। वहीं थाना गोवर्धन पुलिस देवसेरस मडौरा बम्बे वाली रोड पर बनी पिलवा वाली पुलिया से अनिल पुत्र रमेश निवासी ग्राम देवसेरस थाना गोवर्धन को गिरफ्तार किया।

# बेटा-बेटी की सोच को हमें छोड़ना होगा: आनंदीबेन पटेल

## राज्यपाल पहुंची वाराणसी,जीवन रक्षा वैक्सीन का किया शुभांरभ,छात्राओं से किया संवाद

**टीम एक्शन इंडिया**
**वाराणसीः उत्तर** प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल बुधवार को वाराणसी पहुंची। वाराणसी दौरे में राज्यपाल ने शिवपुर स्थित कस्तूरबा गांधी विद्यालय परिसर में आयोजित जीवन रक्षा एच.पी.वी.(ह्यूमन पैपीलोमा वायरस ) वैक्सीन अभियान का शुभांरभ किया। सर्वाइकल कैंसर जागरूकता शिविर में राज्यपाल ने छात्राओं से संवाद किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि सरकार का ध्यान महिलाओं के उत्थान पर है। महिलाओं के स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने गुजरात में अपने मुख्यमंत्री के कार्यकाल में इस दिशा में किए गए कार्यों का खासतौर पर उल्लेख किया। उन्होंने जन्मजात विकृति तथा कटे होठों के इलाज के लिए किए गये प्रयासों को भी बताया। उन्होंने बताया कि इस अभियान की शुरूआत राजभवन में रहने वाले लोगों के बच्चियों में टीकाकरण से हुई।





राज्यपाल ने बताया कि इस योजना से काशी की 9 से 14 वर्ष की अस्सी हजार बच्चियों को लाभ होगा, जिससे हमारी बच्चियां स्वस्थ एवं सशक्त होते हुए समाज को भी सशक्त करेंगी। उन्होंने कहा कि सभी का ध्यान बेटियों,महिलाओं के प्रति होना चाहिये। हम उनको सशक्त बनाते हुए अपने भविष्य के खर्च को 50 प्रतिशत तक कम कर सकते हैं। उन्होंने महिलाओं से भी अपने प्रति स्वतः ध्यान रखने को कहा। राज्यपाल ने कहा कि आपका स्वास्थ्य बढ़िया होगा तभी आप अपने बच्चों को देखभाल कर पायेंगी। बेटा-बेटी की सोच को हमें छोड़ना होगा, हमें बेटा-बेटी के बीच के भेदभाव को त्यागना होगा। उन्होंने कहा कि 22 वर्ष तक की बच्चियों को भी हम टीकाकरण दे सकते है। उन्होंने सभी से अपने आस-पास रहने वाली बच्चियों को भी इस टीकाकरण अभियान से जोड़ने को कहा।

ऐसे कार्यों में उन्होंने समाज से भी बढ़चढ़ कर भागीदारी की अपील की। उन्होंने डॉक्टरों, युवाओं को अनुसंधान करने के लिए प्रेरित किया और बताया कि किस तरह कोरोना वैक्सीन हमारे वैज्ञानिकों ने बनायी। उन्होंने अनुसंधान के क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के किए जा रहे कार्यों की जमकर सराहना की। इसके पहले कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ छात्राओं ने उनका स?वागत किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य, मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा, जिलाधिकारी एस राजलिंगम, मुख्य विकास अधिकारी सहित अन्य अफसर भी मौजूद रहे।

# गैंग लीडर फरमान ने मुठभेड़ के दौरान पुलिस को दिया चकमा

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा।** एसओजी टीम एवं थाना फरह पुलिसह्ल की संयुक्त टीम ने फरमान गैंग के सक्रिय शातिर बदमाश आमिर पुत्र शेर मौहम्मद उर्फ शेरा निवासी सुखदेव नगर थाना कोतवाली जिला मथुरा व मोनू मौहम्मद पुत्र मौहम्मद रफीक पूर्व पता मकान किराया मुस्तफाबाद भजनपुरी के पास पुरानी दिल्ली हाल निवासी मकान किराया बंगाली मस्जिद के पास नसबंदी कालौनी लोनी जिला गाजियाबाद को दीनदयाल गौ विज्ञान अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केन्द्र गेट के पास नाला फरह ओल रोड थाना क्षेत्र फरह



मथुरा से पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से असलाह कारतूस व मोटर साइकिल बरामद हुई है। बदमाश आमिर पैर में गोली लगने से घायल हुआ है। घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। जबकि फरमान पुत्र शेर मोहम्मद निवासी सुखदेव नगर सौख रोड थाना कोतवाली जिला मथुरा मुठभेड़ के दौरान अंधेरे का लाभ उठा कर भाग निकला। इनके कब्जे से दो तमंचा, चार कारतूस जिन्दा, चार खोखा कारतूस, एक मोटरसाइकिल स्पलेंडर रंग काला बिना नंबर की बरामद हुई है। फरार बदमाश फरमान के विरूद्ध विभिन्न मथुरा जनपद के विभिन्न थानों में 18 आपराधिक मामले दर्ज होने की जानकारी पुलिस ने जुटाई है। जिनमें गैंगस्टर एक्ट अभियोग थाना हाइवे में दर्ज हुआ है।

# महाकुम्भ परेड ग्राउण्ड स्थित त्रिवेणी बाजार में दुकानों का आवंटन 19 से

**प्रयागराजः महाकुम्भ** मेला में परेड ग्राउण्ड स्थित त्रिवेणी बाजार में खुली बोली के माध्यम से दुकानों के आवंटन हेतु रजिस्ट्रेशन 19 से प्रारम्भ होकर 22 दिसम्बर तक किया जा सकता है। यह जानकारी अपर मेलाधिकारी दयानन्द प्रसाद ने देते हुए बताया है कि रजिस्ट्रेशन अस्थायी मेला प्राधिकरण कार्यालय स्थित काउण्टर पर उपस्थित होकर कराया जा सकता है। रजिस्ट्रेशन के समय दुकानदार-फर्म का वैध आईडी प्रूफ जमा करना अनिवार्य होगा। एक दुकानदार-फर्म द्वारा मात्र एक दुकान के लिए रजिस्ट्रेशन किया जा सकेगा एवं एक दुकान के लिए 20,000 रुपये की जमानत धनराशि रजिस्ट्रेशन के समय जमा करनी होगी।

# नगर विकास मंत्री से मिले गोवर्धन क्षेत्र के चेयरमैन



**टीम एक्शन इंडिया**
**मथुराः नगरीय विकास** योजनाओं को लेकर गोवर्धन क्षेत्र के नगर पंचायत के चेयरमैन का प्रतिनिधिमंडल लखनऊ में नगर विकास मंत्री एके शर्मा से मिला। गोवर्धन के विधायक ठाकुर मेघश्याम सिंह के साथ गोवर्धन नगर पंचायत चेयरमैन प्रतिनिधि मनीष लंबरदार चेयरमैन सौंख योगेश लंबरदार व राधाकुंड चेयरमैन प्रतिनिधि विकास तंवर ने नगर विकास मंत्री एके शर्मा से मुलाकात कर विकास योजनाओं के लिए धनराशि आवंटित करने का अनुरोध किया ।चेयरमैन प्रतिनिधि मनीष लंबरदार ने विकास योजनाओं के साथ साथ गोवर्धन कस्बा की इंदिरा कॉलोनी में मकानों के ऊपर से जा रही हाइ टेंशन लाइन से नागरिकों को हो रही समस्या एवं खतरे की आशंका का हवाला देते हुए लाइन को हटवाने की मांग की।और चेयरमैन प्रतिनिधि ने कहा कि लोग विद्युत कनेक्शन को दर दर घूम रहे है मगर नई कालोनियों का हवाला देकर लोगों को नए कनेक्शन नहीं दिए जा रहे ।जबकि उन्हीं के आस पास के मकानों में विद्युत कनेक्शन है। चेयरमैन प्रतिनिधि मनीष लंबरदार ने कस्बा के आस पास बसी नवीन कॉलोनियों में निवास कर रही आबादी में मकानों को नए विद्युत संयोजन दिलाने की मांग रखी। वहीं सौंख चेयरमैन योगेश लंबरदार व राधाकुंड चेयरमैन प्रतिनिधि विकास ने नगरीय निकाय में विभिन्न योजनाओं में धनराशि दिलाने का अनुरोध किया। गोवर्धन विधायक ठाकुर मेघश्याम सिंह ने नगर विकास मंत्री ए के शर्मा से गोवर्धन के धार्मिक महत्व का हवाला देते हुए तीनों नगर पंचायतों को विकास योजनाओं में धनराशि स्वीकृति करने का अनुरोध किया।

# नगर निगम सुनिश्चित कर रहा है ठंड से न हो किसी की मौत

## नगर निगम के 13 रैन बसेरों में 286 बैड की व्यवस्था की गई है

**लोकेश चौधरी**
**मथुर। नगर** निगम मथुरा वृंदावन यह सुनिश्चित करने में जुटा है कि ठंड से किसी अभाव ग्रस्त व्यक्ति की मौत न हो। इसके लिए नगर निगम की सीमा में ऐसे स्थानों पर 13 रैन बसेरों की व्यवस्था की गई है जहां लोगों का ठहराव रात के समय रहता है। इन 13 रैन बसेरों में 268 बैड की व्यवस्था की गई है। साथ ही इन में रूकने वाले लोगों को ठंड से बचाने के लिए जरूरी इंतजाम भी किये गये हैं। नगर निगम को इस दृष्टि से चार जोन में बांटा गया है और हर जोन की जिम्मेदारी एक अधिकारी को सौंपी गई है। रात





के समय नगर आयुक्त शशांक चौधरी ने नगर निगम के रैन बसेरों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अनिल कुमार अपर नगर आयुक्त, कल्पना सिंह चौहान सहायक नगर आयुक्त, मोहम्मद अनवर ख्वाजा महाप्रबंधक जल, अमरेंद्र गौतम प्रभारी मुख्य अभियंता सिविल, क्षेत्रीय स्वास्थ्य अधिकारी महेश चंद्र आदि निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त के साथ रहे। रैन बसेरा का नाम और क्षमता

नगला कोल्हू स्थाई 106, बंगाली घाट स्थाई 10, भूतेश्वर रेलवे स्टेशन स्थाई 10, अटल्ला चुंगी स्थाई 10, परशुराम पार्क स्थाई 10, मथुरा जंक्शन गेट 1 अस्थाई 15, मथुरा जंक्शन गेट 3 अस्थाई 15, भूतेश्वर तिराहा अस्थाई 15, लक्ष्मण शहीद स्मारक अस्थाई 20, गोवर्धन चौराहा अस्थाई 15, जिला अस्पताल अस्थाई 15, कालीदह के पास अस्थाई 25, नया बस अड्डा अस्थाई 20 बैड।

# खीरी में 19 केंद्रों पर होगी पीसीएस प्री परीक्षा, 7596 अभ्यर्थी होंगे शामिल

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखीमपुर खीरी**
**लोक** सेवा आयोग की तरफ से आयोजित पीसीएस प्री की लिखित परीक्षा 22 दिसंबर को जिले के 19 केंद्रों पर दो पाली में होगी। इसमें कुल सात हजार पांच सो छियानवे अभ्यर्थी शामिल होंगे। प्रथम पाली सुबह 9:30 से 11:30 बजे तक होगी। प्रवेश सुबह आठ बजे होगा तथा द्वितीय पाली दोपहर 2: 30 बजे से 4:30 बजे तक होगी। प्रवेश एक बजे से होगा। परीक्षा समय से 45 मिनट पूर्व गेट बंद हो जाएगा। पीसीएस एग्जाम की तैयारी को लेकर बुधवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कलेक्ट्रेट सभागार में सेक्टर, स्टैटिक, जोनल मजिस्ट्रेट एवं केंद्र व्यवस्थापकों के साथ बैठक की। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि लोक सेवा आयोग के निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। आयोग द्वारा प्रतिबंधित सामग्री कोई भी अभ्यर्थी परीक्षा केंद्र के अंदर लेकर न जाने पाए। सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने-अपने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर सभी जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। डीएम ने स्टैटिक एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिया कि परीक्षा के जो नियम और शर्तें हैं, उनके अनुरूप ही परीक्षा कराई जाए।

किसी भी स्तर पर हुई छोटी गलती भी अक्षम्य होगी। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी संज्ञान में आई तो व्यक्तिगत रूप से जवाबदेही जिम्मेदार अधिकारियों की होगी। सभी स्टेटिक एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक व केन्द्र सहायक पहले ही यह देख लें कि किसी भी केंद्र पर कोई कमी न रह जाए।

# विधानसभा घेरने जा रहे कांग्रेस नेताओं को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊः उप्र** विधानसभा घेरने के लिए जा रहे कांग्रेस नेताओं को पुलिस ने हिरासत में लेकर अस्थाई रुप से इकोगार्डन में बनाये गये जेल भेज दिया। कांग्रेस नेता जैसे ही तय समय पर प्रदेश कार्यालय से विधानसभा घेराव करने के लिए निकले, वैसे ही पुलिस अधिकारियों ने प्रदेश कार्यालय पर ही उन्हें रोक लिया। इसके बाद काफी देर तक तूं-तूं, मैं-मैं हुई। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय और राष्ट्रीय महासचिव व उप्र प्रभारी अविनश पांडेय ने कहा कि सरकार प्रशासन के दम पर लोकतंत्र का गला घोंट रही है। यहां किसी को आवाज उठाने की भी इजाजत नहीं है। उधर दूसरी तरफ यूपी कांग्रेस के विधानसभा घेराव को लेकर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने चुटकी ली है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और सपा में फूट हो चुकी है। संभल मामले में भी दो धड़ों में सपा और कांग्रेस बंटे नजर आ रहे हैं। सपा और कांग्रेस दोनों जनाधार खो चुके हैं। इनको जनता भी समझ चुकी है। आने वाले चुनाव में ये शून्य पर सिमट जाएंगे। उधर, कांग्रेस के प्रदर्शन को लेकर विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में हमें अपनी बात रखने और प्रदर्शन करने का अधिकार है।

# ग्रामीण क्षेत्र में स्वच्छता को जन आंदोलन बनाने की तैयारी

## ग्राम पंचायत सचिव, खंड प्रेरक और पंचायत सहायक को दिया गया दो दिवसीय प्रशिक्षण

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा।** पेप्सिको फाउंडेशन, नगर निगम मथुरा वृंदावन और प्लान फाउंडेशन के सहयोग से पूर्ण परियोजना के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिला नगरीय विकास अभिकरण से कम्युनिटी रिसोर्स पर्संस, सफाई निरीक्षक, ग्राम पंचायत सचिव, खंड प्रेरक और पंचायत सहायक का सक्रिय योगदान रहा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य स्वच्छता और सार्वजनिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में जागरूकता बढ़ाना था। नगर निगम मथुरा वृंदावन के नगर आयुक्त शशांक चौधरी ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में भाग लिया और उपस्थित सभी प्रतिभागियों को स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता की महत्वता और इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे में विस्तार से जानकारी दी। नगर आयुक्त ने बताया कि इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम न केवल सामुदायिक जागरूकता बढ़ाने में सहायक हैं, बल्कि यह स्वच्छता के प्रयासों को जन जन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाते हैं। इस कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षण सत्रों का आयोजन किया गया, जिसमें स्वच्छता के बेहतर तरीकों, सफाई के नियमों, और स्वच्छ भारत मिशन के उद्देश्यों पर गहन चर्चा की गई। सभी प्रतिभागियों ने कार्यक्रम में उत्साह के साथ भाग लिया और अपनी समस्याओं और समाधानों को साझा किया। पूर्ण संस्था और इसके साझेदारों का मानना है कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम न केवल स्थानीय स्तर पर स्वच्छता और स्वास्थ्य के मानकों को सुधारने में मदद करते हैं।




# सीएम भजनलाल ने दी विकास की सौगातें

## अमर क्रांतिकारी बारहठ बंधुओं की प्रतिमाओं पर त्रिमूर्ति स्मारक में श्रद्धांजलि अर्पित की।

**लेखा-जोखा**

**मुख्यमंत्री ने अपनी सरकार के एक वर्ष के कार्यकाल का लेखा-जोखा जनता के सामने रखा**



**टीम एक्शन इंडिया**

**भीलवाड़ा। मुख्यमं**त्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को शाहपुरा में विकास कार्यों की नई सौगातें दीं। उन्होंने महाराणा प्रताप स्मारक और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्मारक का लोकार्पण कर उन्हें राष्ट्र को समर्पित किया। इसके साथ ही अमर क्रांतिकारी बारहठ बंधुओं की प्रतिमाओं पर त्रिमूर्ति स्मारक में श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने राजकीय महाविद्यालय में आयोजित जनसभा में अपनी सरकार के एक वर्ष के कार्यकाल का लेखा-जोखा जनता के सामने रखा। इस सभा में आठ हजार से अधिक लोग शामिल हुए। उन्होंने शाहपुरा विधायक डॉ. लालाराम बैरवा को उनके जन्मदिन के अवसर पर मंच पर ही दुपट्टा ओढ़ाकर और गुलदस्ता भेंट कर बधाई दी। हेलीपैड पर मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत किया गया। शाहपुरा विधायक डॉ. बैरवा ने उन्हें मेवाड़ी पगड़ी पहनाई, जबकि नगर परिषद सभापति रघुनंदन सोनी ने महाराणा प्रताप के जीवन पर आधारित फड़ चित्र भेंट किया। मुख्यमंत्री को नगर परिषद की ओर से 51 किलो की माला पहनाकर सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में शाहपुरा के विकास को प्राथमिकता देने की बात कही। उन्होंने बताया कि ट्रॉमा सेंटर, खेल अकादमी, तैराकी एकेडमी, ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस हाईवे, और आसोप वन संरक्षण परियोजनाओं पर काम तेजी से जारी है। उन्होंने शाहपुरा को एक प्रगतिशील और विकसित क्षेत्र के रूप में उभारने का वादा किया। प्रदेश की योजनाओं का जिक्र मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश में हो रहे विकास कार्यों की प्रशंसा करते हुए ईआरसीपी पीकेसी योजना के तहत जल संसाधनों में क्रांति लाने की बात कही। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने जनता को गुमराह किया और भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया।

भाजपा सरकार ने वादों को जमीन पर उतारकर दिखाया है। शाहपुरा विधायक डॉ. लालाराम बैरवा ने अपने कार्यकाल में पूरे किए गए विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए ट्रॉमा सेंटर, खेल स्टेडियम, तैराकी एकेडमी और आसोप वन अभ्यारण्य को मील का पत्थर बताया। नगर परिषद सभापति रघुनंदन सोनी ने भी विकास कार्यों में सहयोग देने की बात कही। जनता से अपील मुख्यमंत्री ने डेढ़ घंटे के शाहपुरा दौरे के दौरान जनता से राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की और अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाने का आह्वान किया। सभा के बाद उन्होंने पुष्कर के लिए प्रस्थान किया। उनकी इस यात्रा ने शाहपुरा के विकास को नई उम्मीदें और योजनाओं का आश्वासन दिया।

## प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस नेताओं पर पानी की बौछारें,

**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर: कांग्रेस कार्यकर्ताओं** ने पार्टी नेतृत्व के आह्वान पर बुधवार को राजधानी जयपुर के शहीद स्मारक पर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा शहीद स्मारक से राजभवन तक पैदल मार्च भी निकालने का प्रयास किया गया, लेकिन पुलिस ने बेरिकेड लगाकर कार्यकताओं को रोक लिया। इसके बाद कांग्रेस के कार्यकताओं की पुलिस से झड़प हो गई। पुलिस ने वाटर कैनन का इस्तेमाल कर भीड़ को तितर-बितर किया। धरना-प्रदर्शन में अशोक गहलोत, सचिन पायलट, गोविंद सिंह डोटासरा, टीकाराम जूली सहित कांग्रेस के सभी बड़े नेता मौजूद रहे। शहीद स्मारक से राजभवन तक पैदल मार्च के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने डोटासरा और पायलट को कंधों पर उठा लिया। इसके बाद बैरिकेडिंग के पास जमकर नारेबाजी की और कार्यकताओं ने राजभवन कूच करने की कोशिश की। लेकिन कार्यकर्ताओं और नेताओं को बैरिकेडिंग कर रोका। उसके बाद वाटर कैनन से पानी की बौछार की गई। जैसे ही कांग्रेस के कार्यकर्ता राजभवन की ओर मार्च करने के लिए आगे बढ़े तो पुलिस ने उन्हें शहीद स्मारक पर ही रोक लिया। इस दौरान कांग्रेस की महिला कार्यकर्ता शमा खान और अन्य कार्यकर्ताओं की पुलिस से धक्का-मुक्की हो गई। शमा खान इस दौरान बेहोश हो गईं। उन्हें पानी पिला कर साथी कार्यकर्ताओं और पुलिस ने संभाला। शहीद स्मारक पर प्रदर्शन के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राहुल गांधी ने आवाज उठाई, जो कुछ भी उद्योगपति अडानी को दिया जा रहा है, वह सही है क्या?

# यति गिरि ने मुख्यमंत्री धामी को लिखा रक्त से पत्र, विश्व धर्म संसद की मांगी अनुमति



**धर्म संसद**

**व्यथित होकर उनकी पीड़ा को दुनिया भर तक पहुंचाने के लिए विश्व धर्म संसद का आयोजन कर रहे हैं**

**टीम एक्शन इंडिया**

**हरिद्वार: श्रीपंचदशनाम जूना** अखाड़े के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरि महाराज ने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की धमकी से त्रस्त होकर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी को रक्त से पत्र लिखा। पत्र में उन्होंने लिखा कि वह और उनके कुछ साथी बांग्लादेश, पाकिस्तान सहित भारत में हिंदुओं के चल रहे नृशंस नरसंहार से व्यथित होकर उनकी पीड़ा को दुनिया भर तक पहुंचाने के लिए माया देवी मंदिर श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े में 19 से 21 दिसंबर को विश्व धर्म संसद का आयोजन कर रहे हैं। हमारा यह आयोजन किसी सार्वजनिक स्थान पर नहीं बल्कि हमारे अखाड़े के मुख्यालय पर हो रहा है। यह कोई भीड़ एकत्रित करके शक्ति प्रदर्शन करने का कोई राजनैतिक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि सीमित संख्या में संतों और प्रबुद्ध नागरिकों का एक छोटा सम्मेलन है। मंदिर के अंदर होने वाले ऐसे किसी कार्यक्रम के लिए कोई अनुमति की आवश्यकता नहीं है परन्तु हरिद्वार के प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी शायद हिंदुओं को दोयम दर्जे का नागरिक मानते हैं और हम पर इसके लिए अनुमति मांगने का दबाव बना रहे हैं। उन्होंने लिखा कि वह मुख्यमंत्री से जानना चाहते हैं कि क्या मस्जिद, चर्च या गुरुद्वारे में ऐसे किसी आयोजन के लिए कभी कोई अनुमति मांगी गई या कभी प्रदान की गई है? फिर हम पर ही क्यों ये दबाव बनाया जा रहा है। क्या सरकार और सरकारी अधिकारियों की नजर में हिंदुओं के मंदिरों की हैसियत मस्जिदों, चर्चों या गुरुद्वारों से कम है? क्या अब हिंदुओं को अपने धर्म बंधुओं की नृशंस हत्याओं पर रोने के लिए भी सरकार की अनुमति की जरूरत पड़ेगी।

उन्होंने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि यह बहुत जरूरी है तो उन्हें बांग्लादेश पाकिस्तान सहित भारत में अपने धर्म बंधुओं के नृशंस नरसंहार पर विलाप करने के लिए 19 से 21 दिसंबर को माया देवी मंदिर श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े में विश्व धर्म संसद आयोजित करने की अनुमति प्रदान करें।

उन्होंने इस पत्र की प्रतिलिपि हरिद्वार जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक व सिटी मजिस्ट्रेट को भी भेजी है।

महायज्ञ स्थल पर महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी महाराज के साथ विश्व धर्म संसद की मुख्य संयोजक डॉ उदिता त्यागी, स्वामी महाकाल गिरी, पंडित अधीर कौशिक, आचार्य पवन कृष्ण शास्त्री, सहदेव भगत के साथ साधु-संत भी उपस्थित थे।



मध?य प्रदेश में सर्दी ने तोड़े रिकार्ड, पचमढ़ी की रात शिमला से भी ज्यादा ठंडी, आज शीतलहर-कोहरे का अलर्ट।

# रीट-2024 के लिए आवेदन शुरू, सावधानी जरूरी

**अजमेर: राजस्थान मा**ध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से रीट-2024 के लिए आवेदन प्रक्रिया सोमवार से शुरू हो गई। आवेदन करते समय अभ्यर्थियों को फोटोग्राफ और व्यक्तिगत जानकारी में पूरी सावधानी बरतनी होगी। बोर्ड ने निर्देश दिए हैं कि अपलोड किया जाने वाला पासपोर्ट साइज फोटो आवेदन की तारीख से तीन माह से अधिक पुराना नहीं होना चाहिए। आवेदन पत्र में अपलोड किए गए फोटो और परीक्षा के दिन अभ्यर्थी की वास्तविक स्थिति (जैसे दाढ़ी में या क्लीन शेव) समान होनी चाहिए।

यदि अभ्यर्थी चश्मा पहनते हैं, तो चश्मा लगाकर फोटो खिंचवाना अनिवार्य है। काले चश्मे के साथ खिंचवाया गया फोटो मान्य नहीं होगा। रीट-2024 के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 15 जनवरी 2025 है, जबकि परीक्षा 27 फरवरी को आयोजित होगी। मंगलवार शाम तक 5957 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। इनमें लेवल-1 के लिए 1722, लेवल-2 के लिए 4235, और दोनों लेवल के लिए 125 अभ्यर्थी शामिल हैं।

# 13 वर्षीय मासूम का अपहर करने वाले तीन आरोपित गिरफ्तार

**रायसेन।** रायसेन जिले में थाना बरेली क्षेत्र के ग्राम महेश्वर में 13 वर्षीय नाबालिग के अपहरण और फिरौती की घटना में शामिल तीन आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर नाबालिग को सकुशल बरामद किया है। इस कार्रवाही में पुलिस की टीम ने रातभर मेहनत कर मात्र 10 घंटे के भीतर ही आरोपितों को पकड़ा है। पुलिस के अनुसार घटना 16 दिसंबर की रात लगभग 9 बजे की है, जब नाबालिग बालक को बरेली में ट्यूशन से लौटते समय अज्ञात बदमाशों ने अपहरण कर लिया।

# श्रद्धालुओं-पर्यटकों को 300 बेड वाली डीलक्स डॉर्मेटरी में मिलेंगी सुविधाएं

**उच्चस्तरीय**

**महाकुम्भ मेला क्षेत्र में टेंट बेस्ड डीलक्स डॉर्मेटरी अकॉमोडेशन सुविधा उपलब्ध कराने पर हो रहा काम**

**टीम एक्शन इंडिया**

**महाकुम्भनगर: ती**र्थराज प्रयागराज की संगम नगरी में महाकुम्भ-2025 महापर्व के आयोजन को अब कुछ दिन ही शेष बचे हैं, ऐसे में योगी सरकार सारी तैयारियों को पुख्ता बनाने के कार्य में तेजी ला रही है। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग तथा उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड (यूपीएसटीडीसी) द्वारा मेला क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर तीर्थयात्रियों व पर्यटकों के लिए टेंट सिटी की स्थापना की जा रही है। इसी क्रम में, अब यूपीएसटीडीसी द्वारा टेंट बेस्ड डीलक्स अकॉमोडेशन फैसिलिटी में इजाफा करते हुए अब महाकुम्भ मेला क्षेत्र में 300 बेड युक्त डॉर्मेटरी की स्थापना के कार्य को जल्द ही गति दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि इस 300 बेड वाली डीलक्स डॉर्मेटरी के अंतर्गत कुल 50 टेंटों की स्थापना होगी। इसमें से 4 बेड युक्त 20 टेंट, 6 बेड युक्त 10 टेंट तथा 8 बेड युक्त 20 टेंट्स की स्थापना होगी। महाकुम्भ मेला क्षेत्र में सीएम योगी की मंशा के अनुसार जिन टेंट सिटी का निर्माण व संचालन किया जा रहा है।

**महाकुम्भ** संगम क्षेत्र में पिण्ड दान और अस्थि पूजन करवाने के अधिकारी हैं तीर्थ पुरोहित प्रयागवाल

# मुक्ति का मार्ग दिखाते हैं प्रयागराज के तीर्थपुरोहित प्रयागवाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**महाकुम्भनगर। ती**र्थराज प्रयागराज का नाम आते ही हमारी स्मृति में त्रिवेणी संगम और महाकुम्भ का नाम आता है। लेकिन प्रयागराज के संगम तट और महाकुम्भ की परंपरा से अविच्छिन्न रूप से जुड़े हुये हैं यहां के तीर्थपुरोहित। प्रयागराज के तीर्थपुरोहित जिन्हें प्रयागवाल या स्थानीय बोली में पंडा भी कहा जाता है। मोक्षदायक तीर्थराज प्रयाग में मृत्यु से मुक्ति का मार्ग, यहां के तीर्थपुरोहित प्रयागवाल ही दिखाते हैं। सनातन परंपरा और पौराणिक मान्यता के अनुसार मृत्यु के बाद पितरों की मुक्ति संगम क्षेत्र में अस्थि पूजन और पिण्ड दान के बाद ही होती है। सनातन परंपरा प्रयागराज के संगम तट पर पूजन-अर्चन का अधिकार यहां के तीर्थपुरोहित प्रयागवालों को ही प्रदान करती है। प्राचीन काल से संगम तट पर पूजन करवाने और माघ तथा महाकुम्भ मेले में श्रद्धालुओं को कल्पवास करवाने का कार्य प्रयागवाल तीर्थपुरोहित ही करते आ रहे हैं। संगम क्षेत्र में पिण्ड दान और अस्थि पूजन करवाने के अधिकारी हैं तीर्थ पुरोहित प्रयागवाल




प्रयागराज में त्रिवेणी संगम के तट पर स्नान-दान और महाकुम्भ के आयोजन का इतिहास बहुत प्राचीन है। प्रयागराज को सनातन परंपरा में सभी तीर्थों में श्रेष्ठ तीर्थराज कहा गया है। प्रयागराज को पौराणिक मान्यता अनुसार मोक्षदायनी सप्तपुरियों का राजा माना गया है। प्रयागराज में अस्थिदान और पिण्डदान पूजन का विशेष महात्म हमारे प्राचीन ग्रंथों में वर्णित है। मृतक पूर्वजों के बिना अस्थि पूजन और पिण्डदान के पितरों को मुक्ति नहीं मिलती।

प्रजापत्य व्यवस्था के अनुरूप प्रयागराज के संगम क्षेत्र में अस्थि पूजन और पिण्डदान करवाने का अधिकार प्रयागवाल तीर्थपुरोहितों का ही है। तीर्थपुरोहितों की परंपरा के बारे में बताते हुए संगम क्षेत्र के तीर्थपुरोहित राजेश्वर गुरु बताते हैं कि वर्षों से चली आ रही परंपरा और आपसी सहमति के आधार पर तीर्थ पुरोहितों के घाट और क्षेत्रवार यजमान भी बंटे हुए हैं। अपने क्षेत्र के यजमानों के पितरों का अस्थि पूजन, पिण्ड दान उनके तीर्थपुरोहित ही करवाते हैं। पहले प्रयाग फिर काशी और अंतिम तौर पर गया में पिण्डदान का पूजन होता है।

